राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# दैनिक बुलन्द संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ऋचा चड्ढा ने बयां किया करियर का...



आप सरकार मार्च में पेश करेगी... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 24 फरवरी 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 353, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# नमो भारत से बदलेगी दिल्ली की रफ्तार

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर के उद्घाटन के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता की ओर से माननीय प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रविवार को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा भारत की पहली 'नमो भारतइ आरआरटीएस सेवा का उद्घाटन और संपूर्ण दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया जाना, दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह परियोजना न केवल आधुनिकतम तकनीक पर आधारित है, बल्कि दिल्लीवासियों की यात्रा को तेज, सुरक्षित और अत्यंत आरामदायक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी का जताया आभार**

मुख्यमंत्री ने बताया कि नमो भारत कॉरिडोर देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण है और दिल्ली को मिली यह सौगात हम सभी के लिए गर्व और आनंद का विषय है। यह अत्याधुनिक 'नमो भारत कॉरिडोर, जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से मेरठ तक फैला है, प्रतिदिन सैकड़ों हजारों यात्रियों को तेज और विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इससे यात्रियों के लिए यात्रा समय में भारी कटौती होगी और प्रतिदिन आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक सुविधाजनक होगा। साथ ही, सड़कों पर निजी वाहनों की संख्या कम होने के कारण ट्रैफिक जाम में कटौती होने के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का परिवहन क्षेत्र को लेकर विजन स्पष्ट रूप से एकीकृत, आधुनिक और सतत विकास पर आधारित है। उनका लक्ष्य केवल सड़क, रेल, मेट्रो या हवाई सेवाओं का विस्तार भर नहीं, बल्कि मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के माध्यम से देश के हर क्षेत्र को तेज, सुरक्षित और किफायती परिवहन नेटवर्क से जोड़ना है।



प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक्सप्रेसवे, सेमी-हाई स्पीड रेल, वंदे भारत ट्रेनें, मेट्रो विस्तार, अंतदेर्शीय जलमार्ग और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम जैसे प्रोजेक्ट्स पर तेज गति से काम हुआ है। उनका दृष्टिकोण 'समय की बचत, ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमीइ के सिद्धांत पर आधारित है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिले और आम नागरिक को बेहतर यात्रा अनुभव प्राप्त हो। यह विजन विकसित भारत के निर्माण में परिवहन अवसंरचना को मजबूत आधारशिला के रूप में स्थापित करता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में बढ़ते जनसंख्या दबाव और आवागमन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना का दिल्ली के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। 'नमो भारत कॉरिडोर हमारी राजधानी की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को एक नई ऊर्जा देगा और यात्रियों का समय व संसाधन दोनों बचाएगा। इस परियोजना की सफलता को देश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का प्रमुख उदाहरण बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा, रोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करेगा और क्षेत्रीय समग्र विकास को नई गति प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने फिर एक बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को दिल्ली की ओर से गहन धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहल दिल्ली के लोगों के लिए अमूल्य उपहार है, जिसकी उपस्थिति आने वाली पीढ़ियों के लिए आधारभूत परिवर्तनकारी कदम साबित होगी।

## न्यूज डायरी

### लखनऊ में गिनती में आओः भारत में जनगणना का डाक इतिहास प्रदर्शनी आज से

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार की ओर से राजधानी लखनऊ में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय है गिनती में आओः भारत में जनगणना का डाक इतिहास। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आम नागरिकों को ऐतिहासिक दस्तावेजों से जोड़ते हुए जनगणना के इतिहास को एक नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर प्रदान करना है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 24



फरवरी को दोपहर 12:30 बजे निदेशक जनगणना संचालन एवं नागरिक पंजीकरण शीतल वर्मा द्वारा किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 28 फरवरी तक महानगर विस्तार स्थित शहीद स्मारक भवन में आयोजित होगी। आमजन के लिए यह प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी।इस प्रदर्शनी की विशेषता यह है कि इसमें डाक टिकटों, पोस्टमार्क, पुराने पत्रों और अन्य डाक अभिलेखों के माध्यम से भारत में जनगणना की यात्रा को प्रस्तुत किया जाएगा। सामान्यतः जनगणना को केवल आंकड़ों के रूप में देखा जाता है, किंतु इस आयोजन में यह बताया जाएगा कि जनगणना की प्रक्रिया में डाक विभाग की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वतंत्रता के बाद जनगणना संबंधी सूचनाओं के प्रसार, प्रशिक्षण सामग्री के वितरण और सरकारी संवाद को जन-जन तक पहुंचाने में डाक तंत्र ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की विकास यात्रा की आधारशिला है। डाक टिकटों और अभिलेखीय दस्तावेजों के माध्यम से जनगणना के इतिहास को समझाने का यह प्रयास अनूठा है, जो नई पीढ़ी को प्रशासनिक प्रक्रियाओं और ऐतिहासिक विकासक्रम से परिचित कराएगा।प्रदर्शनी का संयोजन अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. विकास कुमार द्वारा किया गया है। यह आयोजन विशेष रूप से छात्रों, शोधकताओं और इतिहास में रुचि रखने वाले नागरिकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। अभिलेखीय स्रोतों के माध्यम से आधुनिक भारत की संरचना और प्रशासनिक विकास को समझने की नई संभावनाएं इस प्रदर्शनी के जरिए सामने आएंगी।

### फ्रैंकफर्ट प्रवास में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जर्मन उद्योगों को उत्तर प्रदेश में निवेश का दिया आमंत्रण

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने फ्रैंकफर्ट, जर्मनी के प्रवास के दौरान विभिन्न औद्योगिक और शासकीय प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं।प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक मामलों और आर्थिक सहयोग से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों तथा प्रमुख औद्योगिक संस्थानों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से भेंट कर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत-जर्मनी सहयोग को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में उत्तर प्रदेश को एक उभरते वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में प्रस्तुत करते हुए राज्य में विकसित हो रहे औद्योगिक बुनियादी ढांचे, बढ़ते निवेशक विश्वास और विशाल उपभोक्ता बाजार को रेखांकित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने जर्मन कंपनियों को प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण आयोजनों में भागीदारी और दीर्घकालिक औद्योगिक सहयोग के लिए आमंत्रित किया।इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने फ्रैंकफर्ट



एयरपोर्ट क्षेत्र के वरिष्ठ प्रतिनिधियों, केल्स्टरबाख और राउनहाइम के महापौरों तथा क्षेत्रीय नवाचार संगठनों के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। बैठकों में लॉजिस्टिक्स, डाटा सेंटर, नवाचार, औद्योगिक विकास और हवाई अड्डा आधारित आर्थिक गतिविधियों में सहयोग पर सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए समझौता ज्ञापन पर सहमति जताई और जर्मन औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल के उत्तर प्रदेश दौरे को सुगम बनाने पर भी निर्णय लिया।प्रतिनिधिमंडल ने हेसेन राज्य सरकार के प्रतिनिधियों से भी भेंट की, जिसमें द्विपक्षीय निवेश, तकनीकी सहयोग और क्षेत्र-विशिष्ट साझेदारियों पर विचार-विमर्श हुआ। उत्तर प्रदेश की निवेशक-अनुकूल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति तथा चिकित्सा उपकरण, वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, सेमीकंडक्टर, रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वैश्विक क्षमता केंद्र और 660 मेगावाट क्षमता वाले डाटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। वहीं हेसेन की वित्त, रसायन, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में विशेषज्ञता को सराहा गया।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश विशेष रूप से वस्त्र, परिधान, चमड़ा उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर, ग्रेटर नोएडा स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क, बहु-स्थान रसायन एवं औषधि पार्क तथा रक्षा औद्योगिक गलियारे के अंतर्गत रक्षा एवं एयरोस्पेस क्षेत्रों में जर्मन उद्योगों का स्वागत करता है।

# आपका दर्द असहनीय और भविष्य...चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की जनता के लिए पीएम का पैगाम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के लोगों को विधानसभा चुनाव से पहले एक चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि राज्य की मौजूदा हालत देखकर वह "बहुत दुखी" हैं। इस साल होने वाले बड़े चुनावों से पहले राज्य में पार्टी के कार्यकर्ता यह चिट्ठी बांट रहे हैं। चिट्ठी में पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के लोगों को शुभकामनाएं दीं और बताया कि

**मैंने 'किसान सम्मान निधि' के जरिए 52 लाख से ज्यादा किसानों को सीधे पैसे की मदद देकर उनके चेहरों पर मुस्कान लाई है।**

चुनाव के बाद राज्य की किस्मत का फैसला होगा। उन्होंने 'विकसित' पश्चिम बंगाल बनाने का अपना संकल्प भी बताया। "जय माँ काली" के साथ चिट्ठी की शुरूआत करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि बस कुछ ही महीनों में पश्चिम बंगाल की किस्मत का फैसला हो जाएगा। आने वाली पीढ़ी का भविष्य और वह क्या दिशा लेगी, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करेगा। आज मेरे सोनार बांग्ला का सपना



देखने वाला हर युवा, बुजुर्ग और महिला बहुत दर्द में है। उनकी तकलीफ मेरे दिल को दुखाती है। इसलिए, मैंने अपने दिल की गहराइयों से एक संकल्प लिया है - पश्चिम बंगाल को 'विकसित' और समृद्ध बनाने का संकल्प। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि पिछले 11 सालों में देश के लोगों के आशीर्वाद की ताकत से, एनडीए सरकार ने जनता की भलाई और पूरे विकास को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, "किसानों की भलाई से लेकर युवाओं के सपनों को पूरा करने तक, और महिलाओं को मजबूत बनाने से लेकर समाज के हर तबके तक पहुँचने तक, हमारी नीतियों और लगातार कोशिशों के अच्छे नतीजे आज साफ दिख रहे हैं।" अपने लेटर में, प्रधानमंत्री मोदी ने ममता बनर्जी की सरकार पर "बहुत ज्यादा असहयोग" का आरोप लगाया और कहा कि राज्य की किस्मत का फैसला कुछ महीनों में हो जाएगा। राज्य सरकार के असहयोग और विरोध के बावजूद, आज पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग 'जन-धन योजना' के जरिए बैंकिंग सिस्टम से जुड़ चुके हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत राज्य में 85 लाख टॉयलेट बनाए गए हैं।

जहां राज्य की सत्ताधारी पार्टी गरीबों की रोजी-रोटी छीन रही है, वहीं हमने छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को 2.82 लाख करोड़ के लोन देकर मदद का हाथ बढ़ाया है। मुझे 'अटल पेंशन योजना' के तहत 56 लाख सीनियर सिटिजन्स को बुढ़ापे में आत्मनिर्भर बनाने का सौभाग्य मिला है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूँ कि मैंने 'उज्ज्वला योजना' के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों को एलपीजी कनेक्शन देकर माताओं और बहनों को धुएं से आजाद किया है। लेटर में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल के किसान अपने परिवारों का पेट भरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जबकि वे "पूरे देश का पेट भरते हैं"।

# आप भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से चार कदम आगे : नायब सैनी

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में जनता से जो वायदें किए थे वह 4 साल बीत जाने के बाद भी पूरे नहीं हुए है। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त है तथा आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी चार कदम आगे है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को लुधियाना स्थित छट पूजा मैदान में आयोजित पूर्वांचल सम्मान रैली को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री का यहां पहुंचने पर पदाधिकारियों ने भव्य अभिन्नदन किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर पूर्वांचल सम्मान रैली के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि लुधियाना एक प्रसिद्ध औद्योगिक नगरी है और इस मेहनतकश धरती को मैं शीश नवा कर नमन करता हूं। पंजाब गुरुओं की, पीरों की और वीरों की भूमि है। लुधियाना की इस ऐतिहासिक धरती पर, जिसे पंजाब की औद्योगिक राजधानी और भारत का 'मैनचेस्टरइ भी कहा जाता हैं, मुझे आमंत्रित



करने के लिए आप सब का वंदन करता हूं। यह रैली केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि परिवर्तन का संदेश है। पंजाब भारत की आत्मा है। यह सीमाओं का प्रहरी है, खेतों की खुशबू है, ढोल की थाप है, गुरूओं की वाणी है और शोर्य की पहचान है।

# पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय का निधन

**कोलकाता (आरएनएस)।** पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय का निधन हो गया है। रात करीब 2.35 के आसपास निधन हुआ है। मुकुल राय 72 साल के थे। वे लंबे समय से कोलकाता के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती थे। मुकुल रॉय पिछले कुछ महीनों से कोमा में थे। डॉक्टरों ने बताया कि अनुभवी टीएमसी नेता की

**72 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, महीनों से कोमा में थे**

मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। पिछले कुछ सालों में स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण मुकुल रॉय सक्रिय राजनीति से दूर हो गए थे। डॉक्टरों ने 2023 की शुरूआत में पुष्टि की थी कि वे डिमेंशिया और पार्किंसंस बीमारी से जूझ रहे थे। इसके चलते उनके भूलने और शारीरिक क्षमताएं काफी हद तक प्रभावित हुई थीं। ञरूष्ट में वे लंबे समय तक ममता बनर्जी के बाद नंबर-2 माने जाते थे। उन्हें पार्टी का क्राइसिस मैनेजर और रणनीतिकार कहा जाता था। वे चुनावी रणनीति बनाने, संकटों से निपटने और पार्टी को



मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते थे।
2010 के दशक में ञरूष्ट के साथ उनके रिश्ते बिगड़ गए। खासकर शारदा चिटफंड घोटाले जैसे मुद्दों के बाद वह टीएमसी से दूर हो गए। फरवरी 2015 में पार्टी ने उन्हें नेशनल जनरल सेक्रेटरी पद से हटा दिया। सितंबर 2017 में उन्होंने से इस्तीफा दे दिया और नवंबर 2017 में भारतीय जनता पार्टी (क्गछ्वक्क) में शामिल हो गए। हालांकि, जून 2021 में वे फिर ञरूष्ट में फिर लौट आए थे।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में 'बंगाल के चाणक्य कहे जाने वाले मुकुल रॉय के निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। उनके जाने से और बंगाल की राजनीति में एक युग का अंत माना जा रहा है।

पूर्व रेल मंत्री और टीएमसी नेता मुकुल रॉय के निधन पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा, 'वह एक अनुभवी राजनीतिज्ञ थे। केंद्रीय मंत्री भी रहे। भाजपा में आने पर उन्हें बहुत सम्मान दिया गया। 2019 से 2021 तक वह हमारे साथ रहे। बाद में उन्होंने भाजपा छोड़ दी और दोबारा टीएमसी में चले गए। पिछले दो-तीन वर्षों से वह बीमार थे और राजनीति में सक्रिय नहीं थे। मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

**हाईस्कूल की अंग्रेजी परीक्षा में थी ड्यूटी**

# यूपी बोर्ड परीक्षा में अटेंडेंस लगाते-लगाते टीचर की मौतः छात्र की सीट के पास गिरे,फिर नहीं उठे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी करते-करते 55 साल के एक प्राइवेट टीचर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। टीचर की परीक्षा की पहली पाली में ड्यूटी थी। सोमवार सुबह हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की अटेंडेंस लगा रहे थे। उसी दौरान अचानक सीने में दर्द महसूस हुआ, कुछ ही पलों में गिर पड़े। यह देख क्लासरूम में बच्चे सहम गए। बच्चों ने तुरंत कॉलेज स्टाफ को बुलाया। साथी टीचर उन्हें उठाकर आनन-फानन में अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत करार दे दिया।





टीचर की पहचान सुरेंद्र पाल के रूप में हुई है। पूरा मामला शहर के गांधी बाल निकेतन विद्यालय का है। टीचर के हार्ट अटैक की सूचना पर डीआईओएस विनय कुमार भी स्कूल पहुंचे। टीचर के हार्ट अटैक की सूचना पर डीआईओएस विनय कुमार भी स्कूल पहुंचे। अंग्रेजी की परीक्षा में ड्यूटी लगी थी शहर के खवाजजुर मीरपुर के रहने वाले सुरेंद्र पाल सिंह, मुंशीलाल करतार सिंह इंटर कॉलेज में टीचर थे। इन दिनों इलाहाबाद बोर्ड परीक्षा में उनकी गांधी बाल निकेतन विद्यालय में ड्यूटी लगी थी। रविवार सुबह साढ़े 7 बजे 10वीं की अंग्रेजी परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा के दौरान बच्चे शीट पर बैठ चुके थे।

**एक ही बच्चे की अटेंडेंस लगा पाए थे**

जिला विद्यालय निरीक्षक (उक्कडर) विनय कुमार ने बताया- सुरेंद्र पाल सिंह की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी थी। सुबह जब वह ड्यूटी पर आए, तो बिल्कुल स्वस्थ थे। क्लास रूम में उन्होंने एक बच्चे की अटेंडेंस ही लगाई थी कि अचानक खड़े-खड़े गिर पड़े।

उन्हें तत्काल स्कूल का स्टाफ और सेक्टर मजिस्ट्रेट 500 मीटर दूर जिला अस्पताल ले गये। वहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि शुरूआती लक्षण हार्ट अटैक के लग रहे हैं। बाकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का असल कारण स्पष्ट हो सकेगा। सुरेंद्र के बड़े बेटे कपिल कुमार ग्रेटर नोएडा में जॉब करते हैं। सुरेंद्र के बड़े बेटे कपिल कुमार ग्रेटर नोएडा में जॉब करते हैं। बड़ा बेटा ग्रेटर नोएडा में करता है जॉब सुरेन्द्रपाल सिंह के परिवार में पत्नी अनीता देवी के अलावा दो बेटे और दो बेटियां हैं। सबसे बड़ी बेटी हितेश की शादी हो चुकी है। उनसे छोटे कपिल हैं। छोटी बेटी कीर्ति और सबसे छोटा बेटा ध्रुव है। कपिल ग्रेटर नोएडा में ऑटो मोबाइल कंपनी में प्रोडक्शन इंजीनियर हैं। कीर्ति बीएड की पढ़ाई कर रही हैं। छोटा बेटा ध्रुव पॉलिटेक्निक डिप्लोमा कर रहा है। बेटा बोला- स्कूल से पापा के नंबर पर आया था कॉल बड़े बेटे कपिल कुमार ने बताया- पापा रोज की तरह ही घर से सुबह निकले थे। वो पूरी तरह स्वस्थ थे। आज उनका मोबइल घर पर छूट गया था। मैं भी ऑफिस के लिए निकल ही रहा था कि पापा के मोबाइल पर स्कूल स्टाफ ने कॉल कर बताया कि आपके पापा की तबीयत खराब हो गई है, उन्हें जिला अस्पताल लेकर जा रहे हैं। इतने में हम लोग भी अस्पताल पहुंचे। जहॉ डॉक्टरों ने उन्हें मृत करार दे दिया।

**बड़ी सफलता** | जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

# एनकाउंटर में जैश से जुड़े दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दूरदराज चटरू क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के दो आतंकवादी मारे गए। सेना ने बताया कि दोनों आतंकी 'ऑपरेशन त्राशी- के तहत पासेरकुट इलाके में मार गिराए गए। उनके कब्जे से दो एके-47 राइफल सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस, इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य खुफिया स्रोतों से मिले विश्वसनीय इनपुट के आधार पर किश्तवाड़ में संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों को चिन्हित कर उन्हें निष्क्रिय करना था।

सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि प्रारंभिक संपर्क के बाद काउंटर-इंटेलिजेंस फोर्स (सीआईएफ) डेल्टा की टुकड़ियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर रविवार सुबह करीब 11 बजे दुर्गम इलाके में आतंकवादियों से दोबारा मुठभेड़ की। सटीक रणनीति और समन्वित कार्रवाई के बाद सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल पर नियंत्रण स्थापित कर दोनों आतंकवादियों को मार गिराया।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मारे गए दोनों आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित जेईएम संगठन से जुड़े थे। वे पहाड़ियों की तलहटी में



स्थित एक कच्चे मकान में छिपे हुए थे। सुरक्षाबलों की तलाशी टीम के नजदीक पहुंचते ही आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में उन्हें ढेर कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी जारी है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने चटरू के जंगल क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच लगभग आधा दर्जन मुठभेड़ें हुई थीं, जिनमें एक सैनिक और एक आतंकवादी मारा गया था।

रविवार की कार्रवाई के साथ ही इस वर्ष जम्मू क्षेत्र में अलग-अलग अभियानों में सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए जेईएम आतंकवादियों की संख्या छह हो गई है। इससे पहले उधमपुर में दो और कठुआ जिले में एक आतंकवादी को मार गिराया गया था।

# अलायंस क्लब्स इंटरनैशनल के संयुक्त अधिवेशन में नए डीजी व वीडीजी घोषित,सदस्यों का हुआ सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** अलायंस क्लब्स इंटरनेशनल में डिस्ट्रिक्ट 102 एवं डिस्ट्रिक्ट 137 का संयुक्त अधिवेशन आज संपन्न हुआ । प्रेरणा मित्रा व

**इंटरनेशनल प्रेसिडेंट अलाय सुशील कुमार, इंटरनेशनल सेक्रेटरी अलाय काबरा जी, पास्ट इंटरनेशनल प्रेसिडेंट अलाय तृप्ता कौर जुनेजा और इंटरनेशनल डायरेक्टर अलाय मनमीत सिंह ने सभी को अवॉर्ड्स से सम्मानित किया**

सुनीता श्रीवास्तव को डीजी, आशीष त्रिपाठी व रेणु मेंदीरत्ता को वीडीजी 1, अर्चना शंकर व



आशीष राज को वीडीजी 2 एवं बी पी जायसवाल व पद्मा सिन्हा को वीडीजी 3 घोषित किया गया । दोनों ही डिस्ट्रिक्ट्स में सदस्यों को विभिन्न सेवा कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया ।

इंटरनेशनल प्रेसिडेंट अलाय सुशील कुमार, इंटरनेशनल सेक्रेटरी अलाय काबरा जी, पास्ट इंटरनेशनल प्रेसिडेंट अलाय तृप्ता कौर जुनेजा और इंटरनेशनल डायरेक्टर अलाय मनमीत सिंह ने सभी को अवॉर्ड्स से सम्मानित किया । अन्य वरिष्ठ सदस्यों में डॉ एम एस भटनागर, डी एस भटनागर, संजीव भटनागर, डॉ मीना खरे, मंजुला खरे, रचना खरे, दिनेश माथुर, ममता भटनागर, रजत भटनागर आदि उपस्थित रहे ।

# स्टेट वर्किंग कमेटी में डॉ.योगेश सिंघल बने नामित सदस्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** देवरिया स्थित एक पंच सितारा होटल के सभागार में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) उत्तर प्रदेश की स्टेट वर्किंग कमेटी की बैठक में नगर के प्रसिद्ध ईएनटी विशेषज्ञ प्यारेलाल अस्पताल के संचालक डॉ योगेश सिंघल को नामित सदस्य के रूप में शामिल किया गया। संगठन की सक्रिय गतिविधियों में निरंतर सहभागिता और पेशेवर योगदान को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। बैठक के दौरान डॉ योगेश सिंघल ने समाज के अंदर एक डॉक्टर की भूमिकाह्व विषय पर विचार व्यक्त करते हुए चिकित्सक और समाज के बीच पारस्परिक विश्वास, जवाबदेही और नैतिक मानकों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने



कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता केवल तकनीकी दक्षता से नहीं, बल्कि संवेदनशील संवाद और सामाजिक जिम्मेदारी से भी निर्धारित होती है। स्टेट वर्किंग कमेटी में विभिन्न जनपदों से आए सदस्यों ने संगठनात्मक मजबूती, चिकित्सकों की पेशेवर सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर चर्चा की। आईएमए मोदीनगर के अध्यक्ष डॉ योगेश सिंघल ने बताया कि वे पूर्व में भी राज्य स्तर की बैठकों में सक्रिय भूमिका निभाते रही हैं और विभिन्न जनपदों में आयोजित बैठकों में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

# हुसैनाबाद ट्रस्ट की परंपराओं की बहाली को लेकर अफहाम-ए-जमा सोसाइटी की मांगें तेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** अफहाम-ए-जमा सोसाइटी, जो पिछले 22 वर्षों से जनहित के कार्यों में सक्रिय एक सेवा संस्था है, ने हुसैनाबाद एवं एलाइड ट्रस्ट की पारंपरिक धार्मिक गतिविधियों की बहाली को लेकर अपनी मांगें सार्वजनिक की हैं। सोसाइटी ने कहा कि हुसैनाबाद एंड एलाइड ट्रस्ट एक ऐतिहासिक धार्मिक ट्रस्ट है, जिसकी स्थापना नवाबीन-ए-अवध ने हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की याद में की थी, ताकि उनके नाम पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संपन्न कराए जा सकें।

सोसाइटी के अनुसार, ट्रस्ट के अंतर्गत मोहर्रम के दौरान पहली मोहर्रम का शाही जरी का जुलूस, सातवीं मोहर्रम की शाही मेहंदी का जुलूस तथा दसवीं मोहर्रम (यौमे आशूरा) का शाही जरी का जुलूस पारंपरिक रूप से निकाला जाता रहा है। वर्तमान में पहली और सातवीं मोहर्रम के जुलूस तो



आयोजित किए जा रहे हैं, लेकिन दसवीं मोहर्रम का शाही जरी जुलूस लंबे समय से नहीं निकाला जा रहा है, जिससे अकीदतमंदों में निराशा है।

**प्रमुख मांगें**

1. दसवीं मोहर्रम (यौमे आशूरा) के दिन छोटे इमामबाड़े से हुसैनाबाद ट्रस्ट की शाही जरी को जुलूस के साथ उठवाकर सम्मानपूर्वक दफन कराया जाए।

2. बादशाह मोहम्मद अली शाह बहादुर द्वारा बनवाए गए 72 तोले सोने के अलम मुबारक को, जो वर्तमान में स्टेट बैंक, लखनऊ के लॉकर में सुरक्षित है, नौ मोहर्रम को पूर्व की भांति छोटे इमामबाड़े में सजाया जाए, ताकि जायरीन अलम मुबारक की जियारत कर सकें।

3. हुसैनाबाद क्षेत्र में प्रस्तावित हैरिटेज म्यूजियम का नाम नवाब आसिफउद्दौला हैरिटेज म्यूजियम रखा जाए, जिससे अवध की ऐतिहासिक विरासत को उचित सम्मान मिल सके।

सोसाइटी ने प्रशासन और संबंधित ट्रस्ट प्रबंधन से अपील की है कि धार्मिक भावनाओं और ऐतिहासिक परंपराओं का सम्मान करते हुए इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि मोहर्रम के अवसर पर पुरानी परंपराएं पुनः बहाल हो सकें और श्रद्धालुओं की आस्था को संबल मिल सके।

# कुन्दरकी में संत शिरोमणि,संत गाडगे की जयंती समारोह का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** आर्य जन कल्याण समिति के तत्वाधान में नगर के मौहल्ला नरूल्ला में समिति परिसर कार्यालय में संत शिरोमणि बाबा संत गाडगे जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम बाबा जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें वकताओं ने संत शिरोमणि बाबा संत गाडगे जी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताएं रास्ते का अनुसरण करने पर बल दिया ।

बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आर्य जन कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष राम सिंह



आर्य ने कहा कि शिरोमणि संत गाडगे जी का जन्म महाराष्ट्र राज्य के अमरावती जिले के गांव शेरगढ़ में 23 फरवरी सन 1876 में हुआ था और उनका महापरिनिर्वाण 20 दिसंबर सन 1956 को हुआ । आर्य ने आगे बताया कि गाडगे महाराज प्रसिद्ध घुमक्कड़ भिक्षु थे। उन्होंने भारत के कोने-कोने में भ्रमण कर जन जागरण कीर्तन किया उस कीर्तन के माध्यम से लोगों को आवाहन किया कि भूखे को रोटी दो, प्यासे को पानी दो, निर्वस्त्र को कपड़े दो, गरीबों को शिक्षा , और वेघरो को आश्रय दो ,अंधे को आंखें और रोगियों को उपचार कराओ बेकारों को नौकरी दो पशु पक्षियों को सुरक्षा दो गरीब युवक युवतियो की शादी कराओ, निराश और दुखी जनों की हिम्मत बढ़ाओ,और शराव पीने वालों की शराब छुड़ाओ और समाज में व्याप्त कुरीतियां दूर कराओ इस अभियान के अलावा परम पूज्य संत गाडगे साहव ने अपने कडे सघर्ष से वडे वडे कार्य किये जैसे गौशालाएं, धर्मशालाएं, विद्यालय, चिकित्सालय ,छात्रावास, खुलवाऐ और आपने किसानों का शोषण करने वाले साहूकारों के खिलाफ भी आंदोलन किया। आपकी खियात्ती प्राप्त के कारण आपको अमरावती यूनिवर्सिटी के नाम से आपके सम्मान में बहुत सारे पुरस्कार वितरित किए गए ।

अतः आपका संघर्ष बहुत ही सराहनीय रहा है ।

# आंगनवाड़ी केंद्रों पर आने वाले 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में एकीकृत बाल विकास सेवा योजना के सुदृढ़ीकरण एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के आधुनिक निर्माण हेतु जनपद के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत हुई। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिकरण के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड से कार्य कराए जाने के लिए सभी औद्योगिक संस्थानों को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह कदम



आंगनवाड़ी केंद्रों पर आने वाले 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाएगा। बच्चों की शिक्षा आदि के लिए आवश्यक उपकरणों की उपब्धता से उन्हें सीखने में सहयोग मिलेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आंगनवाड़ी केंद्रों के आधुनिक निर्माण के लिए औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को केंद्रों की सूची उपलब्ध कराते हुए उनसे सहयोग प्राप्त करें। बैठक में सीडीओ सुश्री निशा ग्रेवाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रमोद कुमार पांडेय, उपायुक्त उद्योग केंद्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूनम तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अली बहजत ने रखा पहला रोजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** पुराने शहर के मोहल्ले हसन पुरिया के रहने वाले अजहर हुसैन अज्जू के बेटे अली बहजत ने अपना पहला रोजा रखा। अली ओएसएस स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ रहे हैं। अली ने ना केवल रोजा रखा बल्कि पांच वक्त की नमाज भी अदा की। शाम को घर वालों के साथ मगरिब की नमाज अदा करने के बाद अपनी दादी सहित परिवार के साथ रोजा-इफ्तार कर परवरदिगार का शुक्र अदा किया। अपनी जिन्दगी का पहला रोजा रखने पर घर वालों, रिश्तेदारों व दोस्तों की तरफ से इनाम भी मिले।



# यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शिक्षकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 110 द्वारा स्कूल शिक्षकों के लिए एक प्रभावशाली स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। इस विशेष सत्र का उद्देश्य शिक्षकों को बच्चों में प्रारंभिक स्वास्थ्य, व्यवहार एवं विकास संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान करने के लिए प्रशिक्षित करना था, ताकि एक संवेदनशील और समर्थ शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा सके।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रगति जैन (सीनियर कंसल्टेंट स्त्री एवं प्रसूति रोग) एवं डॉ. रोली मुंशी (सीनियर कंसल्टेंट ह्न पीडियाट्रिक्स एवं नियोनेटोलॉजी) द्वारा किया गया।डॉ. रोली मुंशी ने कहा कि बच्चों की विकास संबंधी चुनौतियों के शुरूआती संकेत अक्सर कक्षा में ही सामने आते हैं और शिक्षक उनकी पहचान में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ऑटिज्म, एडीएचडी (ADHD), डिस्लेक्सिया तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रारंभिक लक्षणों,जैसे आंखों से संपर्क न करना, नाम पुकारने पर प्रतिक्रिया न देना, बोलने में देरी, पढ़ाई में अचानक गिरावट, पढ़ने-लिखने में कठिनाई और एक स्थान पर न बैठ पाना,पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही बुलिंग के संकेत, जैसे स्कूल से बचना, अकेलापन और चिंता, को गंभीरता से लेने की आवश्यकता पर बल दिया।सत्र के दौरान शिक्षकों को यह भी बताया गया कि बच्चों से संवाद करते समय संवेदनशीलता सबसे महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों ने सलाह दी कि बच्चे से शांत और निजी वातावरण में बात करें, बिना डांटे उसकी बात सुनें और आवश्यकता पड़ने पर अभिभावकों को सही विशेषज्ञ से परामर्श के लिए मार्गदर्शन दें।

डॉ. प्रगति जैन ने यौवनावस्था, मासिक धर्म, गर्भावस्था और किशोरावस्था के दौरान भावनात्मक देखभाल के महत्व तथा स्वस्थ विकास के लिए डॉक्टर, परिवार और विद्यालय के बीच बेहतर संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम का केंद्रीय संदेश स्पष्ट रहा। शरारती बच्चा गलत नहीं होता, हर कमजोर छात्र आलसी नहीं होता।

# यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइलस फाउंडेशन नै के लिए 59 विद्यार्थियों को जूते वितरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यक्रम के तहत यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइलस फाउंडेशन ने दिलीप पार्क कॉलोनी स्थित दयावती मोदी जूनियर हाई स्कूल में ह्यचरण पादुका अभियान के अंतर्गत 59 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जूते वितरित किए। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के अनुसार इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी शैक्षिक निरंतरता सुनिश्चित करना है। प्रवीण शर्मा के मुताबिक अभियान के तहत अब तक 5278 जोड़ी जूते वितरित किए जा चुके हैं। और संस्था इस प्रकार के सेवा अभियानों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखेगी। क्योंकि नर सेवा ही नारायण सेवा है। प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस अभियान में विद्यालय की पूर्व अध्यापिका संतोष मेहता ने 50 जोड़ी जूतों का सहयोग प्रदान किया, जबकि 9 जोड़ी जूतों की व्यवस्था अनीता गुप्ता, रजनी दीक्षित और यशोदा ने की है।इस अवसर पर गोल्डन लायनेस क्लब से




अनीता गुप्ता, रजनी दीक्षित, मंजीत चौधरी, मंजू धर्मा, दीपा जटवानी, कविता पसरिचा, महिला पंजाबी संगठन से डॉ शालिनी नय्यर, सिमरन, हर्षिता, प्रधानाचार्या राखी गुप्ता, सुनीता शर्मा, ऊषा चौधरी, ज्ञानचंद मेहरा, तृप्ता मेहरा, प्रवीण कुमार शर्मा, रजनी विशाल माहेश्वरी, मनीष कौशल, रौनक दीप सिंह गांधी, गौरव मेहरा, रिम्पी मेहरा, सचिन वधावन, ईशान गिरी, गुरदीप सिंह, आस्था शर्मा, आशुतोष शर्मा और अदिति कौशल मौजूद थे।

# श्री राम राधे में पुरस्कृत किए गये कला प्रतियोगिता और विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल विजेता छात्र छात्राएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में नौबस्ता स्थित श्री राम राधे पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता 2025-26 के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस प्रतियोगिता में 50 विद्यालयों के लगभग 600 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना था।

इस भव्य आयोजित किए गए कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दक्षिण के एडीसीपी योगेश कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि एडीसीपी योगेश कुमार एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना करते हुए विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ने पर जोर दिया कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ रचनात्मक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं। बच्चों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करते हुए देश और समाज के हित में सार्थक शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी नौबस्ता स्थित श्री राम राधे पब्लिक स्कूल में आयोजित इस प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने 100 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए। जिसके प्रमुख आकर्षणों में ह्न चंद्रयान-3, ऑर्गेनिक फार्मिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, स्मार्ट सिटी, 3ऊ होलोग्राम आदि पर आधारित प्रोजेक्ट शामिल रहे। इसमें सर्वश्रेष्ठ विज्ञान मॉडल को पुरस्कार दिया गया।



इस अंतर विद्यालय कला प्रतियोगिता में छात्र / छात्राओं ने महाकुंभ का दृश्य, बनारस घाट, 2050 में भारत का दृश्य, दुनिया मेरे सपनों की इत्यादि विषयों पर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उतारा। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एडीसीपी योगेश कुमार के द्वारा विजयी प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

इस मौके पर संबोधित करते हुए संस्था के प्रखर शिक्षाविद प्रधानाचार्य साकेत सिंह ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है, विज्ञान हमें तर्क देता है और कला हमें संवेदनशील बनाती है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक और हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले व्यवहार कुशल समाज सेवी श्री राम प्रकाश मिश्रा, श्री ब्रह्म प्रकाश मिश्रा, निदेशक श्री आशीष मिश्रा के साथ ही श्रुति पाण्डेय, शिक्षिक प्रतिनिधि श्रीमती दिव्या त्रिवेदी, श्रीमती अनुराधा शुक्ला सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकायें और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**जीवन बचाया** | **मूंगफली का सेवन करने की वजह से यह बच्चा कार्डियाक अरेस्ट और रेस्पिरेट्री फेलियर का शिकार हुआ था**

# फोर्टिस नोएडा के डॉक्टरों ने18-माह के शिशु का जीवन बचाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** फोर्टिस नोएडा के डॉक्टरों ने एक असाधारण जीवन-रक्षक क्लीनिकल हस्तक्षेप कर मेरठ के एक 18-वर्षीय बच्चे को नाजुक कंडीशन से निकालकर उसे नया जीवनदान दिया है। इस बच्चे ने दुर्घटनावश मूंगफली निगल ली थी जिसकी वजह से उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई थी, और तब उपचार के लिए उसे अस्पताल लाया गया। डॉ मयंक सक्सेना, एडिशनल डायरेक्टर, पल्मोनोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने इस बच्चे के वायुमार्ग में फंसी मूंगफली को क्रायो-बायप्सी फोरसेप से सफलतापूर्वक निकाला, और 2 दिनों के बाद इस बच्चे को स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दी गई।

इस बच्चे ने एक दिन पहले गलती से मूंगफली निगल ली थी और उसे पहले मेरठ के ही एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। समय के बाद उसके लक्षण हल्के पड़ गए थे, और उसका पारंपरिक तरीके से इलाज किया जा रहा था। डॉक्टरों को यह लगा था कि संभवतः मूंगफली खुद से ही बाहर निकल गई थी या बच्चे के खाद्य मार्ग में चली गई थी। इसलिए, उन्होंने आगे कोई जांच नहीं की। लेकिन अगले कुछ ही घंटों में इस मूंगफली ने काफी पानी/नमी सोख ली थी, और इसके फूलने के बाद आकार इतना बढ़ गया था कि वह वायुमार्ग में रुकावट बन गई, जिसकी वजह से बच्चे को सांस लेने में कठिनाई होने लगी। इस बच्चे को रातों-रात सांस लेने में परेशानी होने लगी थी और तब बच्चे के अभिभावक उसे आधी रात को ही इलाज के लिए फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा लेकर आए। जब इस




बच्चे को अस्पताल लाया गया तो उसे सांस लेने में काफी तकलीफ थी और उसका ऑक्सीजन लेवल काफी कम था, जिससे यह साफ था कि उसके वायुमार्ग में रुकावट थी। अस्पताल लाए जाने पर, उसे रेस्पिरेटरी फेलियर के चलते कार्डियाक अरेस्ट भी हुआ। फोर्टिस नोएडा में पिडियाट्रिक आईसीयू टीम ने तुरंत एडवांस लाइफ सपोर्ट पर रखा जिसमें इमरजेंसी इनट्यूबेशन और मैकेनिकल वेंटिलेशन शामिल था। बच्चे के वायुमार्ग में फंसी बाहरी वस्तु की पहचान करने और उसे निकालने के लिए तत्काल ब्रोंकोस्कोपी की गई। क्रायो-बायप्सी फोरसेप और डॉरमिया बास्केट जैसी उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए, मेडिकल टीम ने मूंगफली के सभी टुकड़ों को सावधानीपूर्वक निकाला। यह हाइ-रिस्क ब्रोंकोस्कोपी में करीब 5 से 6 घंटे का समय लगा, और इसमें काफी सटीकता, धैर्य और तालमेल की जरूरत थी। इस प्रक्रिया के बाद, बच्चे की हालत अगले 24 घंटों तक नाजुक बनी रही और वह डॉ अंकित प्रसाद, कंसल्टेंट पिडियाट्रिक, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा की देखरेख में रहा। धीरे-धीरे इस बच्चे की कंडीशन में सुधार होने लगा, और पूरी तरह रिकवर होने के बाद उसे स्थिर हालत में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस मामले की जानकारी देते हुए, डॉ मयंक सक्सेना, एडिशनल डायरेक्टर, पल्मोनोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने कहा, ह्लमूंगफली जैसी ऑर्गेनिक वस्तु का वायुमार्ग में फंसना काफी खतरनाक हो सकता है। धीरे-धीरे ये पदार्थ पानी सोखते रहते हैं, और आकार में बढ़ते रहते हैं जो आगे चलकर वायुमार्ग को अवरुद्ध कर सकते हैं। शुरू में ये लक्षण हल्के होते हैं लेकिन तेजी से बिगड़ सकते हैं।

शुरूआती जांच के तहत इमेजिंग, तत्काल डायग्नॉसिस और खासतौर से छोटे बच्चों में, तुरंत उसे हटाया जाना जरूरी होता है।

मोहित सिंह, जोनल डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने कहा, इस मामले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि एडवांस इमरजेंसी केयर,खासतौर से छोटे बच्चों के मामले में, कितनी महत्वपूर्ण होती है। इस मामले की सफलता ने हमारी पल्मोनोलॉजी, पिडियाट्रिक्स, क्रिटिकल केयर और आईसीयू टीमों की क्लीनिकल उत्कृष्टता, तैयारी और तालमेल का परिचय दिया है। फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा,में हम बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी त्वरित,साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# नौकरी की मांग कर रहे एयरपोर्ट से प्रभावित युवाओं ने पुलिस के आश्वासन पर भूख हड़ताल को किया स्थगित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुल हक)।** जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित युवाओं की सोमवार को स्थाई नौकरी की मांग को लेकर एयरपोर्ट गेट पर शुरू होने वाली भूख



हड़ताल को पुलिस ने युवाओं को आश्वासन देकर रोक दिया। वहीं युवाओं का कहना है कि अगर मांग पूरी नही की गई तो, जल्द भूख हड़ताल को पर बैठेंगे। एयरपोर्ट से प्रभावित युवा स्थाई नौकरी की मांग को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और अधिकारियों से मुलाकात कर रहे है, लेकिन इसके बाद भी अभी इनकी मांगे पूरी नही हुई हैं। जिसको लेकर सोमवार को युवा एयरपोर्ट के गेट पर अपनी मांग को पूरा कराने के लिए भूख हड़ताल पर बैठने के लिए एकत्र हुए, लेकिन इससे पहले ही कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने युवाओं को कोतवाली बुलाया और उनसे वार्ता की। जिसपर उन्होंने उनकी मांग के लिए जल्द कुछ किये जाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद युवा माने और भूख हड़ताल को स्थगित किया। वहीं युवाओं का कहना है कि अगर जल्द मांग पूरी नही की गई, तो मांग पूरी होने तक भूख हड़ताल पर बैठेंगे। बतादें कि रविवार को एयरपोर्ट से प्रभावित गांव बनवारीबास निवासी सौरभ शर्मा ने एक वीडियो जारी कर सोमवार से सेंकड़ों प्रभावित युवाओं के साथ मांग पूरी होने तक एयरपोर्ट के गेट पर भूख हड़ताल पर बैठने के लिए कहाँ था। जिसमे उन्होंने क्षेत्र के लोगों से समर्थन देने की भी अपील की थी।

# पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा के पूर्व सैनिक एवं कार्यकारी समिति होली मिलन कार्यक्रम एक शानदार आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मातारानी महल पतवाड़ी में संस्थापक सदस्य टीकम यादव के सहयोग से किया गया। आज कार्यक्रम में सदस्यों द्वारा सांसदों को दिए गए ज्ञापनों का और प्रभावशाली रूप से, संसद में इस मांग को उठाने के लिए दबाव बनाने का समर्थन किया गया। युवाओं एवं महिला शक्ति को इन कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए विशेष रूप से प्रेरित करने की जिम्मेदारी तय की गई। आने वाले चुनाव में इस मुद्दे के राजनीतिक पहलुओं पर भी विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री ओमवीर सिंह बीरवाल केन्द्रीय संगठन मंत्री, कर्नल सुधीर चौधरी ,केन्द्रीय महासचिव, कर्नल रणसिंह डूडी, अध्यक्ष। सुपर पावर पार्टी ऑफ इंडिया.मेजर डॉ॰ हिमांशु, समन्वयक, सहयोगी संगठन विजय चौधरी केंद्रीय सचिव सैनिक प्रभाग, प्रोफेसर कुलदीप मलिक, के के राणा, उधम सिंह, मोहन जाट, नीरज पवार चौधरी श्यामसिंह एवं अन्य गणमान्य सदस्यों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रंग और गुलाल से होली खेलने के बाद सभी को आने वाले समय में पश्चिम प्रदेश राज्य निर्माण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ सहयोग करने के लिए और अन्य साथियों को जोड़ने के लिए संकल्प लिया गया।

# राजनगर एक्सटेंशन रिवर हाईट् में चुनाव विवाद धमने का नाम नहीं ले रहा रजिस्ट्रार ने दिए जांच के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो








**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रिवर हाइट् में फर्जी चुनाव को ले कर रिवर हाइट निवासी पहुंचे रजिस्टार ऑफिस सीनियर सिटीजन ओर सुबोध त्यागी का फूटा गुस्सा सोसाइटी निवासियों का कहना है कि मेंगेट से AC का चोरी होना मौजूदा कार्यकारिणी पर गंभीर सवाल खड़े करता है बताते चलें रिवर हाइट में आए दिन चोरी को लेकर भी रिवर हाइट सोसाइटी के बुजुर्गों में गुस्सा देखा जा सकता है सीनियर सिटीजन के सभी व्यक्तियों ने कहा कि अगर इसी तरीके से सोसाइटी में चोरी होती रही तो वह दिन दूर नहीं जब हमें अपने घरों से निकलकर सड़कों भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन के लिए उतरना होगा राज नगर एक्सटेंशन रिवर हाइट के निवासियों ने कहा कि डेढ़ से 2 करोड़ के कर्ज समिति पर कर दिया गया है मौजूदा कार्ड कार्यकारणी पर सवाललिया निशान फिर भी चुनाव की जल्दबाजी क्यों आखिर क्या छुपाने की कोशिश की जा रही है है सुबोध त्यागी ने बताया कि एक समय था जो रिवर हाइट का पूरे उत्तर प्रदेश में नाम था और भव्य प्रोग्राम का आयोजन दिन प्रतिदिन होता रहता था साल में पता नहीं कितनी बार प्रोग्राम किए जाते थे लेकिन अब हालत इतनी गंभीर है कि सोसाइटी कर्ज के दायरे में आ चुकी है सब बहुत त्यागी ने यह भी बताया कि जब वह मौजूदा सोसाइटी में कार्य रथ रहे हैं जब दो से ढाई करोड रुपए के लाभ में चल रही थी सोसाइटी इन्हीं सवालों को लेकर पहुंचे रजिस्टार ऑफिस रिवर हाइट सोसाइटी के निवासी का कहना है कि सभी चीजों पर कमीशन खोरी चल रही है यहां तक की गाड्र्स की सैलरी भी नहीं दी जा रही है सुबोध त्यागी ने बताया कि जब अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय रिवर हाइट सोसाइटी राजनगर एक्सटेंशन में सबसे नंबर वन पर गिनि जाती रही है रिवर हाइट में सभी भव्य प्रोग्राम किए जाते थे और रिवर हाइट का एक अपना ही मुकाम था 2 करोड रुपए के फायदे में चल रही थी जो कि आज डेढ़ करोड़ के नुकसान में है ।

इसकी भरपाई कौन करेगा आए दिन चोरियां होना यहां तक की पानी पर भी मौजूदा लोग कमीशन खोरी कर रहे हैं कमीशन खोरी को देखते हुए और विभिन्न प्रकार की बातों को सुनकर रजिस्टर साहब ने जांच के सख्त निर्देश दिए हैं जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी उनका कहना है कि जांच की रिपोर्ट आते ही चुनाव कराए जाएंगे वहीं रिवर हाइट समिति के सीनियर सिटीजन भी गुस्से में लाल पीले नजर आए उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन को कई बार लिखित रूप में भी अवगत कराया है जिस पर संज्ञान लेते हुए एफआईआर संख्या 0742/2025 दर्ज होने और बाय-लॉज उल्लंघन के आरोप ऐसे में जल्दबाजी में चुनाव कराना नियमों के खिलाफ है।आज रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर और अंदर हलचल बनी रही। निवासियों का कहना है कि अधिकारी स्पष्ट जवाब देने के बजाय देखेंगे, विचाराधीन है कहकर टालमटोल कर रहे हैं। कुछ प्रतिनिधि अंदर बैठकर सुनवाई का इंतजार करते रहे, जबकि अन्य बाहर समर्थन में खड़े रहे।पूर्व पदाधिकारियों और आरडब्ल्यूए सदस्यों का कहना है कि चुनाव केवल प्रशासनिक निगरानी में और बाय-लॉज की धारा-26 के तहत ही होना चाहिए। जब एफआईआर दर्ज है और जांच जारी है, तो प्रक्रिया को रोका जाए और निष्पक्ष माहौल में दोबारा से शुरूआत हो, यह मांग लगातार दोहराई जा रही है। फिलहाल रोक बरकरार है, लेकिन निवासियों का साफ कहना है कि यदि नियमों के अनुरूप पारदर्शी कदम नहीं उठाए गए तो वे कानूनी लड़ाई आगे बढ़ाएंगे। रिवर हाईट्स में अब यह सिर्फ चुनाव नहीं, बल्कि पारदर्शिता और अधिकारों की जंग बन चुका है,और अगला फैसला प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करेगा।

# गणेश अस्पताल में लगा नि:शुल्क हड्डी एवं फिजियोथैरेपी शिविर,सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गणेश अस्पताल द्वारा समय-समय पर निःशुल्क जांच शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में रविवार को अस्पताल परिसर में निशुल्क हड्डी एवं फिजियोथैरेपी जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अस्पताल की एमडी डॉ. अर्चना शर्मा, डायरेक्टर डॉ. प्रतीक शर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अरुणिमा, डॉ. आकांक्षा बंसल, डॉ. बिराज सिंह, डॉ. सुधीर एवं गीता जी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर के दौरान बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच एवं फिजियोथैरेपी परामर्श निशुल्क प्रदान किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की हड्डियों से संबंधित समस्याओं की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं और युवा मरीज शिविर में पहुंचे। इस दौरान विभिन्न जांचों और उपचार सेवाओं पर विशेष छूट भी प्रदान की गई। अस्पताल की एमडी डॉ. अर्चना शर्मा ने बताया कि गणेश अस्पताल का उद्देश्य जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अस्पताल आगे भी इसी तरह के निःशुल्क शिविरों का आयोजन करता रहेगा, ताकि हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके। शिविर के सफल आयोजन पर मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

# आई.टी.एस. मोहननगर यू.जी. कैंपस में हुआ "एलुमनाई रीयूनियन 2026" का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** आई.टी.एस. मोहननगर के यू.जी. कैंपस के बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रम के वर्ष 2017 से 2021 तक के उत्तीर्ण बैच के एलुमनाई को आमंत्रित किया गया जिसमे बैच 2014-17 से लेकर 2018-21 तक के बैच के एलुमनाई ने भाग लिया। यह एलुमनाई रीयूनियन कॉलेज के चाणक्य प्रेक्षागार में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में एलुमनाई इंटरैक्शन सत्र अनुभव साझा मंच सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं व्यवसायिक नेटवर्किंग गतिविधियां आयोजित की गयी। आई.टी.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में आगंतुक एलुमनाई का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान को अपने पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहें, उच्च आदर्शों एवं मूल्यों को बनाए रखें तथा अपने ज्ञान, परिश्रम और नैतिकता के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। आई. टी.एस. यू.जी. संस्थान की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ0) नैंसी शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी एलुमनाई का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी की लगन, परिश्रम और उपलब्धियाँ ही वर्तमान एवं भावी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। आपकी सफलता संस्थान के शैक्षणिक मूल्यों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सशक्त पहचान है। कार्यक्रम के दौरान सभी एलुमनाई अपने पुराने शिक्षकों से मिल कर खुश हुए और अपने कॉलेज के दिनों की खट्टी मीठी यादें याद कर-के भावुक हुए । एलुमनाई ने कहा कि हमारे करियर में आई.टी.एस. संस्थान और यहां की फैकल्टी का बहुत योगदान रहा है एलुमनाई रीयूनियन में कई इंटरप्रेन्योर, रियल एस्टेट डेवलपर, इंटरनेशनल ट्रेडर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, मल्टीनेशनल कंपनी मैनेजर इत्यादि 150 से भी अधिक एलुमनाई शामिल हुए। इस अवसर पर आई.टी.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा आई.टी.एस. यू.जी. संस्थान की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ0) नैंसी शर्मा, डीन अकादमिक प्रोफेसर (डॉ0) विदुषी सिंह, कार्यक्रम समयन्वक प्रो0 श्रेयता राज, प्रो0 उत्तम शर्मा, प्रो0 कनिका टंडन, डॉ0 बरखा कक्कर, डॉ0 नीरज जैन, एलुमनाई, संकाय सदस्य एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# व्हीलचेयर नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में 4 राज्यों उत्तर प्रदेश टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई दी व्हीलचेयर



नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में 4 राज्यों उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों में उत्तर प्रदेश टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। उत्तर प्रदेश टीम के कप्तान राजा बाबु शर्मा (दिव्यांग) के नेतृत्व में टीम ने अद्भुत साहस, आत्मविश्वास और खेल भावना का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल गाजियाबाद बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। टीम ने हरफनमौला खेल खेलते हुए फाइनल में मध्य प्रदेश को हराकर खिताब अपने नाम किया

इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने राजा बाबू को टूर्नामेंट में आने-जाने के लिए ट्रेन किराया तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था कर उनका उत्साहवर्धन किया। उनके सहयोग और समर्थन से ही टीम पूरे आत्मबल के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर विजयी हुई। विधायक संजीव शर्मा ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में भी किसी भी टूर्नामेंट या अन्य आवश्यक सहायता हेतु वे सदैव उपलब्ध रहेंगे और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते रहेंगे। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया हम सभी को ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और उनके समर्थकों पर गर्व है।

# प्रो.बीएस रावत बने अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**ग्रेटर नोएडा (एन.जी.वर्मा)।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने प्रोफेसर बीएस रावत को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है।

रविवार को संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत बिलासपुर के चेयरमैन संजय भैया के आवास पर माननीय प्रदेश अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नागर की अध्यक्षता में आयोजित स्वागत समारोह में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी एन सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री अमरजीत चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि तोंगड़, प्रदेश उपाध्यक्ष देवा कसाना, जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री बबलू गुर्जर, जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर कैप्टन पंचशील गुर्जर, सोनू गुर्जर आदि ने क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों की उपस्थिति में प्रोफेसर बीएस रावत को पटका पहने और पुष्प कुछ देकर राष्ट्रीय प्रवक्ता की नई जिम्मेदारी दिए जाने को लेकर प्रो बीएस रावत का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

प्रोफेसर रावत ने अपनी नियुक्ति पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरुषोत्तम पाटील, संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला एवं समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस आशा और उम्मीद से शीर्ष नेतृत्व ने मुझे यह जिम्मेदारी दी है। मैं उसे पूर्ण सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाऊंगा और हमेशा समाज की आवाज उठाने का कार्य करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि समाज का विकास और उत्थान ही मेरा संकल्प है तथा समाज के मान- सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आने दूंगा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी के अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत की बजट बैठक हुई संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी जी की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत गौतम बुद्ध नगर की बजट बैठक जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई। बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी प्रियंका चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

बैठक में लोक महत्व एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। आगामी वित्तीय वर्ष 2026झ2027 हेतु लगभग 9.00 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रस्तावित किए गए तथा आय का लक्ष्य लगभग 15.00 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। साथ ही पंचम वित्त आयोग की अनुमानित धनराशि लगभग 3.40 करोड़ रुपये आंकी गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में तेज ध्वनि में बजने वाले डीजे पर रोक लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा ग्रामीण क्षेत्र के श्मशान घाटों पर शवदाह गृह निर्माण को प्राथमिकता देने के संबंध में सभी सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई।

माननीय अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को गौतमबुद्धनगर के समग्र विकास हेतु प्रेरित किया गया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की शांतिपूर्ण समाप्ति की घोषणा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में माननीय विधायक दादरी तेजपाल नागर, माननीय विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, मोहिनी, जयवती देवी, सुनील भाटी, सहित मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## अवॉड्र्स समारोह मुंबई के ताज होटल में हुआ था 7वां वर्ल्ड मेंटल हेल्थ कांग्रेस एंड अवॉड्र्स समारोह

# मुरादनगर के सोनू त्यागी टॉप मोस्ट लीडर इन मेंटल हेल्थ अवार्ड से सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** 7वें वर्ल्ड मेंटल हेल्थ कांग्रेस एंड अवॉर्ड्स में मुरादनगर के गांव रावली कलां निवासी सोनू त्यागी को टॉप मोस्ट लीडर इन मेंटल हेल्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह समारोह मुंबई के ताज लैंड्स एंड होटल में आयोजित हुआ था। सोनू त्यागी को यह अवार्ड मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। यह अवार्ड फन एंड जॉय एट वर्क और वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हेल्थकेयर लीडर्स द्वारा प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि मुरादनगर के गांव रावली कलां निवासी सोनू त्यागी गो स्पिरिचुअल और एप्रोच एंटरटेनमेंट के संस्थापक हैं। उनकी संस्था गो स्पिरिचुअल समग्र स्वास्थ्य, आध्यात्मिक जागरूकता, परोपकार, आध्यात्मिक पर्यटन, ऑर्गेनिक जीवनशैली और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। संस्था विशेष रूप से युवाओं में बढ़ते तनाव, डिजिटल दबाव और अनिश्चित भविष्य जैसी चुनौतियों के साथ-साथ अकेलेपन और भावनात्मक खालीपन से जूझ रहे वरिष्ठ नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष कार्य कर रही है। बतादे कि हर वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर गो स्पिरिचुअल हार्मनी इन माइंड एंड सोल जैसे जागरूकता अभियानों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की असमानता और उससे जुड़ी चुनौतियों को सामने लाता है। संस्था ध्यान, योग, माइंडफुलनेस और भावनात्मक संतुलन जैसे प्रभावी और व्यावहारिक उपायों को समाज तक पहुँचाने का कार्य करती है।

**निशुल्क आयोजित किए जाएंगे सत्र**

संगठन का गो माइंडफुल अभियान वर्ष 2026 में पूरे भारत में और बड़े स्तर पर शुरू किया जाएगा।

इसके तहत तनाव प्रबंधन, भावनात्मक मजबूती और संकट सहायता पर निःशुल्क सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों तक वास्तविक सहायता पहुँच सके। इसके साथ ही गो ह्यूमन जैसे सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सहानुभूति, क्षमा, संवाद और अहिंसक तरीके से मतभेद सुलझाने की प्रेरणा दी जाती है। ये कार्यक्रम व्यक्तियों और समाज के बीच विश्वास और समझ के नए सेतु बनाते हैं।

**ये कहना है सोनू त्यागी का**

अवार्ड ग्रहण करते हुए सोनू त्यागी ने कहा, यह अवार्ड उन सभी लोगों का है जो चुपचाप दूसरों के जीवन में उपचार और आशा लाने का प्रयास कर रहे हैं। आज के तनावपूर्ण समय में आध्यात्मिकता जीवन को स्थिरता और अर्थ देती है। यदि हम प्राचीन ज्ञान को करुणा और सेवा से जोड़ें, तो हम पीड़ा को कम कर सकते हैं और एक संवेदनशील समाज का निर्माण कर सकते हैं।

**सोनू त्यागी के बारे में**

मनोविज्ञान में स्नातक सोनू त्यागी ने विज्ञापन प्रबंधन, पत्रकारिता और फिल्म निर्माण का भी अध्ययन किया है। वे एक अवार्ड विनिंग लेखक, निर्देशक और निमार्ता हैं और उनकी आध्यात्मिक वेब सीरीज टू ग्रेट मास्टर्स को काफी सराहना मिली है। वे आगामी अंतरराष्ट्रीय फिल्म लिबरेशन के सह-निमार्ता भी हैं।

इसके अलावा वे आगामी हिंदी फिल्म कैंप डीसेंट के क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं, जिसमें बृजेंद्र काला, राजपाल यादव, सारा खान और हेमंत पांडेय प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# बागेश्वर धाम के समर्थन में 500 किमी की विशाल दंडवत यात्रा का ऐलान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** परम पूज्य श्री बागेश्वर धाम सरकार के समर्थन में 22 फरवरी 2026 को 500 किलोमीटर लंबी विशाल दंडवत यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा हयातपुर बड़ौदा हरिगढ़ से प्रारंभ होकर आगरा, ग्वालियर, झांसी होते हुए छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम तक पहुंचेगी। यात्रा का आयोजन महेंद्र बाबा द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह दंडवत यात्रा भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और गौ माता के संरक्षण के समर्थन में निकाली जा रही है। पोस्टर के माध्यम से श्रद्धालुओं और सनातन धर्म के अनुयायियों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। आयोजकों का कहना है कि यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से निकाली जाएगी और मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित करेंगे। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में चचाओं का दौर शुरू हो गया है।



# गोधा पुलिस ने घुसकर बड़ी दुर्घटना को टाला: इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग की दुकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट लगी आग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** गोधा थाना क्षेत्र के गांव मैंमडी में एक बड़ी दुर्घटना टल गई, जब सूरज इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग की दुकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। समय रहते पुलिस और फायर ब्रिगेड की तत्परता से लाखों रुपये के नुकसान को बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार, दुकान मालिक सूरजपाल सिंह किसी कार्य से बाहर गए हुए थे और दुकान का शटर बंद था। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि दुकान के अंदर से धुआं और आग की लपटें निकल रही हैं। बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई।





घटना की सूचना मिलते ही गोधा थाना प्रभारी प्रबल प्रताप चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ उपनिरीक्षक अरुण कुमार और हेड कांस्टेबल भी मौजूद थे। थाना प्रभारी ने बिना समय गंवाए अपनी जान की परवाह किए बिना जलती हुई दुकान में प्रवेश किया और अंदर रखे सामान को बचाने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए आग को फैलने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी दौरान क्षेत्राधिकारी राजीव द्विवेदी एक कार्यक्रम में मूर्ति अनावरण के अवसर पर क्षेत्र में मौजूद थे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते कार्रवाई होने से आसपास की दुकानों और मकानों तक आग नहीं फैल सकी, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। क्षेत्राधिकारी ने थाना प्रभारी प्रबल प्रताप चौहान की पीठ थपथपाते हुए उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस और फायर ब्रिगेड की तत्परता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# लाखों खर्च के दावों के बीच दिगसी गांव में पंचायत सचिवालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** लोधा ब्लॉक के गांव दिगसी में पंचायत सचिवालय की स्थिति को लेकर ग्रामीणों में रोष है देखने को मिला एक ओर प्रदेश सरकार गांवों के विकास और डिजिटल सेवाओं के लिए लाखों रुपये खर्च करने के दावे कर रही है, तो वहीं दिगसी पंचायत सचिवालय में अब तक बुनियादी व्यवस्थाएं भी पूरी नहीं हो सकी हैं सचिवालय में इनवर्टर और बैटरी की व्यवस्था न होने से बिजली कटते ही ऑनलाइन कार्य रुक जाते हैं प्रमाण पत्र, पेंशन और अन्य योजनाओं से जुड़े आवेदन लंबित पड़े हैं। परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगाए गए हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था कमजोर बनी हुई है। पेयजल, पानी की टंकी और समरसेबल की सुविधा का अभाव है, जबकि शौचालय जर्जर हालत में पड़ा है ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए मांग की है कि जल्द से जल्द इनवर्टर, बैटरी, कैमरे और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि पंचायत सचिवालय में कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके और जनता को समय पर सेवाएं मिल सकें।






# गौ संवर्धन समागम-2026 में अलीगढ़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** निराश्रित गोवंश संरक्षण, संवर्धन एवं प्रभावी प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए जिले को लखनऊ स्थित गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित गौ संवर्धन समागम-2026 में प्रतिष्ठित नंदबाबा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रदेश के मा0 पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम एवं दुग्धायुक्त के0 धनलक्ष्मी द्वारा जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दिवाकर त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

- नंदबाबा पुरस्कार से सम्मानित हुई डीएम संजीव रंजन की टीम
- पशुधन मंत्री ने की नवाचारों और अनुकरणीय कार्यों की सराहना



पशुधन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने निराश्रित गोवंश संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट नवाचारों और अनुकरणीय कार्यों के लिए सम्पूर्ण अलीगढ़ टीम की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ द्वारा अपनाई गई प्रभावी कार्यशैली और सतत मॉनिटरिंग व्यवस्था अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। प्रदेश स्तर पर व्यापक मूल्यांकन के उपरांत मात्र पांच जिले अलीगढ़, अमरोहा, जालौन, हरदोई एवं रायबरेली का चयन इस सम्मान के लिए किया गया। चयन का आधार गौआश्रय स्थलों का सुदृढ़ संचालन, पशुओं की समुचित देखभाल, पोषण एवं उपचार की बेहतर व्यवस्था, पारदर्शी प्रबंधन प्रणाली एवं नवाचार आधारित कार्यप्रणाली रही। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं सीडीओ योगेंद्र कुमार ने इस उपलब्धि को जिले की समर्पित प्रशासनिक टीम, पशुपालन विभाग, स्थानीय निकायों एवं गौसेवकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम बताया। सीवीओ डॉ त्रिपाठी ने कहा कि भविष्य में भी गौ संरक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए नवाचार एवं पारदर्शिता आधारित व्यवस्थाओं को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। यह सम्मान जिले की कार्यसंस्कृति, प्रतिबद्धता और जनसहभागिता का प्रतीक है, जिसने जिले को प्रदेश के अग्रणी जिलों की श्रेणी में स्थापित किया है। सम्मान समारोह के दौरान तहसील इगलास के ग्राम मोहनपुर स्थित गौशाला के संचालक स्वामी सत्यानंद दास एवं उनकी धर्मपत्नी भी उपस्थित रहीं। उनकी सहभागिता ने प्रशासन और समाज के समन्वित प्रयासों की भावना को सशक्त किया।

# महिला ने दिल फैंक आशिक को जमकर धुना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के कस्बा गंगीरी में छेड़छाड़ से परेशान महिला ने लड़के को सरेआम 35 सेकंड में 37 चप्पल मारे। पति ने पहले उसे बाइक से खींचकर सड़क पर गिराया। फिर उसका दोनों हाथ पकड़ा। पत्नी उसके सिर-चेहरे और सीने पर लगातार चप्पल मारती

**वायरल वीडियो में 35 सेकंड में 37 चप्पलें मारीं**

रही। महिला जब चप्पल मारते-मारते थक गई, तो उसके सीने पर पैर से मारने लगी। पति-पत्नी ने लड़के को सड़क पर घसीटा और घूसे भी मारे। पुलिसकर्मी भी खड़े-खड़े तमाशा देखते रहे। कुछ देर बाद सभी को थाने लेकर गए। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना रविवार दोपहर गंगीरी कोतवाली गेट के ठीक सामने की है।

घटना का 52 सेकंड का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक आदमी एक लड़को को गिराकर उसका दोनों हाथ पकड़ा है। जबकि लाल साड़ी में उसकी पत्नी लड़के के मुंह और सिर पर लगातार चप्पल मार रही है। इस दौरान पति उससे कहता है- मार इसे चप्पल से। महिला उसे लगातार मारती दिख रही है। महिला उसके सिर, गर्दन, सीने और पीठ पर लगातार चप्पल मारती रही। पिटाई के बाद युवक बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव करके उसे छुड़ाया। इसके बाद पुलिस युवक और महिला के पति को थाने ले गई। वहीं, महिला भी अपने बच्चे को लेकर थाने गई।



गंगीरी थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि मेरे गांव का ही एक लड़का और उसका भाई लंबे समय से मुझे परेशान कर रहे थे। वह लगातार मेरे चरित्र पर सवाल उठा रहे थे। इसी वजह से मैं रविवार को अपने पति के साथ कोतवाली जाकर शिकायत दर्ज कराई और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहां पर मौजूद लोगों ने बताया- जैसे ही वह कोतवाली के बाहर चौराहे पर पहुंची, तो आरोपी युवक बाइक से अलीगढ़ की ओर जा रहा था। इस पर महिला के पति ने दौड़कर उसे बाइक से नीचे खींच लिया। इसके बाद पति-पत्नी ने मिलकर युवक को जमीन पर पटक कर बुरी तरह पीटा। सीओ संजीव तोमर ने बताया कि युवक की हरकतों से परेशान महिला ने उसे पीटा। सूचना मिलने पर पुलिस लड़के को बचाकर थाने ले गई। महिला ने अभी तक शिकायत नहीं दी है। इसलिए फिलहाल लड़के के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद बाकी कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।गुप्ता को सौंपा गया। ज्ञापन में फिल्म पर तुरंत बैन लगाने की मांग की गई।

# ढकेल हटवाने पहुंची नगर निगम की टीम लीडर के दुकानदार ने मारा बाट घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सोमवार को तस्वीर महल दीवानी-कचहरी के पास उस समय बवाल हो गयी कि जब अलीगढ़ नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए गई। ढकेल हटवाने के दौरान एक दुकानदार ने तराजू के बाट से टीम लीडर मुनेश पाल के बाट मारकर घायल कर दिया। दुकानदारों का आरोप था कि रमजान माह में नगर निगम के कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की। हंगामे की सूचना पर सीओ सिविल लाइन सर्वम सिंह, इंस्पेक्टर सिविल लाइन के अलावा नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। हंगामे के चलते काफी देर तक दीवानी-कचहरी के बाहर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने मारपीट करने वाले दुकानदार को हिरासत में ले लिया है।



## संक्षिप्त समाचार

### होली पर्व पर खाद्य सुरक्षा विभाग की सघन छापेमारी, 9 खाद्य नमूने जांच को भेजे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जिलाधिकारी अलीगढ़ के निर्देश पर जिले में सघन अभियान चलाया है। अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुज कुमार ने ग्राम बघियार से विपुल कुमार के प्रतिष्ठान से मिश्रित दूध का 01 नमूना और खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने ग्राम नंगला बड़ी से ऋषिपाल के प्रतिष्ठान से खोया का 01 नमूना संकलित किया। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रियेश कुमार सिंह द्वारा रुखाला क्षेत्र से मिश्रित दूध का 01 नमूना और भीखनपुर स्थित खाद्य कारोबारी जयप्रकाश से घी एवं खोया का 01 नमूना संग्रहित किया गया। होली विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी परमवीर सिंह द्वारा वनस्पति एवं मैक्रोनी के कुल 02 नमूने और खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह द्वारा नमकीन एवं पास्ता के 02 नमूने रिलायंस स्टोर, बरूला बाईपास से नियमानुसार जांच हेतु लिए गए। इस प्रकार रविवार को 09 विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार एवं सुनील शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में तैयार किए जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई। वहीं आयोजित मेगा विधिक सहायता शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी त्रिभुवन नारायण द्वारा खाद्य सचल प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य पदार्थों में मिलावट की त्वरित जांच की विभिन्न विधियों का प्रदर्शन कर आमजन को जागरूक किया गया।

### "मिशन शक्ति अभियान-5" के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सम्मान,सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । इस अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

### अमुवि के वरिष्ठ शोध फेलो ने गुजरात में किन्नर समावेशन पर दिया आमंत्रित व्याख्यान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ शोध सहायक रमीज राजा ने गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित पंद्रह दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत ह्लकार्यस्थल पर महिलाएँ: लैंगिक न्याय और आर्थिक स्वतंत्रता का समन्वयह्व विषयक श्रृंखला में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में किन्नर समावेशनह्व विषय पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के महिला एवं बाल अधिकार केंद्र तथा वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान के सहयोग से किया गया। अपने व्याख्यान में राजा ने किन्नर समुदाय के व्यक्तियों को औपचारिक रोजगार, बैंकिंग सेवाओं, ऋण प्रणाली और अन्य वित्तीय सुविधाओं तक पहुँच में आने वाली संरचनात्मक बाधाओं का विश्लेषण किया।

# अतरौली काजिमाबाद बरी पर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली ।** काजिमाबाद के स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का जबरजस्त मुकाबला "जमाबाद की ही दोनों टीमों के बीच हुआ दोनों टीमों में से विजेता और उपविजेता रही दोनों टीमों में खेल रहे, खिलाड़ियों का हार्दिक आभार और बधाई सभी खिलाड़ियों ने मिलकरऔर कमेटी ने जो स्वागत सत्कार किया ।



जिसमें विजेता टीम को मुख्य अतिथि डॉ रविंद्र पाल सिंह तथा कमेटी के समस्त कार्यकर्ताओ द्वारा टूर्नामेंट के समस्त खिलाड़ियों को बारी बारी शील्ड पुरस्कार देकर उनका तहेदिल से आभार प्रकट किया ।

# अलीगढ़ में यादव जी लव स्टोरी फिल्म पर बवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में फिल्म यादव जी लव स्टोरी को लेकर राष्ट्रवादी छात्र संगठन ने फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन किय बवाल कलेक्ट्रेट पर जमकर बवाल मचाया। किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच जमकर धक्का-मुक्की और नोंक-झोक भी हुई। इससे परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इस दौरान छात्रों ने एलान किया कि अगर फिल्म रिलीज हुई तो सिनेमाघर को फूंक देंगे।



प्रदर्शन के दौरान छात्र संगठन के कार्यकर्ता फिल्म का पुतला और पोस्टर फूंकने की कोशिश कर रहे थे। मौके पर मौजूद थाना सिविल लाइंस पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इससे छात्रों और पुलिस के बीच नोंकझोक और धक्का-मुक्की हो गई। पुलिस ने चेतावनी दी कि यदि पोस्टर जलाया गया तो मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा, लेकिन छात्र नेता अपनी मांग पर अड़े रहे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्कर शर्मा ने फिल्म की कास्टिंग और टाइटल पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के निमार्ता, निर्देशक या मुख्य कलाकार कोई भी यादव समाज से नहीं है। फिल्म की हीरोइन ब्राह्मण है और हीरो वसीम अख्तर है, जो जिहादी मानसिकता का व्यक्ति है। चेतावनी दी कि अगर अलीगढ़ के किसी भी सिनेमा हॉल में यह फिल्म चली तो सिनेमा हॉल को ही फूंकने देंगे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पूर्व में भी घुसपैठ द लव स्टोरी जैसी विवादित फिल्में बनाकर एक विशेष समुदाय की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई थी, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुतला दहन रोकने पर पुलिस और कार्यकताओं के बीच हुई धक्का-मुक्की। बाद में फटे हुए पोस्टर पुलिसकर्मी हटाते हुए नजर आए। बाद में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट अतुल कुमार।

## निर्देश | लगभग 3.50 करोड़ से नगर पंचायतवार निर्माण कार्यों में आएगी तेजी

# अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण को लेकर जिला प्रशासन सख्त,समयबद्ध पूर्णता के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** जनहित से जुड़े मूलभूत ढांचागत कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की है। जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर

**गरिमामयी अंतिम संस्कार के लिए सुदृढ़ व्यवस्था: डीएम की मॉनिटरिंग से कार्यों को मिली रफ्तार**

अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार ने बताया है कि जिले की विभिन्न नगर पंचायतों में स्वीकृत कार्य चरणबद्ध रूप से प्रगति पर हैं और शेष कार्यों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्ण कराने का लक्ष्य सभी अधिशासी अधिकारियों को दिए गए हैं। जिले में कुल 14 अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण के लिए लगभग 3.50 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। अब तक लगभग 17.43 लाख की धनराशि व्यय की जा चुकी है और कई स्थानों पर निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है।



एडीएम ने नगर पंचायतवार प्रगति एवं धनराशि की जानकारी देते हुए बताया है कि अतरौली में लगभग 40.20 लाख स्वीकृत के सापेक्ष निर्माण कार्य प्रगति पर और लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण, खैर में लगभग 40.00 लाख स्वीकृत और स्थल विकास एवं प्लेटफॉर्म निर्माण कार्य जारी है। पिसावा ने 28.79 लाख स्वीकृत और प्लेटफॉर्म एवं अन्य संरचनात्मक कार्य जारी 31 मॉर्च तक कार्य पूरा होगा। कौड़ियागंज में आवंटित धनराशि के सापेक्ष 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है।

मडराक, बरौली, हरदुआगंज, विजयगढ़, बेसवां, जट्टारी सहित अन्य नगर पंचायतों में भी स्वीकृत धनराशि के अनुरूप निर्माण प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से संचालित है। कुछ स्थानों पर भूमि उपलब्धता, तकनीकी स्वीकृति अथवा प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के कारण कार्यों में विलंब की स्थिति थी, जिसे दूर करते हुए संबंधित अधिशासी अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि अंत्येष्टि स्थल जैसी संवेदनशील और जनभावनाओं से जुड़ी सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराए जाएंगे, ताकि आमजन को सम्मानजनक एवं व्यवस्थित अंतिम संस्कार के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। जिला प्रशासन की सक्रियता से स्पष्ट है कि जनहित के मुद्दों पर त्वरित संज्ञान, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# हिंदू रक्षा दल की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** नगर में हिंदू रक्षा दल की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा और अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा।






जिसमें संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में जिला प्रभारी रविंद्र शर्मा की मौजूदगी में नई नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। वंश प्रताप सिंह तोमर को पिलखुवा नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।
कार्यक्रम में संगठन विस्तार और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई। जिला प्रभारी ने कहा कि संगठन सामाजिक सरोकारों

नगर अध्यक्ष बनने के बाद वंश प्रताप सिंह ने कहा कि वे सभी पदाधिकारियों के सहयोग से संगठन को मजबूत करेंगे और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देंगे।
बैठक में जिला उपाध्यक्ष विशाल त्यागी, नगर उपाध्यक्ष इंद्र भाटी और वंश चौहान, नगर गोरक्षा प्रमुख शिवम शर्मा, संगठन मंत्री अजय वेद, नगर प्रभारी पवन वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कद ही तो छोटा है,उड़ान तो ऊंची है: दो फुट के छोटे कद की युवती को आखिर मिल ही गया तीन फुट का हमसफर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना ।** कस्बे में शनि देव का प्रमुख दिन शनिवार को यादगार के साथ साथ एक मिशाल का कारक बन गया। और चर्चा भी ऐसी कि लोग स्वत ही आशीर्वाद देने पहुंचने लगे । कस्बे में एक ऐसी शादी संपन्न हुई, जिसने पूरे हापुड़ जनपद सहित पूरे पश्चिमी उत्तरप्रदेश का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कर लिया । और लोग कह उठे राम मिलाई जोड़ी । यह विवाह सिर्फ दो दिलों का मिलन नहीं,

- **माता पिता को मिली राहत, कस्बे की यादगारी में शुमार हुई ये अनोखी शादी**
- **चर्चा का विषय बनी रही छोटे कद की ये शादी, लोग आशीर्वाद देने पहुंचे**

बल्कि धैर्य, विश्वास और सकारात्मक सोच की जीती जागती मिसाल बन गया। एक बार फिर यह कहावत चरितार्थ होती नजर आई कि जोड़ियां तो स्वर्ग में ही बन जाती है । जमीन पर तो सिर्फ प्रभु आदेशों की औपचारिकता पूरी की जाती है । और धौलाना में यह कहावत चरितार्थ हुई। बता दे की कस्बा धौलाना के पेठ मैदान निवासी सतपाल अपनी पुत्री चाऊंल की शादी को लेकर लंबे समय से चिंतित चल थे। वजह बेटी की लंबाई मात्र 2 फुट 7 इंच थी । जिसके चलते उसे उपयुक्त





वर नहीं मिल पर रहा था । कहते है ना प्रभु के देर है अंधेर नहीं मोदीनगर निवासी यशपाल प्रजापति के पुत्र विजय, जिनकी लंबाई लगभग 3 फुट है, के लिए भी जीवनसाथी की तलाश चल रही थी। एक रिश्तेदार के माध्यम से दोनों परिवारों का संपर्क हुआ। आपसी सहमति और समझदारी के बाद आखिर रिश्ता तय हो गया।
शनिवार को विजय बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर नाचती बारात के साथ धौलाना पहुंचे। बारात को देखने के लिए लोग घरों से बाहर निकल आए। जयमाला के दौरान भावुक और उत्साहित माहौल देखने लायक था। लोगों ने इस विशेष पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया। सनातनी विधि-विधान से इस शादी को पंडित प्रदीप शर्मा चाणक्यपुरी ने संपन्न कराया ।इस विवाह में दोनों परिवारों साथ साथ कस्बे लोगो ने भी नवदंपति को खूब खूब आशीर्वाद दिया। यह शादी इस बात का संदेश दे गई कि रिश्तों की सच्ची मजबूती कद-काठी से नहीं, बल्कि आपसी समझ, सम्मान और अटूट विश्वास से तय होती है।

# पिलखुवा में श्रीरामकथा महोत्सव की तैयारियां पूर्ण,कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** नगर में आयोजित होने जा रहे श्रीरामकथा महोत्सव को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।
इसी क्रम में रविवार को मोहल्ला गढ़ी स्थित मंदिर प्रांगण में पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 7 मार्च से 15 मार्च तक रामलीला मैदान में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीरामकथा का रसपान कराया जाएगा।
आयोजन के शुभारंभ पर 7 मार्च को दोपहर 1 बजे नगर के विभिन्न मंदिरों से 3100 कलशों के साथ भव्य






कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। इसके अतिरिक्त 28 फरवरी को सुबह 9 बजे रेलवे रोड से पथ संचलन निकाला जाएगा। समिति ने नगरवासियों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। बैठक में समिति अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षकों ने टीईटी थोपे जाने के विरोध में किया पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य

# परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य





**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** वर्ष 2011 से पूर्व शिक्षकों पर टीईटी थोपे जाने के विरोध में टीचर फैडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर सोमवार को जिले के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया। शिक्षक नेता नीरज चौधरी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों शिक्षक 24 ओर 25 फरवरी को भी बांह पर काली पट्टी बांध कर

**2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने की मांग उठाई**

शिक्षण कार्य करेंगे एवं दिनांक 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे । मार्च के तीसरे सप्ताह में दिल्ली में रैली आयोजित की जाएगी। शिक्षकों की मांग है,कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व के शिक्षकों को जब तक टेट अनिवार्यता से छूट प्रदान नहीं की जाएगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष संदीप सिरोही ने मांग करते हुए कहा कि सरकार को इस निर्णय को वापिस लेकर शिक्षकों को उचित सम्मान देना होगा,अन्यथा विरोध चलता रहेगा। इस अवसर पर शिक्षक संजय कुमार, जफर, अंकुर त्यागी,अमित कुमार, अमरजीत, आबिद अली, कंचन,सुधा यादव,कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# कलयुगी पोते-बहू ने दादी को घर से निकाला,थाने पहुंची पीड़िता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बझेड़ा खुर्द से रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। वृद्धा राजवंती ने अपने ही पोते और उसकी बहू पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। सोमवार सुबह दादी थाने पहुंचीं और पुलिस को अपनी आपबीती सुनाई।
पीड़िता के अनुसार रविवार रात करीब 10 बजे मामूली कहासुनी के बाद पोते और बहू ने उनके साथ गाली-गलौज की। आरोप है कि दोनों ने धक्का-मुक्की कर उन्हें घर से बाहर कर दिया। वृद्धा का कहना है कि जिस घर को बसाने में उन्होंने जीवन लगा दिया, उसी घर से उन्हें बेदखल कर दिया गया।




थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्टूडेंट्स को क्षय रोग एवं कैंसर के लक्षण की दी जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भारत सरकार द्वारा निर्देशित जनपद में आयोजित किए जा रहे टी0बी0 एवम् कैंसर स्क्रीनिंग शिविरों की कड़ी में सोमवार को मोदीनगर रोड स्थित श्री माधव कॉलेज ऑफ

**श्री माधव कालेज ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी लगाया स्वास्थ्य शिविर**

एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी के सभागार में जिला क्षय रोग अधिकारी की अध्यक्षता में एक स्क्रीनिंग शिविर एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में सभी छात्र छात्राओं की स्क्रीनिंग की गई।
जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि भारत सरकार मुहिम



चला कर देश को टी 0बी0 मुक्त करने का कार्य कर रही है। जिसके अंतर्गत इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं।
जिस भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक की खांसी। खांसी के साथ बलगम आना बलगम में खून का आना छाती में दर्द रहना भूख कम लगना वजन का घटना रात में सोते समय पसीना आना आदि लक्षण दिखाई देते हैं,तो अपने निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में आप जांच कर सकते हैं,सरकारी अस्पताल में सभी जांच में उपचार निःशुल्क उपलब्ध है।
डॉ0 सिंह ने बताया की टी0 बी 0के मरीज को पूरा इलाज लेना चाहिए इलाज अधूरा छोडने पर टी0वी0 की बीमारी का इलाज हो सकती है।
इस अवसर पर प्रबंधक कुलदीप कुमार कसाना, कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ 0 मुनेश कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष सचिन शर्मा, लिपिक संदीप कुमार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ संजय कुमार, जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी, विजित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राजेंद्र राठी बने जिलाध्यक्ष,अब संभालेंगे पत्रकार संगठन की कमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** जनपद हापुड़ में पत्रकारिता क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है।
जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा राजेंद्र सिंह राठी को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन की इस घोषणा के बाद स्थानीय पत्रकारों व विभिन्न सामाजिक संगठनों में उत्साह देखा गया।
नियुक्ति के उपरांत अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने राठी से भेंट कर उन्हें बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में सामाजिक, व्यापारिक एवं पत्रकार संगठनों के पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।
अपने संबोधन में राजेंद्र राठी ने कहा कि संगठन की एकजुटता उनकी प्राथमिकता



रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों की सुरक्षा तथा समाज के प्रति जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

**वार्षिकोत्सव**

## मुख्य अतिथि एसएसपी अलीगढ़ नीरज जादौन ने बच्चों को किया पुरस्कृत

# एसएचवीएम पब्लिक स्कूल नारायणपुर ने धूमधाम से मनाया 23वां वार्षिकोत्सव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना।** इलाके की सबसे बड़ी शिक्षण संस्था एस एच वी एम ने अपने स्कूल का 23 वा वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया।
कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न देश भक्ति, सामाजिक, शिक्षा, मोबाइल ओर सोशल

**जिला विद्यालय निरीक्षक डा स्वेता हापुड़ ने भी बढ़ाया बच्चों उत्साह**

मीडिया दूरी बनाए जाने से ओत प्रोत प्रस्तुति पेश कर उपस्थित जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम में आने वाले सभी मेहमानों ओर अतिथियों का स्वागत स्कूल संस्थापक, किसान नेता, प्रताप सेना प्रमुख ललित राणा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसएसपी अलीगढ़ नीरज कुमार जादौन, जिला विद्यालय निरीक्षक हापुड़ डा स्वेता पुठिया और भारतीय सेना के कर्नल










विजयंत चौहान ने पहुंच बच्चों का उत्साह वर्धन किया । इस मौके पर एसएसपी अलीगढ़ नीरज जादौन ने अपने विद्यार्थी जीवन के संघर्ष को साझा करते हुए शिक्षा के महत्व पर बल दिया साथ ही सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया और बच्चों को शिक्षा के दम पर अपने सपनों को साकार करने और मिले समान अवसर का जिक्र करते हुए परिवार व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया । साथ ही उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के दौरान मोबाइल और सोशल मीडिया से उचित दूरी बनाए जाने की भी अपील की। वही उन्होंने खेल कूद शारीरिक दक्षता पर भी विशेष ध्यान देने के टिप्स बच्चों को दिए । जिला विद्यालय निरीक्षक हापुड़ डा स्वेता ने कहा की एसएचवीएम संस्था ग्रामीण अंचलों के छात्र छात्राओं को शिक्षा का श्रेष्ठ वातावरण तैयार कर शिक्षित कर रही है। उसके लिए विद्यालय से जुड़े तमाम सभी लोगों को वो बधाई देती है। उन्होंने कहा की ललित राणा ने अपनी मेहनत और सूझ बूझ से इस वृहत संस्था की स्थापना गांव नारायणपुर में कर इस क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के लोगों को बड़ी सौगात दी है। विद्यालय से जुड़े सभी लोग बधाई के पात्र है । वही उन्होंने बच्चों द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुति पर बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया । कार्यक्रम का आरंभ छात्र छात्राओं मनमोहक प्रस्तुतियों के की ।
जिसमें शिक्षा, माता पिता का सम्मान, दहेज कुरीति, सामान अवसर, सामान्य ज्ञान, घटती उर्वरता एवं बढ़ती बीमारियां, देश की सीमाओं पर लोहा लेते हमारे वीर जवान जैसी चलचित्र लघु कृति पेश कर जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया । इस मौके पर विद्यालय डायरेक्टर अमित कुमार राणा, प्रधानाचार्य पूनम सिन्धु , डायरेक्ट एस्गलोरीअरुण मलिक, आदि सहित समस्त विद्यालय के स्टाफ , अभिभावक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचलों के लोग उपस्थित रहे ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# ऑपरेशन भी होगा तो शर्तों के साथ



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

तो आज का वक्त भारत का सेनापति बेचारा (थलसेना प्रमुख-जनरल एमएम नरवणे) 'सबसे ऊपर से.. आदेश की प्रतीक्षा के अनुभव वाला। अंत में जवाब-जो उचित समझो, वह करो। कितनी गंभीर बात। तभी विचार करें नेहरू के बनाए भारत और जिन्ना के बनाए पाकिस्तान में क्या फर्क है? नेहरू की जिद्द थी कि सिविल सरकार से सेना आदेश लेगी। जबकि जिन्ना ने दिमाग नहीं लगाया। नतीजतन पाकिस्तान में रिवाज है सेना देगी सिविल सरकार को आदेश। वह चलाएगी सरकार! इस फर्क को क्या नरेंद्र मोदी, अजित डोवाल, राजनाथ सिंह, अमित शाह, जयशंकर या संघ परिवार के लाठीधारी जानते हैं? चलिए आज आपको राहुल गांधी के पुरखे जवाहरलाल नेहरू की समझ का एक प्रमाण दें। वह सबूत, जिससे पाकिस्तान में सैनिक सर्वशक्तिमान है वही लोकतांत्रिक भारत भयाकुल सिविलियन नरेंद्र मोदी से शासित है। नेहरू आजादी से पहले अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री थे। वायसराय की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष थे। वह कार्यकारिणी देश के प्रशासन का बिंदु थी। उसमें ब्रितानी सेना के प्रमुख की सदस्यता अनिवार्य थी। पर नेहरू ज्योंहि उपाध्यक्ष बने उनका निर्णय था नागरिक व्यवस्था, राजनीतिक निर्णयों की बैठकों में सेना प्रमुख का क्या काम! वह सदस्य नहीं होगा। उन्होंने वायसराय कार्यकारिणी में सेना प्रमुख को सदस्य नहीं बनाने की अनुशंसा की। नेहरू ने साफ स्टैंड लिया कि शासन-प्रशासन से सेना को दूर रखा जाना चाहिए, ताकि सत्ता का संतुलन नागरिक नेतृत्व के अधीन रहे। तब नेहरू और कांग्रेस नेताओं को बोध था कि भारत में विदेशी शासन सैन्य छावनियों के बल पर था। सो, भविष्य के लोकतांत्रिक भारत में सेना को शासन से दूर रखने का निर्णय हुआ। और नेहरू ने वायसराय कार्यकारिणी में सेना प्रमुख के स्थान पर सेना के प्रतिनिधि मंत्री के रूप में नेता सरदार बलदेव सिंह को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया। फिर वह हरसंभव प्रयास किया, जिससे सेनाध्यक्ष की प्रशासनिक मामलों से दूरी बनी। वह हस्तक्षेप न हो और न ही नीतिगत निर्णयों में निर्णयकर्ता या भागीदार बने। लोकतंत्र को स्थिर, टिकाऊ बनाए रखने के लिए उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर एक कैबिनेट समिति का गठन किया। इसी से नागरिक और सैन्य नेतृत्व के बीच एक संस्थागत संतुलन स्थापित हुआ। इसके अलावा, नेहरू ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के कार्यकाल को निश्चित अवधि का बनाया, जिससे सैन्य पदों पर अनावश्यक राजनीतिक प्रभाव को रोका जा सके। सेवानिवृत्त सेना प्रमुखों, जैसे जनरल करियप्पा, को दूरस्थ देशों में राजदूत नियुक्त किया। मतलब सैन्य नेतृत्व की राजनीतिक सत्ता से दूरी बनाए रखने की परंपरा बनाई। खुफिया एजेंसियों के माध्यम से निगरानी तंत्र विकसित किया। तभी नेहरू से मोदी के सत्ता में आने तक हर सरकार ने तीनों सेनाओं के प्रमुख अलग-अलग रखे। चीन के हमले के बाद तीनों सेना के कमान से ऊपर एक प्रमुख की नियुक्ति की सलाह दी जाती रही। लेकिन भारत के सभी प्रधानमंत्रियों ने नेहरू की इस समझ को अपनाए रखा कि एक शक्तिशाली सैन्य पद लोकतंत्र के लिए खतरा बन सकता है। उस सोच-सावधानी को प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष का पद (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस) बना कर और सन 2020 में जनरल रावत को नियुक्त कर खत्म किया। शायद इसलिए क्योंकि गुजरात से आए नरेंद्र मोदी ने अपनी कमी (सीधे बात करने, निर्देश देने, कैबिनेट में रियल विचार विमर्श निर्णय की क्षमता, विश्वास में कमी) को ढकने के लिए सीएमओ के ढर्रे पर खास-विश्वस्त एनएसए अजित डोवाल, पीएमओ के प्रमुख सचिव, विश्वस्त अमित शाह की कमांड बनाई तो सेना के लिए भी एक विश्वस्त की जरूरत थी। सो, वे बतौर सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल (आईपीएस अफसर) को मन की बात कहें।

# अगर कांग्रेस ने अब भी सुधार नहीं किए तो वह दिन दूर नहीं जब यह पार्टी इतिहास के पन्नों तक सीमित रह जाएगी

देखा जाय तो कांग्रेस 2014 से लगातार गलतियों पर गलतियां कर रही है । हाल कि गलती से जो हाल में उसकी किरकिरी हुई है उससे उसके ही साथी दल नाराज है और कांग्रेस से किनारा कर रहे है ।

बताया जाता है कि दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'अकइंडिया समिट 2026' में यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं के किए गए शर्टलेस प्रदर्शन की जमकर निंदा हो रही है। समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव ने भी इस प्रदर्शन की आलोचना की।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने झांसी में मीडिया से बात करते हुए कहा कि विदेशी प्रतिनिधिमंडल के सामने ऐसा नहीं करना चाहिए था। यूथ कांग्रेस को विदेशी डेलीगेट्स के सामने अपमान करने से बचना चाहिए था । उन्होंने इशारों-इशारों में आगे कहा, 'अब जो और हंगामा (कांग्रेस यूथ का प्रदर्शन) हुआ है, मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। भाजपा सरकार झूठ बोलती है धोखा देती है। वह अलग बात है कि हमारे बीच मतभेद हैं, हम आंतरिक लड़ाई लड़ सकते हैं। अब तो पूरा देश जान चुका है कि बीजेपी झूठ बोलती है, लेकिन ऐसा प्रदर्शन नहीं होना चाहिए था जिससे विदेशी प्रतिनिधिमंडल के सामने देश का अपमान हो।'

इससे पहले बहुजन समाजवादी पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने यूथ कांग्रेस कार्यकताओं के कृत्य की कड़ी निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि अगर यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन समिट के दौरान ऐसा आचरण देश की गरिमा और छवि को धूमिल करने वाला था, ऐसा नहीं करना ही उचित होगा। मायावती ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा, 'नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' जिसमें देश और विदेश के भी काफी प्रमुख लोग आमंत्रित थे और इवेंट अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में था। इस दौरान जिन भी लोगों द्वारा अर्द्धनग्न होकर अपना रोष प्रकट किया है जिसमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताए जा रहे हैं, वह अति-अशोभनीय और निन्दनीय है।'उन्होंने आगे लिखा, 'अगर यह सम्मेलन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन समिट के दौरान ऐसा आचरण करना यह चिन्ता की बात है अर्थात अपने देश की गरिमा और छवि को ना बिगाड़ा जाये तो

इसके बाद वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया और पूर्व आंध्र मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने भी कांग्रेस पार्टी की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीतिक मतभेदों के बावजूद दुनिया के सामने हमें एकजुट होकर नजर आना जरूरी है। उन्होंने लिखा, "कल एआई समिट में यूथ कांग्रेस ने हम सभी को शर्मिंदा किया है। हमारी राजनीति किस दिशा में जा



अशोक भाटिया

रही है। किसी को भी कभी हमारे देश को ऐसे नीचा नहीं दिखाना चाहिए। राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन दुनिया के सामने हमें आपस में एकजुट होकर ही रहना चाहिए।"

भाजपा समेत तमाम पार्टियों ने भले ही इस मुद्दे पर सरकार का साथ दिया हो, लेकिन कांग्रेस पार्टी अभी भी अपनी गलती न मानते हुए अपने कार्यकताओं के साथ खड़ी हुई है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से कहा गया है कि भारत एक लोकतंत्र है और लोकतंत्र में, विरोध करने का अधिकार सभी का होता है, सभी को अपनी राय रखने का अधिकार होता है।पार्टी का कहना है कि यह प्रदर्शन 'लाखों गुस्साए बेरोजगार युवाओं की आवाज" थी। इस विरोध प्रदर्शन का निशाना 'समझौता करने वाले' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। कांग्रेस ने कहा कि यूथ कांग्रेस अक समिट के खिलाफ नहीं हैं, और वे अब और चुप नहीं बैठेंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि देश में पिछले 12 सालों से दरारों को छिपाया जा रहा है। आज देश के नौजवानों ने उन दरारों पर चिपकाए गए इश्तेहारों को फाड़ दिया है।

कांग्रेस नेता राहुल गाँधी कहना है कि आज यूथ कांग्रेस ने नौजवानों के रोष, गुस्से को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के जरिये एआई समिट में दर्ज कराया। खेड़ा ने कहा कि मीडिया का एक धड़ा इसको लेकर शोर मचा रहा है कि बहुत गलत जगह विरोध प्रदर्शन किया है। इससे देश की बदनामी हो गई। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि विरोध प्रदर्शन कहां किया जाता है? उन्होंने कहा कि विरोध वहीं होता है जहां लोगों को दिखता है। कांग्रेस नेता ने शायराना अंदाज में सरकार पर तंज कसा।

दरअसल कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या नेतृत्व की कमी है। राहुल गांधी को युवा नेता के तौर पर पेश किया गया, लेकिन वे जनता से जुड़ने में नाकाम रहे। उनकी सबसे बड़ी गलती यह रही कि वे राजनीति को गंभीरता से नहीं ले सके। 2014 में ‌आलू से सोना बनाने‌ वाला बयान हो या चुनाव प्रचार के दौरान छुट्टियां मनाना ऐसे कई मौके आए जब राहुल की छवि एक गैर-गंभीर नेता की बनी। वे न तो पार्टी संगठन को मजबूत कर पाए और न ही चुनावी रणनीति में कोई नया प्रयोग किया।राहुल गांधी की दूसरी बड़ी गलती थी, युवा नेताओं को आगे न बढ़ाना। ज्योतिरादित्य सिंधिया, हिमंता बिस्वा सरमा जैसे कई युवा नेता कांग्रेस छोड़कर चले गए क्योंकि उन्हें पार्टी में उचित सम्मान नहीं मिला।

कांग्रेस पार्टी का पूरा ढांचा गांधी परिवार के इर्द-गिर्द घूमता है। पार्टी में लोकतांत्रिक तरीके से नेता नहीं चुने जाते। चाहे कोई कितना भी मेहनत करे, अगर वह गांधी परिवार के करीब नहीं है तो उसे महत्वपूर्ण पद नहीं मिलता। इस रॉयल फैमिली वाली छवि ने पार्टी को बहुत नुकसान पहुंचाया है। आम जनता को लगता है कि यह पार्टी सिर्फ एक परिवार की संपत्ति है।

1990 के दशक तक कांग्रेस का हर गांव, हर मोहल्ले में मजबूत संगठन था। लेकिन आज वह संगठन लगभग खत्म हो चुका है। कांग्रेस कार्यकर्ता अब सक्रिय नहीं रहे। दूसरी तरफ, भाजपा ने फ्रर के माध्यम से जमीनी स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा कर लिया है। कांग्रेस के पास न तो कार्यकर्ता हैं और न ही उन्हें प्रेरित करने का कोई विचार।

मोदी सरकार ने राष्ट्रवाद, विकास और हिंदू पहचान के मुद्दों को बहुत प्रभावी तरीके से उठाया। कांग्रेस इसका कोई प्रभावी जवाब नहीं दे पाई। पार्टी ने अपनी राजनीति में कोई नई सोच नहीं विकसित की। वे न तो विकास के मुद्दे पर भाजपा को चुनौती दे पाए और न ही अपनी धर्मनिरपेक्षता की बात को नए तरीके से पेश कर पाए। हर चुनाव में कांग्रेस सिर्फ ‌मोदी विरोध‌ करती दिखी, लेकिन अपना कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं रख पाई।

आज के दौर में गठबंधन की राजनीति बहुत जरूरी है, लेकिन कांग्रेस इसमें बहुत कमजोर साबित हुई है। बिहार में ही देखें तो राजद और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर काफी विवाद हुआ। कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस को खारिज कर दिया क्योंकि उन्हें लगता है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन से फायदा नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस दोनों ही कांग्रेस को गंभीर सहयोगी नहीं मानते।

भाजपा ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार में बहुत निवेश किया है। हर मंच पर भाजपा के समर्थक सक्रिय हैं। लेकिन कांग्रेस इस मोर्चे पर बहुत पीछे है।

## नन्हे कदम, बड़ा मैदान

नन्हे बच्चे मैदान आए,
खेलने का मन बनाए।
हाथ में बैट, गेंद भी लाल,
खेल लगे सबको कमाल।

अंकल पास खड़े मुस्काएँ,
शाबाश! कहकर हौसला बढ़ाएँ।
खेल-खेल में सीखें हम,
मिलकर आगे बढ़ते हम।

हार-जीत की चिंता छोड़,
दोस्ती से जुड़े हर मोड़।
हँसता-खेलता बचपन प्यारा,
सबसे सुंदर जग में सारा।



डॉ. सत्यवान सौरभ

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# होली के असली रंग,विजया भारती के संग!

## लोकगायिका विजया भारती का ताजातरीन होली गीत रिलीज हो गया है

नई दिल्ली, भारतीय लोक संस्कृति की वैश्विक पहचान और आकाशवाणी व दूरदर्शन की 'टॉप-ग्रेड' कलाकार, विद्यावाचस्पति (Ph.D.) विजया भारती ने इस होली अपने प्रशंसकों के लिए एक शानदार सौगात पेश की है। भोजपुरी और मैथिली लोक संगीत की सुप्रसिद्ध आवाज में उनका नया पारंपरिक होली गीत "अर अर रर रंग डाले छ्यलवा" आधिकारिक तौर पर रिलीज कर दिया गया है। सांस्कृतिक विरासत का संरक्षणः पिछले चार दशकों से लोक संगीत की सेवा कर रहीं विजया भारती ने इस गीत के माध्यम से पूर्वांचल की पारंपरिक होली और 'फगुआ' की मिठास को जीवंत कर दिया है।

22 से अधिक देशों में भारतीय संस्कृति का परचम लहराने वाली विजया भारती को 'फगुआ की रानी' कहा जाता है। उनके इस नए गीत में ग्रामीण परिवेश की मस्ती और होली के पारंपरिक रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। पर उनके प्रसिद्ध 'जोगीरा सारा रा रा' के स्वर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर देते हैं। बहुआयामी व्यक्तित्व की धनीः विजया भारती केवल एक गायिका ही नहीं, बल्कि एक प्रखर लेखिका और एंकर भी हैं। उन्होंने 18 भाषाओं में गायन किया है और 11 पुस्तकें प्रकाशित की हैं। महुआ TV के चर्चित शो 'बिहाने बिहाने' और ETV के 'तेरे मेरे गीत' की एंकर के रूप में उन्होंने घर-घर में अपनी पहचान बनाई है।

**गाने की मुख्य विशेषताएंः**

पारंपरिक धुनः आधुनिक शोर-शराबे से दूर, यह गीत ठेठ देसी अंदाज में तैयार किया गया है।

मस्ती भरे बोलः गीत के बोल जैसे "5



लाख के चुनरी" और "लाल गुलाल उड़ाए छलवा" होली के उत्साह को दोगुना कर देते हैं।

विरासत का अनुभवः जन्म से लेकर मृत्यु तक के हर अवसर के गीतों की विशेषज्ञ होने के नाते, विजया जी ने इस 'फगुआ' में लोक संगीत की आत्मा को पिरोया है।

# दूध उत्पादन में भारत विश्व में शीर्ष पर,वही मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर,एक समीक्षा



डॉक्टर.बी.आर.नलवाया

हर घर में बच्चें से लेकर वृद्धजनों के लिए दुग्ध की जरूरत बनी रहती है, क्योंकि हम सभी दूध या इससे बने उत्पादों जैसे दही, छाछ, लस्सी, पनीर, घी, मक्खन, आइसक्रीम, मिठाई आदि का किसी न किसी रूप में उपयोग करते हैं। देशी गायों का दूध हमारे लिए बेहद उपयोगी है, क्योंकि इसमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता काफी अधिक होती है। वैसे तो यहां गाय भैंस दोनों के ही दुग्ध का अध्ययन किया गया है। दूध के अंदर विटामिन, कैल्शियम, फैट्स, मिनरल जैसे सारे पोषक तत्व मिलते हैं। इसलिए इसे संपूर्ण आहार भी कहा जाता है।

देश में दूध, दही, बटर, पनीर जैसे दुग्ध उत्पादों का इन दिनों बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बन चुका है, विश्व के दुग्ध उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। वर्ष 2014 में भारत में 14.6 करोड़ टन दूध का उत्पादन होता था वहीं 2022 में यह बढ़कर 21 करोड़ टन पर पहुंच गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2025 में देश में दूध उत्पादन 24.8 करोड़ टन के उच्चतर स्तर पर पहुंच गया है , पिछले 11 सालों में इसमें 69.4 प्रति शत की वृद्धि देखने को मिलती है । उल्लेखनीय है कि वर्ष 1974 में दूध का उत्पादन 2.3 करोड़ टन था। रोजगार की दृष्टि से 8 करोड़ से अधिक लोगों की आजीविका पशुधन से ही चल रही है।

**देश में दुग्ध की स्थिति, उपभोग और मूल्य वृद्धि के साथ मिलावट और मध्य प्रदेश की स्थिति बारे में चिंतन पर आधारित लेख"**

दुग्ध उत्पादन में देश मे पहले स्थान पर पंजाब के साथ उत्तरप्रदेश, दूसरे स्थान पर राजस्थान एवं तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है।

गौरतलब है, कि पिछले वर्षों में गुजरात के बनासकांठा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा , कि दुग्ध उत्पादन में भारत दुनिया में शीर्ष पर है, इस लिहाज से मध्यप्रदेश का योगदान भी उल्लेखनिय हैं। देश में दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश का 9.12 प्रतिशत का योगदान है । देश में मध्य प्रदेश का तीसरा स्थान है। इसे अगले 5 वर्षों में बढ़कर 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है। आज की स्थिति में 9 लाख समितियाँ दूध का संग्रहण करती हैं । इसे 55 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है। मध्य प्रदेश में बीते 7 वर्षों में दूध उत्पादन के क्षेत्र में मजबूती दर्ज की गई। वर्ष 1918-19 में के बाद प्रदेश में दूध उत्पादन में हर साल बढ़ोतरी देखी गई । 20-21 में उत्पादन करीब 190 लाख टन दर्ज किया गया। दूध का उत्पादन बढ़कर 2023-24 में यह आंकड़ा 220 लाख टन रहा। अब वर्ष 2024- 25 में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन करीब 230 लाख टन हो गया। विश्व का 25% दुग्ध भारत में उत्पादित होता है, लेकिन मांग 28% तक बढ़ गई है। दूध की मांग बढ़ने और सप्लाई सीमित होने के कारण ,अब दूध ?40/प्रति लीटर से बढ़कर ?60/ से ?80 / प्रति लीटर तक पहुंच गया है। दूसरी तरफ पिछले वर्षों चारे के संकट में खेती का रकबा कम हुआ और जानवरों को खिलाने वाला बाजरा अतिवृष्टि से जड़ों से उखड़ कर खेतों में पानी से सड़ने लगा, इससे देश में पशुचारे की कीमतें भी बढ़ी है। दुग्ध उत्पादक को .75 पैसे न्यूनतम मिलते है ,जब हम ?1/ के दुग्ध की खरीदी करते हैं।



देश की अर्थव्यवस्था में डेयरी उद्योग का 5% योगदान है। भारतीय दूध उद्योग में आई इस क्रांति को श्वेत क्रांति, दुग्ध क्रांति जैसे नामों से जाना जाता है, लेकिन वास्तविक अर्थों में तो यह स्त्री उद्यम की क्रांति है। ग्रामीण जीवन का अनुभव रखने वाले पाठक इस बात से भली-भांति परिचित है, कि दुधारू पशुओं का पालन मूल रूप से महिलाएं ही करती है। वर्ष 1955 से महिला डेयरी सहकारी नेतृत्व कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी, और इसके परिणाम आज पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। आज सहकारी दुग्ध के उत्पादन का यह नेटवर्क भारत के 418 जिलों में 1,55,634 ग्राम स्तरीय समितियों तक फैला हुआ है और इसमें लगभग 1.51 करोड सक्रिय दुग्ध सदस्यों में 43 लाख महिलाएं हैं।

बीते गत वर्षों में गोवंश में आई महामारी लंपी- डीसिस के कारण करीब 1,86,000 मवेशियों की मौत का आंकड़ा सामने आया था । ऐसे में दुग्ध का उत्पादन तो घटा, परंतु देश में दुग्ध की मांग 8 से 10% बढ़ी। यदि देखा जाए तो आजादी के समय देश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता मात्र 126 ग्राम थी, जो आज 485 ग्राम से ज्यादा हो गई है।

भारत में मिलावटी दूध के मामलों में भी विश्व में सबसे आगे के स्तर पर जा रहा है। स्पष्ट है, पिछले वर्षों में देश भर में जाच? गए दूध के हर तीन नमूने में से एक गुणवंताहीन पाया गया। जाहिर है कि दूध के तीन नमूनों में से एक की जांच में गुणवत्ता हीनता पाई गई। इस तरह 330 लीटर दूध में नमूनो में से 233 ( 70.6 प्रतिशत ) में एक या एक से अधिक मिलावटी दूध पाए गए। मिलावटी दूध 2015 के बाद उच्च स्तर पर पहुंच गया ,अब 2025 में 38 प्रतिशत नमूने में मिलावट पाई गयी हैं। जनता में दुग्ध की मांग एवं आज भारत दुग्ध उत्पादन में दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक होते हुए भी यहाँ गौ संवर्धन की नीति बहुत लचर है, इस पर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** – डॉक्टर,आईआईटी सम्बन्धी क्षेत्र में उन्नति करेंगे, बीपी, पाइल्स,अधिक नमक से समस्या होगी, विवाह में विवाद सम्भव हैं।

**वृषभ** – विवाह में अटकलें दूर होगी, रेडीमेड गारमेंट,खिलौना व्यवसाय, प्ले-स्कूल चलेगा, नौकरी में थोड़ा संघर्ष होगा पैसा परिवार के लिए कम पड़ेगा।भाग्य प्रतिशत-61

**मिथुन** – सरकारी कार्य में व्यस्त रहना पड़ेगा, वाहन का चालान हो सकता हैं, भड़कने की नौबत आ सकती है, घर में बेटी का जन्म सम्भव हैं, सही निर्णय ले। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** – मन शांत रखें, सामाजिक कार्य की जिम्मेदारी बढ़ेगी, शासन-प्रशासन से बातचीत होगी, नौकरी में अच्छा दिन रहेगा, बॉस को प्रभावित करेंगे। भाग्य प्रतिशत-68

**सिंह** – प्रशासनिक सेवा,लॉ, राजनीति में है तो सख्ती करेंगे, अपने प्रति विरोध को झेल लेंगे, कालोनाइजर है तो काम में ध्यान रखें, आंखों,चर्म रोग का ईलाज ले सकते हैं।

**कन्या** – मॉडलिंग, फिल्म एनीमेशन, फैशन डिजाइनींग के क्षेत्र में कार्य मिलेगा, किसी चीज के डिस्ट्रीब्यूटर है तो कार्य अच्छा चलेगा।

**तुला** – जीवन में जल्दी कोई अच्छा कार्य होने जा रहा है, उपहार, धन, लग्जरी बढ़ेगी, दांतों को ठीक करवा सकते हैं, नई नौकरी भी मिल सकती है। भाग्य प्रतिशत-81

**वृश्चिक** – विदेश यात्रा कर सकते हैं, विदेशी जीवन साथी भी प्राप्त हो सकता हैं, किसी सम्बन्धी से समबन्ध सुधर सकते हैं, उग्र भाषा का प्रयोग करना पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-73

**धनु** – जो भी कार्य करेंगे उसमें अपना वर्चस्व रखेंगे, क्रोध उत्तेजना बढ़ेगी, सरकारी कार्य से लाभ होगा, धर्म कर्म कार्य में लगे रहेंगे।

**मकर** – अपने पैसे का मेनेजमेंट करें, दूसरे शहर में बसने का सपना पूरा होगा, जो भी दक्षता है उससे आय होगी, लोगों से मिलना जुलना लाभदायक रहेगा।

**कुंभ** – संगीत ऑर्केस्ट्रा, ब्यूटीशियन, केटरिंग, फूड डिलिवरी कार्य में उन्नति होगी, भाई बहनो में किसी बात पर बहस सम्भव हैं, पैसे की कमी नहीं होगी। भाग्य प्रतिशत-77

**मीन** – जीवन साथी से मतभेद दूर करें, पैसे के लेनदेन में सावधानी रखें, किसी भी कार्य में मेनेजमेंट अच्छे से करेंगे,विवाह के लिए देखने दिखाने की रस्म हो सकती हैं।



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# गन्ना किसानों को गन्ना उपयोग में होने वाली दवाईयों पर छूट दी जाये:पवन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष चौ.पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में पदाधिकारियों व किसानों ने उत्तर प्रदेश सरकार में गन्ना विकास मंत्री व चीनी मिल के नाम छह सूत्रीय मांग पत्र जिला गन्ना अधिकारी को सौंपा।

भेजे गये मांग पत्र में भाकियू पदाधिकारियों व किसानों ने कहा कि जो शुगर मिल गन्ना भुगतान समय से नहीं कर रही है, उनके क्रय केन्द्रों पर किसानों से ट्रांसपोर्ट का किराया नहीं लेने,किसानों को घरेलू उपयोग के लिए चीनी देने,गन्ना किसानों को गन्ना उपयोग में होने वाली दवाईयों पर छूट देने,शुगर मिलों से खाद मेली पर छूट देने,गन्ना वेरायटी पर कार्य



करने,सामान्य गन्ना वैरायटी भी विकसित करने की मांग की है। इस अवसर पर कटार सिंह,बबलू चौधरी,मोनू त्यागी, व रवि भाटी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस व गौ तस्करों की बीच मुठभेड़,दो गिरफ्तार,एक घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा।** सोमवार को कोतवाली पुलिस की क्षेत्र अंतर्गत करौली गांव के समीप गौ तस्करों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें दो गो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसमें एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बदमाशों के कब्जे से पशुओं को कब्जे में लेने के सामान के साथ अवैध हथियार बरामद हुए। सोमवार को कोतवाली पुलिस क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे के गांव करौली अंडरपास पर बेरीकेडिंग कर चेकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर दो युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम को देख बदमाशों ने बाइक को उल्टा लौटाकर बाइक को भगाना शुरू कर दिया। पुलिस टीम को संदेह होने पर पीछा करने पर करौली गांव के समीप बदमाशों ने अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर फायर कर





दिया। पुलिस टीम द्वारा बचाव करते समय एक गोली बदमाश के पैर में जा लगी। जबकि दूसरे बदमाश को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। घायल बदमाश की पहचान सलमान पुत्र बुखारी थाना केराना जिला शामली, असलम पुत्र अकबर निवासी रोहिंदा थाना अरनिया जिला बुलंदशहर के रूप में हुई। जिनके कब्जे से दो तमंचा,दो जिन्दा कारतूस, दो खाली खोखा, एक चोरी की बाइक, दो चाकू, पशुओं को बांधने में प्रयोग होने वाले दो रस्से, एक सिरिंज, एक इंजेक्शन बरामद किया। कोतवाली प्रभारी श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि दोनों बदमाशों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल बदमाश को अभियुक्त को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। दूसरे अभियुक्त को जेल भेजदिया गया है।

# सरकारी शिक्षक व योगाचार्य बना नटवर लाल...पुलिस ने फर्जी बैनामा करने के मामले में गिरफ्तार,भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर क्षेत्र के मौहल्ला चमरी निवासी योगाचार्य व बेसिक शिक्षा विभाग में सरकारी शिक्षक राजकुमार त्यागी आदित्य को पुलिस ने फर्जी बैनामा करने के

**जिले में सैकड़ों लोगों से कर चुका है,करोड़ों की ठगी**

आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इससे पूर्व वह हापुड़ व हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान व अन्य कई क्षेत्रों में लोगों को बहला-फुसलाकर करोड़ों रुपए की ठगी कर चुका है तथा इस पर कई केस दर्ज हैं। आरोप है कि इस मामले में आरोपी की पत्नी व बेटा भी शामिल रहता हैं। मिली जानकारी के अनुसार हापुड़ के हर्ष विहार मोहल्ला निवासी अनिल सागर ने नवंबर 2025 को दर्ज रिपोर्ट में बताया था। कि 21 जनवरी 2008 को एक प्लॉट के मूल भू-स्वामी ने अपना तथाकथित प्लॉट प्रमिला देवी को विक्रय किया था। 28 दिसंबर 2023 को आपसी सहमति से पीड़ित की सगी बहन ओमवती द्वारा यह प्लाट पीड़ित को गिफ्ट डीड कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया था कि चमरी गांव निवासी राजकुमार त्यागी एक संगठित गिरोह के तहत दिल्ली निवासी सतेंद्र कुमार,पूजा,आदर्श नगर कॉलोनी निवासी



योगेश कुमार,तेजवीर सिंह,लज्जापुरी निवासी बिजेंद्र कुमार,काजीवाड़ा निवासी महफूज खान,मोहित त्यागी व अन्य दो-तीन के साथ साजिश रची। इसके बाद राजकुमार त्यागी ने अपने गिरोह के साथ मिलकर उक्त मूल्यवान प्रतिभूति और कूटरचित वसीयत का प्रयोग कर 17 अगस्त 2023 को धोखाधड़ी कर बैनामा करा दिया। सीओ वरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि इस मामले में बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब फरार चल रहे राज कुमार त्यागी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# समाजसेवी ने अवैध वसूली पर रोक लगाने व कानूनी कार्यवाही करने की उठाई मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका सीमा के अंतर्गत कुछ दबंग माफिया द्वारा वर्षों से लगातार अवैध वसूली की घटनाओं के खिलाफ

**गढ़मुक्तेश्वर में हो रही है अवैध वसूली,एसपी को लिखा पत्र**

समाजसेवी पंकज लोधी ने पुलिस अधीक्षक, को पत्र भेजकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह को भेजे गये पत्र में समाजसेवी पंकज लोधी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका की सीमा में करीब 70 से 80 दबंग किस्म के लोग टोल जैसी आकृति लगाकर प्रतिदिन 40 से 50 लाख रुपए की वसूली कर रहे हैं। यह कार्य नगर पालिका वासियों के मानवाधिकारों का हनन करने के समान है और इसे गैरकानूनी तथा अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

समाजसेवी ने बताया कि यह अवैध वसूली केवल आर्थिक नुकसान ही नहीं पहुंचा रही, बल्कि स्थानीय जनता में भय और असुरक्षा का माहौल भी पैदा कर रही है। लोगों को प्रतिदिन अपने व्यवसाय या दैनिक गतिविधियों के दौरान डर के माहौल में रहना पड़ता है, जिससे उनके जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। पंकज लोधी ने यह भी लिखा कि यह गढ़मुक्तेश्वर की कानून-व्यवस्था और शासन की इमेज के लिए भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि अवैध वसूली करने वाले



माफिया केवल धन उगाही नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे समाज में आतंक और भय का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रकार के दबंग समूह न केवल व्यक्तिगत हित साधते हैं बल्कि स्थानीय प्रशासन और नागरिकों की सुरक्षा चुनौती के रूप में भी उभरते हैं। पंकज लोधी ने पुलिस अधीक्षक से अपील की कि इन माफिया और उनके सहयोगियों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए ताकि गढ़मुक्तेश्वर के नागरिकों को उनकी बुनियादी सुरक्षा और मानवाधिकार सुनिश्चित किए जा सकें।

समाज सेवी ने कहा कि इन अवैध वसूली करने वालों का संरक्षण देने वाले किसी भी अधिकारी या सहयोगी के खिलाफ भी जांच और कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। केवल दोषियों पर ही कार्रवाई सीमित न रह जाए, बल्कि उनके नेटवर्क और सहायता प्रदान करने वालों की पहचान कर उन्हें भी जवाबदेह बनाया जाए।

# मोदीनगर-हापुड़ मार्ग चौड़ीकरण का किया शिलान्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भोजपुर ब्लॉक क्षेत्र में मोदीनगरझहापुड़ मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ राजकुमार सांगवान तथा मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच, ब्लॉक

**आवागमन सुधार की दिशा में यह बड़ा कदम है : डॉ राजकुमार सांगवान**

प्रमुख सुचेता सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। प्रस्तावित परियोजना को क्षेत्रीय यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बढ़ते दबाव को कम करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान ने अपने संबोधन में कहा कि मार्ग के चौड़ीकरण से प्रतिदिन आवागमन करने वाले हजारों वाहन



चालकों और स्थानीय नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि वर्तमान में संकीर्ण सड़क और बढ़ते यातायात के कारण जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे समय की हानि और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने कहा कि परियोजना पूर्ण होने पर आवागमन अधिक सुरक्षित, सुगम और समयबद्ध होगा, जिससे आम जनता लाभान्वित होगी।

स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना को आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के लिए भी महत्वपूर्ण बताया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, संजय भदौला, आशीष चौधरी, सूबे सिंह सहित अनेक भाजपा व रालोद जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी आदि नेताओं के अलावा सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री लगाए जाने के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया जमीन में धसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी.वर्मा)।** क्षेत्र के कस्बा बिलासपुर स्थित राजेंद्र



इंटर कॉलेज के निकट होली चौक के पास हाल ही में एक नाले का निर्माण हुआ था जिसको ऊपर से रोडी - बदरपुर की स्लैप डालकर बंद करने के बाद ऊपर से मिट्टी डाल दी गई । सोमवार दोपहर एक ट्रैक्टर ट्रॉली उसके ऊपर से जैसे ही चली तो स्लैप नीचे टूट गई और टौली का पहिया नाले मे गिर गया हालांकि किसी को कोई चोट नहीं लगी परंतु स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि निर्माण करता ठेकेदार ने निम्न क्वालिटी का मटेरियल लगाकर काम पूरा कर दिया अब इसका खामियाजा यहां के लोगों को उठाना पड़ेगा ।

## संक्षिप्त समाचार

### राजेन्द्र राठी बने जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष,बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,पिलखुवा।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया का जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठी को जाने पर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं पत्रकार संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं देने वालों में नवोदय फोटोग्राफी क्लब,प्रेस क्लब, नामदेव सेवा समिति, नवोदय समिति, उद्योग व्यापार संघ तथा चंडी मेला समिति सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पत्रकारिता को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेंद्र राठी ने सभी संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पत्रकारों के हितों की रक्षा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने सहयोग और मार्गदर्शन की अपेक्षा भी जताई।



### सामाजिक सच्चाइयों का आईना दिखाएगी वर्टिकल सीरीज 'शीन': प्रदीप श्रीवास्तव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** इम्पल्स सिने एंटरटेनमेंटस प्र.लि. और चिराग भसीन प्रोडक्शन के संयुक्त बैनर तले बनने वाली वर्टिकल सीरीज ' शीन ' की शूटिंग आज से शुरू हुई। वर्टिकल सीरीज ' शीन ' के निमार्ता प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि यह एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि आज के दौर की सामाजिक सच्चाइयों का आईना है। उन्होंने बताया कि इसमें आज की युवा पीढ़ी की सोंच, भावनाओं और डिजिटल दुनिया में उनके रिश्तों की जटिलताओं को दशार्या जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सीरीज में यह दशार्ने की कोशिश की गई है कि, किस तरह सोशल मीडिया के माध्यम



से युवाओं को प्यार होता है, रिश्ते बनते और टूटते हैं, और कई बार भावनात्मक आवेग में आकर वह गलत कदम भी उठा लेते हैं। इसके निर्देशन की बागडोर चिराग भसीन ने संभाली है।

निर्देशक चिराग भसीन ने बताया कि सीरीज युवाओं की वास्तविक समस्याओं और मानसिक संघर्षों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करेगी। श्री भसीन ने बताया कि इस सीरीज में कबीर, रूही शर्मा, मुकुल, निकिता सिंघला और प्रदीप श्रीवास्तव मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे, छायांकन की जिम्मेदारी विशेष गौर निभा रहे हैं। मेकअप आशीष और महीप कौर के पास है, जबकि कॉस्ट्यूम डिजाइन का दायित्व खुशी संभाल रही हैं। प्रोडक्शन इंचार्ज शुभम हैं।शीन के निर्माण की शुरूआत के साथ ही दर्शकों में इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। उम्मीद की जा रही है कि यह वर्टिकल सीरीज युवाओं के बीच खासा प्रभाव छोड़ेगी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नई पहचान बनाएगी।

### करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हाईटेंशन लाइन से करंट की चपेट में आकर कक्षा 8 के छात्र की मौत हो गई। मृतक एक बैंड में मजदूरी के लिए गया हुआ था। परिजनों ने बगैर पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस का कहना है मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। जानकारी अनुसार कस्बा के मोहल्ला चाइना कालोनी निवासी शौकीन का 14 वर्षीय पुत्र जुएब 8वीं क्लास में पढ़ता है तथा पारिवारिक आर्थिक स्थिति नहीं होने के कारण मजदूरी के लिए चला जाता है। इसी के चलते शनिवार शाम एक बैंड में मजदूरी के लिए गया था। बताया जाता है बारात चढ़त के दौरान उसके हाथ मे लगी झालर में करंट दौड़ गया और वह करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। उपचार के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई।



# मेडिकल हिस्ट्री छिपाकर बीमा क्लेम की कोशिश,पति पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सयद अतहर अली)।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव गौंहत में पत्नी की गंभीर मेडिकल हिस्ट्री छुपाकर बीमा पॉलिसी कराने और बाद में क्लेम लेने का प्रयास करना एक पति को भारी पड़ गया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी पति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गौंहत गांव निवासी ताराचंद ने अपनी पत्नी कुंता की पूर्व मेडिकल हिस्ट्री को बीमा प्रस्ताव के समय छिपाया। आरोप है कि स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी जानबूझकर नहीं दी गई और बाद में बीमा क्लेम के लिए आवेदन किया गया। मामले की जांच के दौरान बीमा कंपनी की ओर से तथ्यों का सत्यापन किया गया, जिसमें मेडिकल दस्तावेजों और पूर्व उपचार से जुड़ी जानकारी सामने आई। इसके बाद मेरठ जनपद के सरधना थाना क्षेत्र के आखेपुर गांव निवासी दीपक कुमार, जो बरेली स्थित कोटेक लाइफ इंश्योरेंस में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर हैं, ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत में कहा गया कि बीमा प्रस्ताव के समय यदि सही जानकारी दी जाती तो पॉलिसी जारी ही नहीं होती। तथ्यों की पुष्टि के बाद कैलादेवी थाना पुलिस ने आरोपी ताराचंद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रकरण की विवेचना जारी है और आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। दोष सिद्ध होने पर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय किसान संघ ने समस्याओं को लेकर की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर।** भारतीय किसान संघ ने सोमवार को झाझर रोड स्थित कार्यालय पर क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर एक बैठक की। साथ ही संगठन का विस्तार किया।

सोमवार को भारतीय किसान संघ ने यूनियन के जिला उपाध्यक्ष धीरन सिंह छोकर के झाझर रोड स्थित कार्यालय पर एक बैठक की, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष योगेंद्र त्यागी ने की और संचालन जिला मंत्री डॉ उमेश शर्मा ने किया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसानों के कार्यों में लापरवाही बरते जाने और एयरपोर्ट के लिए हो रहे अधिग्रहण में तहसील कर्मचारियों पर किसानों का शोषण करने का आरोप लगाया। बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री



सुनील, प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अनुराग त्यागी, प्रांत से महिला प्रमुख अर्चना पहुंचे। यहां खंड अध्यक्ष दीपक नंबरदार, खंड उपाध्यक्ष विष्णु, खंड मंत्री ललित कुमार, खंड सह मंत्री सुरेश शर्मा, खंड युवा प्रमुख रिंकू शर्मा, खंड कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र, दादरी खंड अध्यक्ष सरवन शर्मा, दादरी खंड उपाध्यक्ष सुनील, ग्राम अध्यक्ष प्रवेश शर्मा व सेंकड़ों किसानों ने सदस्यता ली। वहीं जितेश कुमार, वीरेश सिंह, गंगा प्रसाद, नानक भाटी, कृष्णा भाटी, बच्चू सिंह, भोलू शर्मा, छोटू गॉड, बॉबी त्यागी, राहुल चौहान, विशाल, सौरभ कुमार, भोलू शर्मा, जितेंद्र त्यागी, पुष्पेंद्र चौहान, भूपेश भाटी, कपिल आदि मौजूद रहे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा:2026

## डीआईओएस ने पेपरों की पूर्ति कराकर परीक्षा संपन्न कराई

# जिले में परीक्षा केन्द्र पर बंडल में जीव विज्ञान के प्रश्न पत्र निकले कम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल की अंग्रेजी एक अन्य विषय व इंटरमीडिएट की गणित और जीव विज्ञान की परीक्षा जनपद में शांतिपूर्ण संपन्न हो गयी। जिले में बनाये गये

- **जिले में हाईस्कूल में 603 व इंटर में 123 स्टूडेंट्स से छोड़ी परीक्षा**
- **अंग्रेजी का पेपर आसान,गणित व जीव विज्ञान में उलझे**
- **डीआईओएस ने कई परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण**

40 परीक्षा केन्द्रों पर स्टूडेंट्स ने सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा दी। जिले में दोनों कक्षाओं के 603





छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। वहीं दूसरी ओर जिले में एक परीक्षा केन्द्र पर बंडल में प्रश्न पत्र कम निकले,जिस कारण केन्द्र पर परीक्षा देरी से शुरू हुई।

आपको बता दें,कि सोमवार को प्रथम वाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी व इंटरमीडिएट एक विषय,जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की जीव विज्ञान,गणित व हाईस्कूल के एक अन्य विषय की परीक्षा आयोजित की गयी। जिले में बनाये गये 40 परीक्षा केन्द्रों पर छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। परीक्षा देने के लिए स्टूडेंट्स समय से पूर्व ही परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच गये। छात्र-छात्राओं के चेहरे पर एग्जाम फोबिया साफ झलक रहा था। लेकिन प्रश्न पत्र आसान आने पर परीक्षार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

परीक्षा देकर केन्द्र से बाहर आये छात्र छात्राओं ने बताया कि अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र आसान होने के कारण समय से पूर्व ही हल कर लिया। कुछ प्रश्नों का हल करने में परेशानी हुई,लेकिन समय से पहले ही हल कर लिया। जीव विज्ञान व गणित का पेपर हल करने में उन्हें कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.श्वेता पूठिया ने बताया कि हाईस्कूल की गणित व एक विषय की परीक्षा में 580 व इंटरमीडिएट की जीव विज्ञान व गणित की परीक्षा 123 स्टूडेंट्स ने छोड़ दी। सोमवार को उनके द्वारा जनपद बनाये गये एसएसवी इंटर कालेज,बिजेन्द्र आदर्श इंटर कालेज,चौ.जगपाल स्मारक इंटर कालेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण होती मिली। जनपद में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की की परीक्षा शांतिपूर्ण व नकलविहीन परीक्षा संपन्न हुई। गौरतलब है,कि धौलाना क्षेत्र में स्थित परीक्षा केन्द्र उदय प्रताप इंटर कालेज में द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की जीव विज्ञान की परीक्षा के दौरान बंडल में पेपर कम निकले,जिसकी जानकारी मिलने पर आनन फानन में जिला विद्यालय निरीक्षक डा.श्वेता पूठिया मौके पर पहुंची,उन्होंने प्रश्न पत्रों की पूर्ति कराकर परीक्षा संपन्न कराई। केन्द्र पर जितनी देरी से परीक्षा शुरू हुई,परीक्षा करने के लिए विद्यार्थियों को परीक्षा करने के लिए उतना अतिरिक्त समय दिया गया।

# अवैध खनन पर कार्रवाई या 'सेटिंग'? बीच रास्ते से छोड़ी गई पकड़ी गई जेसीबी,चर्चाओ का बाजार गर्म

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** असमोली थाना क्षेत्र के गांव हीरापुर में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे खनन निरीक्षक शिवम कुमार की कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि टीम ने माता वाली पट्टी स्थित एक ईंट-भट्टे के लिए मिट्टी खुदाई कर रही जेसीबी को मौके पर पकड़ लिया था। शुरूआती जांच में पाया गया कि जिस गाटा संख्या (खेत नंबर) पर खुदाई हो रही थी, वह रॉयल्टी के कागजों में





दर्ज ही नहीं था। इसके बाद खनन निरीक्षक जेसीबी को जब्त कर थाने ले जाने लगे। लेकिन, रास्ते में कुछ ऐसा हुआ कि बिना किसी कानूनी कार्रवाई के मशीन को छोड़ दिया गया।

खनन निरीक्षक शिवम कुमार का कहना है कि मौके पर कागज न होने के कारण कार्रवाई की जा रही थी, लेकिन रास्ते में भट्टा स्वामी ने संबंधित स्टांप और कागजात दिखा दिए, जिसके बाद उसे छोड़ दिया गया। हालांकि, गाटा संख्या के मिलान न होने के बावजूद मशीन छोड़ना अब क्षेत्र में सवाल खड़े कर रहा है।

# गजरौला क्षेत्र में बगद नदी के प्रदूषण और दूषित जल संकट ने स्थानीय किसानों को गहरी पीड़ा दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला(डा. महताब अमरोहवी)।** अमरोहा जिले के गजरौला क्षेत्र में बगद नदी के प्रदूषण और दूषित जल संकट ने स्थानीय किसानों को गहरी पीड़ा दी है। नाईपुरा, शहबाजपुर डोर सहित आसपास के गांवों में नेशनल हाईवे-9 किनारे शहबाजपुर डोर में चल रहा है। प्रमुख सचिव अरुण सिद्धू एवं प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान ने किसानों को जगाते हुए कहा, "जय किसान, तुम रहोगे मौन, तो तुम्हारी सुनेगा कौन?" उन्होंने विकास के दिखावे पर सवाल उठाया कि फैक्टरियां, राजमार्ग, रेपिड ट्रेन से पिछड़ा रखना चाहते हैं। धरना गांव-गांव अभियान के साथ जन-जन में प्रेरणा बन रहा है, जो जल संरक्षण और सामूहिक स्वास्थ्य की रक्षा का सशक्त संदेश दे रहा है।

यह संकट बताता है कि सतही विकास पर्यावरण और समाज को खोखला कर देता है। किसानों की यह




रासायनिक कारखानों से निकलने वाले जहरीले अपशिष्ट ने भूजल और नदी को बुरी तरह दूषित कर दिया है। पानी पीला, बदबूदार और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो चुका है, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारियां, पशुओं की मौतें और फसलों को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि औद्योगिक विकास के नाम पर पर्यावरण और जीवन का बलिदान दिया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में यह धरना 65 दिनों से अधिक समय से दिल्ली-लखनऊ क्या फायदा जब फसलों के दाम नहीं बढ़े, दूषित जल संकट और खतरनाक बीमारियां बरकरार है और सरकारी अस्पताल-स्कूलों में सुधार नहीं हुआ।

यह आंदोलन केवल प्रदूषण विरोध तक सीमित नहीं, बल्कि सामूहिक जागरूकता, राजनीतिक अस्मिता और किसान गौरव की तलाश का प्रतीक बन गया है।

अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष एहसान अली ने चेतावनी दी कि उद्योगपति सस्ते मजदूर के लिए क्षेत्र को जानबूझकर लड़ाई आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ी है,जब तक दूषित जल से छुटकारा और अब तक की भरपाई व नाईपुरा के किसानों को न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से गंगाराम,मंसूर अली, राम प्रसाद, अशोक कुमार, विजय चौधरी, होमपाल सिंह, ओमप्रकाश, विजय सिंह,पृथी सिंह, समर पाल सिंह, शीश पाल सिंह, राम सरन सिंह, जसवंत सिंह,सुरेश चंद, अदनान अली, असद अली समेत इलाके के तमाम किसान मौजूद रहे।

# संत गाडगे महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** कृष्णानगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता माधव मिश्र (राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता राजवीर सिंह तथा संचालन अरविन्द कुमार ने किया।



मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में संत गाडगे महाराज के जीवन, स्वच्छता अभियान, मानव सेवा और सामाजिक सुधारों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि वे भीमराव अम्बेडकर के परम मित्र थे और कबीर दास को अपना गुरु मानते थे।

कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए, वहीं छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत व कविताएं प्रस्तुत कीं। आयोजक पंडित सुरेश चंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 0238 पर रोक से बढ़ी चिंता,नए विकल्पों को तलाश रहे किसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** रेड रॉट बीमारी के बढ़ते खतरे के चलते गन्ने की लोकप्रिय प्रजाति 0238 पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कभी रिकॉर्ड उत्पादन देने वाली यह किस्म अब बीमारी के कारण किसानों के लिए जोखिम बन गई है। ऐसे में बुवाई के चरम सीजन में किसान अच्छी पैदावार देने वाली स्वीकृत प्रजातियों की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आ रहे हैं। गन्ना समितियों और कृषि विभाग के पास रोजाना किसान पहुंच रहे हैं, लेकिन मांग के मुकाबले प्रमाणित बीज की उपलब्धता कम बताई जा रही है। इससे किसानों की चिंता बढ़ी हुई है, क्योंकि बुवाई का समय निकलने पर उत्पादन पर सीधा असर पड़ सकता है।

हालांकि कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि 0238 के विकल्प के रूप में कई नई और रोग प्रतिरोधी प्रजातियाँ स्वीकृत हैं, जो न केवल रेड रॉट से सुरक्षित हैं बल्कि बेहतर शर्करा प्रतिशत और अच्छा उत्पादन भी देती हैं। विभाग किसानों को सलाह दे रहा है कि

**हालांकि कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि 0238 के विकल्प के रूप में कई नई और रोग प्रतिरोधी प्रजातियाँ स्वीकृत हैं, जो न केवल रेड रॉट से सुरक्षित हैं बल्कि बेहतर शर्करा प्रतिशत और अच्छा उत्पादन भी देती हैं**

वे केवल प्रमाणित एवं स्वीकृत किस्मों का ही चयन करें और अधिकृत केंद्रों से ही बीज खरीदें। विशेषज्ञों के अनुसार समय रहते सही किस्म का चुनाव, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और नियमित फसल निरीक्षण अपनाकर किसान नुकसान से बच सकते हैं।

# डीएम ने अधिकारियों संग किया बरेली मथुरा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बरेली-मथुरा एक्सप्रेस-वे (एन0एच0 530 बी) का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षात्मक पहलू को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षात्मक उपायों को बढ़ाने के लिए कहा। डीएम ने 166 किलोमीटर से 179 किलोमीटर, बदायूं बाईपास तक का निरीक्षण किया।




परियोजना निदेशक एनएचएआई उत्कर्ष शर्मा ने बताया कि बरेली-मथुरा एक्सप्रेस-वे फोरलेन बनाया जा रहा है। यह कार्य कुल चार पैकेज में हाइब्रिड अनन्युटी मोड पर कराया जा रहा है, जिसमें प्रथम पैकेज की लागत करीब ढाई हजार करोड़ है जिसका कार्य पूर्ण हो गया है। द्वितीय पैकेज की लागत करीब 1200 करोड रुपए है जिसका 55 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है।

उन्होंने बताया कि तृतीय पैकेज की लागत 1100 करोड रुपए है जिसका 16 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। चतुर्थ पैकेज की लागत करीब 700 करोड रुपए है जिसका 06 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण कार्य नवंबर 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेस-वे पर सुरक्षात्मक उपायों का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा नेता ने कार पर जे सी बी चढ़ाने का आरोप लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** उझानी क्षेत्र में भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष हरवीर सिंह राजपूत पर हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि उनकी कार पर जेसीबी चढ़ाने की कोशिश की गई। वह सड़क किनारे कार खड़ी कर उसमें बैठे थे। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामला रविवार शाम का बताया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कुड़ानरसिंहपुर के मजरा रामसिंहनगला निवासी भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष हरवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि आंबेडकर चौराहे के पास उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर दी। वह कार में ही थे, उसी दौरान सामने से एक व्यक्ति ने उनकी कार पर जेसीबी चढ़ाने की कोशिश की। जेसीबी के आरोपी चालक से उनकी रंजिश है। भाजपा नेता ने बताया कि अगर वह कार से निकलकर नहीं भागते तो कार समेत उन्हें जेसीबी से कुचल दिया जाता। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ भी लग गई। आरोपी चालक जेसीबी को भगा ले गया। इंस्पेक्टर क्राइम गुड्डू सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। शिकायत पर जांच की जा रही है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/सम्भल (मयंक सक्सेना)।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 23 फरवरी 2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजपुरा की छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा कर सकें।

प्रशिक्षण के दौरान सुरेश कुमार और महिला खिलाड़ी श्रष्टि ने टर्निंग किक, साइड किक और कट पंच की तकनीक सिखाई। प्रशिक्षकों ने बताया कि छात्राएं लगन से प्रशिक्षण लेकर आत्मविश्वास बढ़ा रही हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि जिले के जूनियर हाई स्कूलों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नियमित रूप से आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृत्ति व मुख्यमंत्री बाल सेवा समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी छात्राओं को दी जा रही है, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल ।




# राम और सीता पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो बनाया, माहौल गर्म होने माफी मांगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** सोशल मीडिया पर भगवान राम और सीता को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी का एक वीडियो सामने आते ही जिले में माहौल गर्मा गया। वीडियो में खुद को भीम आर्मी से जुड़ा बताने वाला आकाश सागर नाम का युवक आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करता दिखाई दे रहा है। जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ, शहर से देहात तक आक्रोश की लहर दौड़ गई।

वीडियो सबसे पहले एक्स (पूर्व ट्विटर) पर तेजी से शेयर हुआ। देखते ही देखते हजारों व्यूज और प्रतिक्रियाएं आने लगीं। विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने इसे आस्था पर सीधा प्रहार बताते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर डाली।

कई लोगों ने पुलिस प्रशासन को टैग कर तुरंत गिरफ्तारी की मांग उठाई। स्थानीय स्तर पर भी यह मुद्दा चर्चा का केंद्र बना रहा। बाजारों, चौराहों और सोशल मीडिया ग्रुपों में इस वीडियो को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं।



**अक्ल शुद्ध के बाद मांगी माफी, लेकिन बढ़ा दबाव**

आरोपी हाफिजगंज थाना क्षेत्र के अहमदाबाद गांव का रहने वाला है। वीडियो वायरल होने के बाद जब मामला तूल पकड़ गया तो बताया जा रहा है कि युवक ने माफी मांग ली। हालांकि संगठनों का कहना है कि माफी से मामला खत्म नहीं होगा, कानून अपना काम करेगा।

**दरोगा की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा**

मामले की गंभीरता को देखते हुए दरोगा सतेंद्र कुमार ने हाफिजगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने वायरल वीडियो को साक्ष्य के तौर पर जुटाकर जांच शुरू कर दी है।

हाफिजगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है और आरोपी गिरफ्तार की लिए पुलिस लगी है।

# शादी समारोह से लौट रहे दंपति हादसे का शिकार,बाइक सवार घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बीती रविवार रात करीब 9:30 बजे मुरादाबाद रोड स्थित विश्वकर्मा धर्म कांटे के पास सड़क हादसा हो गया। नगर के प्रगति विहार निवासी एक युवक अपनी पत्नी के साथ शादी समारोह से मोटरसाइकिल द्वारा लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वे विश्वकर्मा हॉस्पिटल के सामने पहुंचे, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत डायल 108 एम्बुलेंस पर सूचना दी, जिसके बाद घायल युवक को संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी।स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और वाहन सावधानी से चलाने की अपील की है।



# स्वच्छता अभियान को मिली नई ऊर्जा, छात्राओं ने रचनात्मक कार्यक्रमों से किया प्रेरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के ग्राम मौलागढ़ स्थित देवी मंदिर परिसर में एस.एम. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्रा इकाई) के तृतीय सप्त दिवसीय शिविर के अंतर्गत कौशल विकास कार्यक्रम के तहत स्वच्छता जागरूकता दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रिया श्रीवास्तव के निर्देशन में हुआ।

मुख्य अतिथि शोभा रानी का स्वयंसेविकाओं ने स्वागत गीत से अभिनंदन किया। स्वच्छता जागरूकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत व्यक्ति के विचार और भाषा से होनी चाहिए, तभी उसके महत्व को सही रूप में समझा जा सकता है।




इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने कविता और गीतों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। नेहा ने कविता, वंशिका एवं तलबिया ने गीत, दिव्या ने गीत, परी मिश्रा व खुशी यादव ने कविता, संगीता ने कविता, सलोनी सैनी ने गीत, रुचि ने कविता, शोभा ने गीत, प्रियांशी ने गीत तथा बबली एवं विनीता ने समूह गीत प्रस्तुत किया। भाषण प्रतियोगिता में खुशी गौतम, शिवानी दीक्षित, प्राची, मुक्ता सिंह, पिंकी, प्राची सागर, डौली तथा वंशिका उपाध्याय ने विचार रखे। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी गिर्राज किशोर गौड़, रेखा रानी गौड़ एवं गजेन्द्र सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

हादसा

## दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया

# मकान में लगी भीषण आग से लाखों का सामान जला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हल्लू सराय में एक मकान में अचानक आग लगने से खलबली मच गई। मकान में रहने वाली महिला घर बंद कर अपने पार्लर गई थी। लोगों ने धुआं उठता देखा तो तुरंत इसकी सूचना दी। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर का सारा सामान जल चुका था। इसमें लाखों का नुकसान हो गया।







मोहल्ला हल्लू सराय निवासी प्रतिज्ञा अपने पति ताराचंद और दो बच्चों के साथ किराये के मकान में रहती हैं। वह बाजार में ब्यूटी पार्लर भी चलाती हैं। रोजाना की तरह सोमवार की सुबह करीब 10 बजे वह बच्चों को स्कूल भेजकर घर में ताला लगाकर पार्लर चली गईं। करीब 11 बजे पड़ोसियों ने उनके मकान से धुआं उठते देखा। पहले तो लोगों को आशंका हुई, लेकिन कुछ ही देर में आग की लपटें दिखाई देने लगीं। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। मुहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

हालांकि तब तक घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, घरेलू सामान और अन्य जरूरी वस्तुएं जलकर राख हो चुकी थीं। आग लगने की सूचना मिलते ही प्रतिज्ञा भी मौके पर पहुंचीं। घर की हालत देख उनके होश उड़ गए, उनका रो-रोकर बुरा हाल है। प्रारंभिक आशंका शार्ट सर्किट से आग लगने की जताई जा रही है, हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीड़िता ने बताया इसमें सोने चांदी के जेवर नकदी सहित करीब पांच लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

# मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता से मिले और इस प्रस्ताव को निरस्त करने के के लिए सूबे के मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** सदर विधायक महबूब अली द्वारा सदन में गाँधी ,मूर्ति से टी पी नगर होते हुए अतरासी तिराहे तक मुख्य रोड के चौड़ी कारण का प्रस्ताव रखा गया है जिसपर नगर के व्यापारी वर्ग में भारी रोष फैल गया और वह मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता से मिले और इस प्रस्ताव को निरस्त करने के के लिए सूबे के मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा।क्षेत्र के दर्जनों व्यापारियों ने सोमवार को जिला मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता वत्स को एक ज्ञापन सौंपा जिस में कहा गया कि हं सदर विधायक के इस प्रस्ताव का घोर विरोध करते हैं क्यूंकि इस रोड के चौड़ीकरण का प्रस्ताव न तो सरकार की कसीस योजना में है और न ही जिला योजना में कोई प्रस्ताव है लेकिन सदर विधायक द्वारा कुछ भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने की नियत से यह प्रस्ताव रख है जबकि गाँधी मूर्ति से अतरासी तिराहे तक सैंकड़ों छोटे बड़े विभिन्न कारोबारियों की दुकानें और बड़े बड़े शो रम हैं जिस में काम करने वाले हजारों लोग इस चौड़ीकरण से प्रभावित होंगें और उनके कारोबार बुरी तरह ठप्प हो जाएँगें व्यापारियों ने जिला मजिस्ट्रेट से अनुरोध किया कि सभी व्यापारी इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए शासन से मांग करते हैं कि यह प्रस्ताव निरस्त किया जाए। इस अवसर पर नवीन गोले ,दिलीप खंडेलवाल ,राहुल प्रजापति,राजीव गुप्ता ,सैफ सिद्दीकी ,इरफान मंसूरी ,अजहर अली ,इशरत अली ,योगेश सैनी ,शबाब खान,मोहम्मद शाह आलम ,कमल गुप्ता ,सुनील कुमार ,अनिल कुमार समेत काफी संख्या में व्यापारी मौजूद



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## समाजवादी पार्टी ने जयंती पर संत गाडगे को नमन कर उनके विचारों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी कार्यालय महावीर चौक मुजफ्फरनगर में शिरोमणि संत गाडगे महाराज की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी अधिवक्ता सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।वक्ताओं ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने छुआछूत और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया तथा स्वच्छता और साफ-सफाई के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने महाराष्ट्र में धर्मशालाओं,गौ-रक्षण केंद्रों, भोजनदान केंद्रों और वृद्धाश्रमों की स्थापना कर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।नेताओं ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने लोगों को साहूकारों के कर्ज और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया और समाज को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाए।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बृहद विधिक सेवा शिविर आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** जनपद

- संवैधानिक व विधिक अधिकारों की दी जानकारी,हजारों लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ
- 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन,विभिन्न वादों का होगा निस्तारण

न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर बीरेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुजडू चुंगी मेरठ रोड स्थित परिसर में बृहद विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में जनसामान्य को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न कानूनों से संबंधित प्रावधानों पर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में विष्णु चन्द्र वैश्य (अपर जिला जज कोर्ट संख्या-01),रितेश सचदेवा (अपर जिला जज कोर्ट संख्या-07), देवेन्द्र सिंह फौजदार (अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-01),डा०सत्येन्द्र कुमार चौधरी (सिविल जज (सीडी)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण),तुषार जायसवाल (अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट संख्या-04),दिव्य प्रताप सिंह निमेष (न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय खतौली),मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर में जिला विकास अधिकारी दिग्विजय नाथ तिवारी,जिला पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण अधिकारी शक्ति शरण श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा०,परियोजना अधिकारी नेडा, सहायक उपायुक्त उद्योग,सहायक श्रमायुक्त तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी सहभागिता की। शिविर के दौरान जनपद में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विशिष्ट काउंटर लगाए गए।पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।प्री-कैम्प एवं मेगा कैम्प के माध्यम से पांच हजार से अधिक लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया। सचिव



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 सत्येन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि 14 मार्च 2026 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर मुजफ्फरनगर, बाह्य न्यायालय बुढाना, ग्राम न्यायालय खतौली, ग्राम न्यायालय जानसठ तथा कलेक्ट्रेट मुजफ्फरनगर में किया जाएगा।

इसमें आपराधिक मामलों,धारा 138 एनआई एक्ट, बैंक रिकवरी,मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, बिजली-पानी बिल, वैवाहिक वाद,भूमि अधिग्रहण, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों का निस्तारण किया जाएगा। शिविर में बड़ी संख्या में आमजन ने प्रतिभाग कर योजनाओं और विधिक प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की।

## पुस्तकः सुन्दरकाण्ड रहस्य मीमांसाः आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विवेचना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संस्कृतनिष्ठ शब्दावली से समृद्ध है। कहीं-कहीं उर्दू और अंग्रेजी शब्दों का संयमित प्रयोग भी दिखाई देता है, जिससे आधुनिक पाठक से संवाद स्थापित होता है। उनकी शैली

**पुस्तक समीक्षा**

में अध्यात्म और यथार्थ का संतुलित समावेश है। वे भावुकता में बहते नहीं, बल्कि तर्क और प्रमाण के साथ अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करते हैं। यही कारण है कि पुस्तक श्रद्धालु पाठक के साथ-साथ शोधार्थियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

विशेष उल्लेखनीय यह है कि लेखक ने सुन्दरकाण्ड की तीन फलश्रुतियों–सुख-भवन, संसय-समन और दवन-विषाद–का विश्लेषण करते हुए इसे मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में भी देखा है। आधुनिक समय में मानसिक तनाव और अस्थिरता के संदर्भ में यह विवेचना प्रासंगिक प्रतीत होती है।

लेखक का निष्कर्ष है कि राम-नाम का गुणगान केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्मिक संतुलन का साधन है। पुस्तक का एक महत्वपूर्ण पक्ष इसका वैश्विक परिप्रेक्ष्य है। लेखक ने संकेत किया है कि श्रीरामचरितमानस का प्रभाव भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि फीजी, मॉरीशस, सूरीनाम और अन्य देशों में भी इसका व्यापक प्रचार हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि यह कृति सांस्कृतिक एकता और प्रवासी भारतीय समाज के आध्यात्मिक जीवन




में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

प्रकाशन की दृष्टि से डायमंड पॉकेट बुक्स ने पुस्तक को सुव्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया है। मुद्रण स्पष्ट है और पाठ-संरचना सुवाच्य। धार्मिक-दार्शनिक ग्रंथों के प्रकाशन में इस प्रकाशन-गृह का अनुभव पुस्तक की गुणवत्ता में परिलक्षित होता है।

**समग्रतः** सुन्दरकाण्ड रहस्य मीमांसा : आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विवेचना एक ऐसी कृति है, जो आस्था को तर्क से, भक्ति को दर्शन से और कथा को जीवन-दृष्टि से जोड़ती है। यह पुस्तक न केवल सुन्दरकाण्ड के पाठकों के लिए उपयोगी है, बल्कि उन सभी के लिए भी प्रासंगिक है जो भारतीय आध्यात्मिक साहित्य की गहराइयों को समझना चाहते हैं।

लेखक ने सेवा और आत्मसमर्पण के प्रतीक श्रीहनुमान के माध्यम से यह संदेश दिया है कि जीवन में साहस, निष्ठा और विवेक के बिना भक्ति अधूरी है।

आनन्द सिंह की यह कृति समकालीन हिंदी आध्यात्मिक लेखन में एक गंभीर और शोधपूर्ण हस्तक्षेप के रूप में देखी जा सकती है। यह पुस्तक पाठक को केवल पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि मनन और आत्मचिंतन के लिए आमंत्रित करती है।

**पुस्तक : सुन्दरकाण्ड रहस्य मीमांसा : आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विवेचना**
**लेखकः आनन्द सिंह**
**प्रकाशकः डायमंड पॉकेट बुक्स**
**समीक्षकः उमेश कुमार सिंह**
**एवी के न्यूज सर्विस**

## ग्राम सैदपुर गंगू निवासी दक्ष चाहल ने दुबई में बनाया 84 घंटे इंडोर रोइंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/दुबई (दानिश अली )।** जनपद संभल के ग्राम सैदपुर गंगू निवासी दक्ष चाहल पुत्र परवीन चाहल (बीनू) ने दुबई में आयोजित इंडोर रोइंग चुनौती में इंग्लैंड के खिलाड़ी का रिकार्ड तोड़कर लगातार 84 घंटे तक रोइंग कर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है।

इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।जानकारी के अनुसार,दक्ष चाहल ने अत्यधिक शारीरिक और मानसिक सहनशक्ति का परिचय देते हुए निर्धारित समय से भी अधिक अवधि तक इंडोर रोइंग मशीन पर निरंतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान चिकित्सकीय निगरानी,ऊर्जा प्रबंधन और विश्राम के सख्त नियमों का पालन किया गया।आधिकारिक मानकों के अनुरूप प्रदर्शन की रिकॉर्डिंग और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनके नाम यह कीर्तिमान दर्ज किया गया।दक्ष की इस सफलता पर उनके परिवार,गांव और पूरे संभल



जनपद में उत्साह का माहौल है। ग्राम सैदपुर गंगू निवासी दक्ष चाहल के चाचा सरजीत सिंह चाहल ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। परिजनों ने कहा कि कठिन परिश्रम,अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह मुकाम हासिल हुआ है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने भी दक्ष को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि अन्य युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।इंडोर रोइंग एक उच्च सहनशक्ति वाला खेल है,जिसमें खिलाड़ी को लंबे समय तक निरंतर गति और ताल बनाए रखनी होती है। 84 घंटे का यह प्रदर्शन न केवल शारीरिक क्षमता,बल्कि मानसिक दृढ़ता का भी प्रमाण माना जा रहा है।

## नासरपुर के लोगों ने ली बाल विवाह के खिलाफ शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली )।** बाल अपराधों के खिलाफ जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पेंसिया के निर्देशन में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी सम्भल में लगातार अभियान चला रहे है इसी क्रम में सोमवार को अभियान

**जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था चला रही अभियान**

को गति प्रदान करते हुए प्रयत्न संस्था और जिला प्रोबेशन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से सम्भल ब्लॉक के गांव नासरपुर में ग्राम प्रधान सुंदर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बाल विवाह न करने की शपथ ली इस अवसर पर प्रयास संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर




चौधरी ने कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है एवं लोगों को बाल अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल विवाह की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 पर या ग्राम प्रधान को या प्रयास संस्था को दे सकते है। जिससे की जनपद सम्भल को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर अबाज उठानी होगी, अठारह साल से कम उम्र की लड़की और इक्कीस साल से कम उम्र के लड़के के विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी जिसमें शादी कराने वाले पंडित से लेकर नाई हलवाई टेंट वाला और सभी सेवा प्रदाताओं के साथ जो भी बाल विवाह के आयोजन में सम्मिलित होगा उन सभी को दो साल की सजा और एक लाख रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनो हो सकते हैं यदि आप कहीं बाल विवाह होता देखें, तो तुरंत इन नंबरों पर सूचना दें चाइल्ड हेल्पलाइन 1098,पुलिस 112,जे आर सी हेल्पलाइन 1800-102-7222 आपका एक छोटासा प्रयास किसी बच्चे का पूरा जीवन बचा सकता है। इस अवसर पर फील्ड कॉर्डिनेटर सिराज अहमद , आगनवाड़ी पारुल ,मीनाक्षी ,शीला देवी आदि मौजूद रहे।

## मेगा शिविर में परिवहन विभाग का आकर्षक स्टॉल,सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0एम.ए.तोमर)।** आईटीआई कैंपस मेरठ रोड मुजफ्फरनगर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित मेगा शिविर में परिवहन विभाग

**आईटीआई परिसर में आयोजित कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों को भेंट किए गए सड़क सुरक्षा शपथ प्रतीक व नियम कैलेंडर**

उत्तर प्रदेश जनपद मुजफ्फरनगर की ओर से आकर्षक स्टॉल लगाया गया।कार्यक्रम का आयोजन जिला अधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।स्टॉल पर एआरटीओ प्रवर्तन सुशील कुमार मिश्र एवं आरआई टेक्निकल रोमेश अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी मेगा शिविर/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य,अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रितिश सचदेवा तथा सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा० सत्येंद्र कुमार चौधरी का स्वागत सड़क सुरक्षा शपथ प्रतीक एवं सड़क सुरक्षा नियम कैलेंडर भेंट कर किया गया।मेगा शिविर में लगाए गए स्टॉल पर



आगंतुकों को ह्यसड़क सुरक्षा-जीवन रक्षाह्व अभियान के अंतर्गत कैलेंडर,हैंडबिल,पैम्फलेट, फ्लायर्स एवं फ्लेक्स के माध्यम से यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का अनुपालन ही दुर्घटनाओं में कमी लाने का सबसे प्रभावी उपाय है।इस दौरान नव वर्ष एवं सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित कैलेंडर तथा जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई।आयोजन में परिवहन विभाग की ओर से शोबी जैदी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने की ग्राम मोहिउद्दीनपुर में मैट्रो स्टेशन की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदीप तितौरिया ने मेरठ के प्रथम ग्राम व वर्तमान में नई टाउनशिप विकसित करने हेतु चयनित ग्राम मोहिउद्दीनपुर में मेरठ मैट्रो व नमो भारत मैट्रो स्टेशन के निर्माण कराने हेतु मांग की।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में तितौरिया ने मेरठ में नमो भारत मैट्रो व मेरठ मैट्रो का संचालन शुरू करने पर धन्यवाद देने के साथ ही अवगत कराया कि जिला गाजियाबाद के बाद मेरठ जिले के प्रथम ग्राम मोहिउद्दीनपुर में शुगर मिल भी है और नई टाउनशिप विकसित करने हेतु इसी ग्राम का चयन किया गया है और एक लिंक रोड खरखौदा होते हुए हापुड़



से जुड़ती है और दूसरी लिंक रोड सिवाल होते हुए बागपत से मिलती है। पर कुछ राजनीतिक कारणों व क्षेत्रीय विधायक की हठधर्मिता के कारण मोहिउद्दीनपुर ग्राम की अनदेखी कर भूड़बराल ग्राम में मेरठ साउथ नाम से स्टेशन बनाया गया है जो मोहिउद्दीनपुर ग्राम से लगभग तीन किलोमीटर दूर है तथा दूसरा स्टेशन मोदीनगर में लगभग नौ किलोमीटर है। जिससे आस-पास व लिंक रोड पर स्थित ग्रामों की जनता में काफी रोष है। इस ग्राम में स्टेशन न बनना इस ग्राम की जनता के साथ सौतेला व्यवहार है। जबकि ग्राम मोहिउद्दीनपुर में सरकारी शुगर मिल भी है और स्टेशन हेतु सरकारी जमीन भी है। यहां सरकारी शुगर मिल होने के कारण शुगर मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों का भी आना जाना लगा रहता है। यदि वहां पर मैट्रो स्टेशन नहीं बनाया गया तो भविष्य में यह बड़ी समस्या बन सकती है। इसलिए भविष्य में होने वाली टाउनशिप के विकास व जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए मोहिउद्दीनपुर ग्राम में नमो भारत व मेरठ मैट्रो के स्टेशन के निर्माण की मांग की गई।

## मुजफ्फरनगर में ऑपरेशन सवेरा का प्रहार,1 किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा के तहत थाना बुढ़ाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अवैध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब एक किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की है।एसएसपी संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई एडीजी मेरठ जोन व डीआईजी सहारनपुर के निर्देशन में की गई। अभियान का नेतृत्व एसपी देहात आदित्य बंसल,सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह एवं थाना प्रभारी बुढ़ाना सुभाष बाबू अत्री द्वारा किया गया। थाना बुढ़ाना पुलिस टीम मेरठ-करनाल हाईवे पर छंगा होटल के पास रजवाहे की पटरी पर गश्त कर रही थी।इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति रजवाहे से कांधला रोड की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों तेज कदमों से आगे बढ़ने लगे।



संदेह गहराने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को विज्ञाना मार्ग पर दबोच लिया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से करीब 01 किलोग्राम अफीम बरामद हुई।बरामदगी के आधार पर थाना बुढ़ाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में अपने नाम नासिर पुत्र इसुफ एवं नयाब पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम बडकता थाना बुढ़ाना बताए। उन्होंने स्वीकार किया कि वे राजस्थान और मध्य प्रदेश में फेरी का काम करते हैं तथा मंदसौर से किसी अज्ञात व्यक्ति से अफीम खरीदकर बुढ़ाना क्षेत्र में अधिक मुनाफे पर बेचने आए थे।कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री, उपनिरीक्षक छविकांत,संदीप सिंह, आशीष चौधरी सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद को नशामुक्त बनाने के लिए ऑपरेशन सवेरा लगातार जारी रहेगा और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**महोत्सव** सुभारती महोत्सव-2026 में भव्य अवार्ड सेरेमनी एवं ग्रैंड गाला ईवनिंग

## डॉ.अतुल कृष्ण की शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा से सजा सुभारती महोत्सव 2026

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** सुभारती ग्रुप के अंतर्गत आने वाले एक और विश्वविद्यालय, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय देहरादून में आयोजित सुभारती महोत्सवझ2026 के अंतर्गत फ्रेशर एवं फेयरवेल समारोह के साथ भव्य अवार्ड सेरेमनी और ग्रैंड गाला ईवनिंग का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय परिसर राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता और युवा ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया।

कार्यक्रम का सफल आयोजन कुलपति प्रो डॉ. हिमांशु ऐरन के प्रेरक नेतृत्व एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ हिमांशु ऐरन का संदेश था कि – सुभारती विश्वविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है, जहाँ शिक्षा के साथ संस्कार और राष्ट्रीय चरित्र का विकास समान रूप से होता है। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक प्रतिबद्धता और राष्ट्र निर्माण का उत्कृष्ट समन्वय प्रस्तुत किया है। प्रति कुलपति प्रो. डॉ देश दीपक के मार्गदर्शन में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा को सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वित किया गया। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। महोत्सव के अंतिम दिवस आयोजित अवार्ड सेरेमनी में विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य मंच पर प्रतिभाओं की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन, नृत्य, शायरी, कविता-पाठ, फैशन शो, स्टैंडअप कॉमेडी और बैंड परफॉर्मेंस ने शाम को यादगार बना दिया। विशेष आकर्षण रहा ग्रैंड गाला ईवनिंग, जिसमें इंडियन आइडल फेम गायक संकल्प खेतवाल एवं उनकी बैंड की सुरमयी प्रस्तुति ने समूचे वातावरण को ऊर्जा




और उत्साह से भर दिया। आकाशवाणी देहरादून के सनावर अली खान ने अपना मनमोहक सूफी कलाम प्रस्तुत कर महफिल में चार चांद लगाए। मुख्य अतिथि अनिल गोयल, उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, उत्तराखंड ने अपने प्रेरक संदेश द्वारा अपना भाव व्यक्त करते हुए कहा– युवा शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक पूंजी है। सुभारती विश्वविद्यालय जिस प्रकार शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक उत्तरदायित्व का समावेश कर रहा है, वह उत्तराखंड ही नहीं, पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. माधुरी बर्थवाल पद्मश्री सम्मानित लोक गायिका ने भारतीय लोक संस्कृति के संरक्षण को युवा पीढ़ी का कर्तव्य बताया तथा सुंदर लोकगीत गायन किया। डॉ. दीप्ति रावत,महामंत्री भाजपा, उत्तराखंड ने छात्राओं को नेतृत्व के क्षेत्र में आगे आने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मिस इंद्राणी पांधी फिल्म अभिनेत्री एवं सोशल वुमेन एंटरप्रेन्योर ने आत्मनिर्भरता, रचनात्मकता और महिला सशक्तिकरण पर प्रेरक विचार व्यक्त करते हुए सुभारती विश्वविद्यालय की सराहना की। कार्यक्रम की गरिमा को विशिष्ट अतिथियों राज्यपाल नामिल बीओजी सदस्य मेजर जनरल असवाल, ट्रस्ट निदेशक ब्रिगेडियर वी पी सिंह ,विशेष कार्यकारी अधिकारी चारधाम यात्रा उत्तराखंड सरकार, पी.पी.नौटियाल, निदेशक लोकप्रिय अस्पताल डा. जीवन आशा, एन.एस.एस स्टेट ऑफिसर उत्तराखंड डॉ.सुनयना रावत, पूर्व राष्ट्र कार्यकारिणी सदस्य (अ.भा.वि.प.) डॉ. भान सिंह आदि की उपस्थिति ने और अधिक प्रतिष्ठित बनाया। विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय स्वरूप इस आयोजन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

## स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण कर सीएमओ ने लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्साधिकारी डा० सुनील तेवतिया



ने सोमवार को जिला चिकित्सालय सहित विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने चिकित्सकों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सबसे पहले मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिला चिकित्सालय परिसर स्थित हृदय रोग विभाग के आईसीयू का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उपचार की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ को निर्देशित किया कि गंभीर मरीजों को समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके बाद उन्होंने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरी का निरीक्षण कर ओपीडी,दवा वितरण कक्ष,प्रसव कक्ष और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वच्छता, अनुशासन और आमजन को सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

# शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर हजारों शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी दाहिनी भुजा में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर सोमवार को कांठ तहसील एवं जनपद के हजारों शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी दाहिनी भुजा में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया । संघ के अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने कहा कि हम सभी शिक्षक एक हैं और हर प्रकार के आंदोलन के लिए तैयार हैं हम उन सभी साथियों से भी अपील करते हैं जो टेट पास हैं या जिन्हें आवश्यकता नहीं है कृपया वे भी इस आंदोलन में पूर्ण भागीदारी निभाएं ताकि भविष्य में आपसे भी इस तरह की कोई अन्य परीक्षा न ली जाए' यह अभियान 25 फरवरी तक चलेगा।

**अभियान 25 फरवरी तक चलेगा'**






## डीएलएड प्रवेश प्रक्रिया के दो चरण पूरे हुए: आधे से अधिक सीटें रिक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) सत्र-2025 में प्रवेश प्रक्रिया के दो चरण पूरे होने के बाद भी बड़ी संख्या में सीटें रिक्त रह गई हैं। कुल 2,39,500 सीटों में से 10,600 सीटें डीआईईटी जबकि 2,28,900 सीटें निजी एवं अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए आवंटित हैं। इनमें से अब तक केवल 82,095 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया है, जिससे लगभग 1.57 लाख सीटें रिक्त रह गई हैं। प्रवेश प्रक्रिया का संचालन उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी द्वारा किया जा रहा है। दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रदेश के 67 जिलों में संचालित डीआईईटी तथा निजी एवं अल्पसंख्यक कॉलेजों में अपेक्षित संख्या में प्रवेश नहीं हो सका।




## अमन कमेटी की बैठक: होली और ईद का त्यौहार आपसी सौहार्द और प्रेम के साथ मनाएं: एसडीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** होली और ईद के त्यौहार को लेकर सोमवार की शाम थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने नगर के लोगों से दोनों पर्व शांतिपूर्वक मनाएं जाने की अपील की त्यौहार में आने वाली समस्याओं के बारे में भी उन्होंने लोगों से जाना और कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए वह उनसे फोन पर संपर्क कर सकते है। उन्होंने कहा हर बार की तरह इस बार भी सभी लोग दोनों पर्व को आपसी सौहार्द और प्रेम के साथ मनाएं। होली पर किसी के ऊपर अनावश्यक रूप से रंग ना डालें कोई ऐसा काम ना करें कि किसी दूसरे वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचे नगर एवं क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने अधिकारियों को ईद और होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाएं जाने का भरोसा दिलाया। कहां की यहां की गंगा जमुनी तहजीब के चलते सारे त्यौहार शांतिपूर्वक प्रेम और सौहार्द के साथ मनाए जाते हैं। इस मौके पर नगर के गणमान्य सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान पंचायत सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद रहे।




## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की प्रवर्तन टीम ने मारा छापा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद मंडी परिसर में बड़े स्तर पर महंगे ब्रांडेड खजूर के पैक में सस्ती खजूर भरकर बाजार में उतारने का वीडियो वायरल होने के बाद खलबली मच गई। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की प्रवर्तन टीम ने मंडी छापा मारा।

**9648 किलो खजूर सील किया, पांच नमूने जांच के लिए वाराणसी प्रयोगशाला भेजे**

करीब 8.24 लाख रुपये की कीमत के 9648 किलो खजूर को सील किया और खजूर के मिसब्रांडेड या नुकसानदेह होने के शक में इसके नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। कई दिनों से एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें मुरादाबाद मंडी में ही कुछ लोग सस्ती खजूर को महंगे ब्रांडेड नामों वाली पैकिंग में उन्हें भरते दिखाई दे रहे थे। फौरी तौर पर मामला मिलावट का दिख रहा था। ब्रांडेड कंपनियों की गुणवत्ता व उनके नाम को खराब करने का मामला लोगों के साथ भी धोखा है, जो अच्छी खजूर मानकर अधिक पैसे खर्च करते हैं लेकिन उन्हें सस्ती खजूर मिलती है। सहायक आयुक्त (खाद्य) राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रवर्तन दल नवीन मंडी स्थल पहुंचा। यहां मैसर्स ईशा डेट्स कंपनी पर छापा मारा।

यहां खजूर के दो नमूने जांच के लिए संग्रहीत किए। यहां लगभग 1500 किलोग्राम खजूर सील कर दिया गया। इसके अलावा अल-वदूद डेट्स फर्म से 7320 किलो खजूर सील किया। यहां से दो नमूने लिए गए।कीमिया गोल्ड ब्रांड का 828 किलो खजूर सील कर नमूने लिए गए। इस तरह कुल 9648 किलो खजूर सील किया गया। इसकी कीमत 8.24 लाख रुपये बताई जा रही है। पांच नमूने लेकर जांच के लिए वाराणसी स्थित प्रयोगशाला भेजे गए हैं।



## महमूदपुर माफी में गरीबों को रमजान राशन पैक का वितरण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नगर पंचायत महमूदपुर माफी में दावते इस्लामी इंडिया की कल्याण शाखा गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (जीएनआरएफ) ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए इस वर्ष भी रमजान राशन पैक वितरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

इस शुभ महीने में, कई लोगों ने जरूरतमंदों की मदद करने के इस नेक काम में अपना योगदान दिया। जिससे बड़ी संख्या में परिवारों को लाभ हुआ यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी-2) यानी जीरो हंगर और एसडीजी-1 यानी नो पॉवर्टी के तहत लोगों को भूख और गरीबी से मुक्त कराने की दिशा में एक कदम है। इस कार्यक्रम के तहत जरूरत मन्द परिवारों को राशन किट वितरित किए गए। प्रत्येक राशन किट में दैनिक आवश्यक खाद्य सामग्री होती है, जो पूरे रमजान के दौरान परिवार के लिए पर्याप्त होगी। इनमें चावल, आटा, दालें, चीनी, चाय, खजूर, मसाले और अन्य जरूरी चीजें शामिल थीं। दावते इस्लामी हिंद के जिला अध्यक्ष अरकान कादरी अत्तारी ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी दानदाताओं, स्वयंसेवकों और सहयोगियों को हार्दिक धन्यवाद दिया और कहा कि हमारी संस्था इसी प्रकार से मानवता की सेवा करती रहेगी और भविष्य में भी ऐसे नेक कार्य करने का हमारा संकल्प है हम सभी से प्रार्थना और सहयोग का अनुरोध करते हैं ताकि हम भविष्य में और अधिक जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकें। इस अवसर पर मुहम्मद समर खां अत्तारी फरमान अत्तारी मास्टर इरफान कुरैशी मुखया खां आदि मौजूद रहे।

## शासन के निर्देश पर पीएम श्री विद्यालयों में तैनात होंगे दो सुरक्षा कर्मचारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर नगर सहित जनपद के 15 पीएम श्री विद्यालयों में विद्यालय एवं स्टाफ की सुरक्षा के लिए प्रत्येक विद्यालय में दो सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे।

शासन स्तर से बजट जारी किया जा चुका है। स्कूल शिक्षा महानिदेशक द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रांतीय रक्षक दल और अन्य सरकारी विभागों के माध्यम से सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का निर्देश पहले ही दिया गया था।

इसके लिए प्रतिमाह 12000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। विभागीय सूत्रों ने सोमवार को "बुलंद संदेश" को बताया कि सुरक्षा कर्मी की तरह थी के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पिछले दिनों प्रांतीय रक्षक दल के अधिकारी को पत्र लिखा था उन्होंने स्टाफ के न होने की बात कही थी' उल्लेखनीय है कि नगर के अलावा तहसील क्षेत्र में मथाना एवं फोलड़ा पट्टी मैं पीएम श्री विद्यालय बने हुए हैं इन विद्यालयों के पास लाखों रुपए के उपकरण मौजूद हैं लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए अभी तक सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं है ।




## सड़कों के चौड़ीकरण हेतु हरे पेड़ों पर चलेगी आरी, 2112 पेड़ काटे जाएंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** जिले की पांच सड़कों के चौड़ीकरण के लिए हरियाली पर आरी चलेगी। कुल 2,112 पेड़ काटे जाएंगे। बिजली के 1,016 खंभों को भी शिफ्ट किया जाएगा। सड़कों के टेंडर हो चुके हैं। पेड़ों की कटाई का काम वन विभाग को व बिजली के खंभों की शिफ्टिंग का काम विद्युत निगम को दे दिया गया है। पीडब्ल्यूडी 66.51 करोड़ रुपये की लागत से इन सड़कों का चौड़ीकरण कराएगा।

राज्य सड़क निधि योजना के तहत मिजार्पुर से नरखेड़ा मंडवा वंशीपुर होते हुए आनंदपुर मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाना है। 12.57 किमी मार्ग को 26.39 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। पेड़ों की कटाई व बिजली के खंभों की शिफ्टिंग पर 93 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यहां 636 पेड़ काटे जाएंगे, जबकि 365 खंभों को हटाया जाएगा। फरीदपुर बीसलपुर मार्ग से रसूला चौराहे से ककरा कला होते हुए रम्पुरा प्रवीण मार्ग के चौड़ीकरण (13.30 किमी) पर 27.88 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यहां 491 पेड़ों को काटा जाएगा। 304 खंभे शिफ्ट किए जाएंगे।

**आंवला-बदायूं मार्ग का भी होगा चौड़ीकरण**

आंवला से उसैला मार्ग (5.81 किमी) का चौड़ीकरण 11.87 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। इस मार्ग पर 203 पेड़ काटे जाएंगे और 135 खंभे शिफ्ट किए जाएंगे। आंवला बदायूं मार्ग के आठ किमी हिस्से के चौड़ीकरण पर 14.41 करोड़ खर्च होंगे। यहां 690 पेड़ काटे जाएंगे और 84 खंभों को शिफ्ट किया जाएगा। इंडस्ट्री लाजिस्टिक पार्क योजना से आंवला रेलवे पोषक मार्ग के चौड़ीकरण पर 9.72 करोड़ खर्च होंगे। यहां 92 पेड़ काटे जाएंगे और 128 खंभे शिफ्ट किए जाएंगे।



**वन निगम से मिली एनओसी, विद्युत निगम को दिया खर्च**

इन पांच मार्गों पर पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग ने वन निगम से एनओसी ले रखी है। जल्दी ही पेड़ों की कटाई शुरू की जाएगी। बिजली के खंभों को शिफ्ट करने के लिए पीडब्ल्यूडी की तरफ से विद्युत निगम को बजट दे दिया गया है।

**वर्जन**

पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता राजीव अग्रवाल ने बताया कि पांचों सड़कों के चौड़ीकरण में दो हजार से अधिक पेड़ काटे जाएंगे और एक हजार से अधिक बिजली के खंभे शिफ्ट किए जाएंगे। कटने वाले पेड़ों के बदले दूसरी जगह पौधरोपण के लिए रकम जमा कर दी गई है। सड़कों के लिए टेंडर हो चुके हैं। जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ एफआईआर तत्काल वापस हो : राशिद अल्वी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने कहा कि ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद बड़े महात्मा हैं। उनका सम्मान पूरा देश करता है। उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

मुरादाबाद पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत क दौरान कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि गवर्नर बनने से पहले उनकी राय पीएम मोदी के बारे में अच्छी नहीं थी। वह तल्ख टिप्पणी करते रहते थे लेकिन जैसे ही गवर्नर बने वैसे ही पीएम मोदी उन्हें अच्छे लगने लगे। गुजरात में हजारों लोग मारे गए, क्या वह अब उन्हें सही बताएंगे। इसलिए लोग अब राजनीतिज्ञों पर भरोसा करना कम करते जा रहे हैं। जब कुछ मिल जाता है तो उनकी राय बदल जाती है। कुछ नहीं मिलता तो राय कुछ और होती है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बयान को सही बताते हुए कहा कि जब भारत का विदेश मंत्री बांग्लादेश जाकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री से मिलकर खुद का परिचय देता है तो शर्म से सिर झुक जाता है तो खिलाड़ियों के हाथ मिलाने में क्या रखा है।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ एफआईआर पर राशिद अल्वी ने कहा कि वह एक बड़े महात्मा हैं। हिंदुओं में उनका बड़ा सम्मान है। उनकी इज्जत पूरा देश करता है। उनके खिलाफ एफआईआर को तत्काल वापस लेना चाहिए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के बयान पर उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी उन्हें सबसे अधिक खतरनाक लगते हैं तो उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं करते, सरकार में तो वही हैं। ऐसे बयान देश के लोगों को गुमराह करने वाले हैं। संसद में राहुल गांधी से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी तो चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ ने अपनी किताब में क्या लिखा है, यह सच्चाई देश के सामने लाना चाहते थे लेकिन उन्हें भाजपा नेता बोलने नहीं देना चाहते ।



## दिल्ली पब्लिक स्कूल मुरादाबाद के तत्वावधान कांठ में 25 फरवरी को रिगार्डिंग एडमिशन कैंपेन का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मुरादाबाद के तत्वावधान में नगर में मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में 25 फरवरी को रिगार्डिंग एडमिशन कैंपेन का आयोजन किया गया है' यह जानकारी सोमवार की देर शाम स्कूल के वाइस चेयरमैन संदीप कुमार जैन नहीं देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करके कार्यक्रम को सफल बनाएं।




## बेसिक-माध्यमिक के 37 फीसदी "छात्रों की नहीं बनी अपार आईडी"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद जनपद एवं प्रदेश में लंबे समय से चल रही कवायद के बाद भी बेसिक व माध्यमिक के 37 फीसदी से ज्यादा छात्रों की ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार) आईडी अभी तक नहीं बन पाई है। इसमें कुछ जिलों में 40 फीसदी से ज्यादा छात्रों के मामले लंबित हैं। इस पर शासन ने नाराजगी जताते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी बीएसए व डीआईओएस को पत्र भेजकर कहा है कि नौ फरवरी तक 62.59 फीसदी छात्रों की अपार आईडी बनी है। जबकि 37.41 फीसदी अब भी अपूर्ण हैं। इसे अभिभावकों से सहमति पत्र लेकर उनकी अपार आईडी जल्द बनाना सुनिश्चित करें ताकि यह लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि आगरा में 47.17, मथुरा में 45.66, कानपुर नगर में 45.12, आजमगढ़ में 44.64, कुशीनगर में 44.32, जौनपुर में 43.11, अयोध्या में 42.63, गोंडा में 42.47, गोरखपुर में 42.46, वाराणसी में 42.33, कन्नौज में 41.98, बदायूं में 41.69, मुरादाबाद में 41.62, गाजीपुर में 41.45, मैनपुरी में 41.37, मऊ में 41.20 फीसदी छात्रों की आईडी अभी नहीं बनी है।




## कांठ तहसील में बोर्ड परीक्षा में सोमवार को दोनों पारियों में 377 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर एवं तहसील क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर सोमवार को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई ' पहली पारी में हाई स्कूल अंग्रेजी की का पेपर था इसमें 4402 परीक्षार्थी पंजीकृत 4167 ने परीक्षा दी 236 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे' दूसरी पारी में इंटरमीडिएट गणित का पेपर था इसमें 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे' इंटरमीडिएट जीव विज्ञान के पेपर में 2009 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 1884 मे परीक्षा दी 125 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे ' सोमवार को दोनों पारियों में 367 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, नगर के ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को उप संकलन केंद्र बनाया गया है उप संकलन केंद्र प्रभारी राम सागर ने देर शाम "बुलन्द संदेश" को बताया कि सोमवार को दोनों पारियों में 377 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे'




**जयंती** जिला अध्यक्ष विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने संत गाडगे महाराज जी के चित्र पर माला अर्पण किया

## 150वीं जयंती पर याद किये गए समाज सुधारक संत गाडगे महाराज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली)।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार महान समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती उमेश चंद्र दिवाकर परिसर भरतरा चुंगी पर मनाई गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओ ने संत गाडगे महाराज जी के चित्र पर माला अर्पण किया इस मौके पर जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने उनके जीवन और कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गाडगे महाराज एक महान समाज सुधारक, संत और भिक्षु थे जिन्होंने गोरगरीब, दीनदलित लोगों के बीच अज्ञान, अंधश्रद्धा और अस्वच्छता को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। विधायक राम खिलाड़ी यादव ने कहा कि समाज सुधारक संत गाडगे महाराज जी ने समाज में फैली कुरीतियों और जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई थी। गाडगे महाराज ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जैसे कि धर्मशालाएं, गौशालाएं, विद्यालय, चिकित्सालय और छात्रावासों का निर्माण कराया। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार ने कहा कि समाज सुधारक संत गाडगे महाराज ने लोगों को स्वच्छता और शिक्षा का महत्व समझाया। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और लोगों को प्रेरित करती हैं। भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी आए नेता उमेश चंद्र दिवाकर ने कहा कि समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की जयंती के अवसर पर लोग उनके जीवन और कार्यों को याद करते हैं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि वे समाजवादी पार्टी में शामिल होकर दलित, पिछड़े, अत पिछड़े, अल्पसंख्यक और सभी के साथ काम करने का सम्मान और मौका मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की साथ ही इस मौके पर विधायक रामखिलाडी यादव, प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी राजेंद्र गुरुजी, आदि संबोधित किया, संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार ने किया कार्यक्रम में उमेश चद दिवाकर, विमलेश कुमारी, बलवत सिंह, अशोक यादव, शिक्षा मित्र संघ अध्यक्ष स्वराज सिंह दिवाकर, मन्नू सिंह दिवाकर, शोभित कुमार काका, वरिष्ठ नेता लड्डन मियां, ओमप्रकाश प्रजापति, संजीव यादव, उमेश यादव, ताहिर उल्ला खान, पूरनलाल मौर्य, हरीश चद आर्य, फैजान शाही, अशोक राणा, सुनीता यादव, शारदा यादव, मानकौर, रवि दिवाकर, भारत सिंह यादव, संजय, मदन ठाकुर, उदयवीर सिंह, सुनी खड़कवंशी, अमरीश यादव, कुमारपाल यादव, ओंकार सिंह दिवाकर, मनोज शर्मा, लोकेश यादव, आकाश शखधार, प्रतीक, नानू ,अंश, बरनवाल, डॉक्टर हंसराज, रिंकू चौहान, अन्ना, जाकी, उमेश यादव, एसपी बिलाल, रघुनंदन यादव, मुकेश यादव,आदि मौजूद रहे।



## मुरादाबाद में परिषदीय स्कूलों का संचालन पूर्व की भांति सुबह 9:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** जिलाधिकारी, मुरादाबाद के पत्रांक चै० सहा0/17640-50/2025-26 दिनांक 17.12.2025 के द्वारा जनपद में अत्यधिक शीतलहर / कोहरे के कारण छात्र-छात्रओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य के दृष्टिगत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय / मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं अशासकीय सहायता प्राप्त / राजकीय / कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय / अन्य समस्त बोर्ड के कक्षा-नर्सरी से कक्षा-08 तक के विद्यालयों का संचालन का समय प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक किया गया था।वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग में विद्यालयों के संचालन के लिए निर्धारित समय सारिणी के अनुपालन में जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार तत्काल प्रभाव से विद्यालयों का संचालन समय 31 मार्च 2026 तक पूर्व की भाँति प्रातः 09:00 बजे से अपरान्त 03:00 बजे तक किया जाता है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने आज पत्र जारी कर उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराई जाने के निर्देश दिए हैं '

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# ऋचा चड्ढा ने बयां किया करियर का शुरूआती अनुभव

अभिनेत्री और निमार्ता ऋचा चड्ढा ने अपने करियर की शुरूआत के दौरान एक कड़वे अनुभव को साझा किया है। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति पर वह बहुत भरोसा करती थीं, उसने उनके हितों के खिलाफ काम किया और उन्हें धोखा दिया था। ऋचा ने बताया कि इस घटना से उन्हें यह सबक मिला कि हर कोई आपका ध्यान नहीं रख सकता या आपके बारे में नहीं सोच सकता।

ऋचा ने कहा, अपने करियर की शुरूआत में मुझे यह कड़वा सबक मिला कि हर कोई आपका इतना ध्यान नहीं रखता। मैं भोली थी। कुछ लोग थोड़े से अंतर से भी खतरा महसूस करते हैं और नहीं चाहते कि आप उनसे आगे निकल जाएं या उनकी स्पॉटलाइट छीन लें। यह अनुभव उनके लिए काफी परेशान करने वाला था, लेकिन इससे उन्होंने अपनी पसंद का बचाव करना और सही लोगों पर भरोसा करना सीखा। उन्होंने इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह उनसे संपर्क करने में हिचकिचाएं नहीं। आम धारणा है कि बड़े एक्टर्स से अप्रोच करना मुश्किल होता है, लेकिन ऋचा ने इसे गलत बताया।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, एक सोच है कि हमसे संपर्क करना कठिन है, लेकिन यह सच नहीं।

मेरे लिए सिर्फ अच्छी स्क्रिप्ट, सच्ची राइटिंग और कहानी का असर मायने रखता है। मैं हमेशा सही कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हूं।

ऋचा ने शुरूआती दिनों में कम आंके जाने की बात भी कही। वह चाहती हैं कि इंडी क्रिएटर्स बिना झिझक के अच्छे रोल और कहानियों के लिए संपर्क करें।

ऋचा एक नई नॉन-फिक्शन सीरीज का निर्माण कर रही हैं। इसके जरिए ऋचा का मकसद दर्शकों को जानी-पहचानी जगहों को नई नजर से देखने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही कम जानी-पहचानी कहानियों को उजागर कर भारत की सांस्कृतिक गहराई और इंसानी जज्बे को सेलिब्रेट करना है। यह सीरीज ट्रैवल, कल्चर और भारत भर में लोगों और जगहों को परिभाषित करने वाली कहानियों पर आधारित होगी। यह जिज्ञासा और सहानुभूति से प्रेरित कहानी है। सीरीज भारत की विविधता समुदायों, परंपराओं और जीवन अनुभवों की कहानी को दिखाएगी। दर्शकों को आज के नजरिए से संस्कृति का जीवंत और इमर्सिव अनुभव मिलेगा।

# तापसी पन्नू को मृणाल ठाकुर ने दी पटखनी, अस्सी से आगे निकली दो दीवाने शहर में, ओ रोमियो का जलवा बरकरार

बॉलीवुड के लिए ये शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक साबित नहीं हुआ। तापसी पन्नू की अस्सी, जिसे समीक्षकों से तो सराहना मिली, लेकिन दर्शकों को खींचने में ये फिल्म पहले दिन पूरी तरह विफल रही, वहीं युवाओं के बीच चर्चा बटोर रही फिल्मों का भविष्य पूरी तरह से वर्ड ऑफ माउथ यानी दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है।

पहले दिन की सुस्त शुरूआत के बाद फिल्म के पास संभलने के लिए अब केवल वीकेंड का ही सहारा है। अब अगर शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई में बढ़िया उछाल नहीं आता तो सोमवार से फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर टिक पाना नामुमकिन हो जाएगा। उधर दो दीवाने शहर में ने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि, ये आंकड़ा बड़ा नहीं है, लेकिन तापसी की फिल्म अस्सी (1 करोड़) के मुकाबले ये फिल्म 25 लाख की बढ़त बनाने में कामयाब रही। फिल्म को युवाओं और मल्टीप्लेक्स दर्शकों का साथ मिला है। रवि उदयावर के निर्देशन वाली ये फिल्म मुंबई के 2 युवाओं की कहानी है, जो अपनी कमियों और अकेलेपन के बीच प्यार तलाशते हैं। शहरी युवाओं को इसकी कहानी खूब भा रही है।



मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने शहर में ने भी बॉक्स ऑफिस पर बेहद ठंडी शुरूआत की है। हालांकि, दो दीवाने शहर में की पहले दिन की कमाई ने अस्सी को पछाड़ दिया है। सैकनिल्क के मुताबिक, अस्सी ने अपने पहले दिन देशभर में मात्र 1 करोड़ रुपये कमाए। ये आंकड़ा इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इस साल आई यामी गौतम की महिला केंद्रित की छोटे बजट की फिल्म हक भी कमाई के मामले में इससे आगे रही। इसने भी 1.75 करोड़ रुपये बटोरे थे। मुल्क और थप्पड़ जैसी सफल फिल्मों के बाद निर्देशक अनुभव सिन्हा और तापसी इस बार अस्सी लेकर आए, जिसे तारीफ तो खूब मिली, लेकिन दर्शक नसीब नहीं हुए। फिल्म समीक्षकों और ट्रेड पंडितों का स्पष्ट मानना है कि अस्सी जैसी गंभीर और विषय-प्रधान

दूसरी ओर शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूती से बनाए हुए है। अपने दूसरे हफ्ते में होने के बावजूद ये नई रिलीज फिल्मों (अस्सी और दो दीवाने शहर में) पर भारी पड़ रही है। फिल्म ने अपने दूसरे शुक्रवार को लगभग 2.25 करोड़ रुपये कमाए। जहां दो दीवाने शहर में (1.25 करोड़) और अस्सी (1 करोड़) मिलकर भी 2.25 करोड़ ही कमा पाईं, वहीं ओ रोमियो ने अकेले इन दोनों के बराबर कमाई की।

# एस के जी एंटरटेनमेंट और बेंचमार्क स्टोरीटेलर्स की अगली भव्य फीचर फिल्म में अनूपमा परमेश्वरन

एस के जी एंटरटेनमेंट और बेंचमार्क स्टोरीटेलर्स ने अपनी आगामी फीचर फिल्म की आधिकारिक घोषणा कर दी है, जिसमें पैन-साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री अनूपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह एक सघन मनोवैज्ञानिक थ्रिलर होगी, जिसका निर्देशन शान करेंगे और निर्माण शिविन नरंग, प्रेरणा अरोड़ा और किरण बल्लापल्ली द्वारा एक अग्रणी स्टूडियो के सहयोग से किया जाएगा। यह फिल्म निर्देशक शान के साथ अनूपमा परमेश्वरन की बड़े पर्दे पर वापसी का प्रतीक है। इससे पहले दोनों की लघु फिल्म को जबरदस्त



सराहना मिली थी। डिजिटल मंच पर मिली उस सफलता के बाद अब यह सहयोग एक पूर्ण रूप से सिनेमाई अनुभव में परिवर्तित हो रहा है, जिसमें व्यापक पैमाना, गहराई और प्रभाव देखने को मिलेगा। फिल्म की शूटिंग मई 2026 से शुरू होने वाली है, जबकि शीर्षक की घोषणा बाद में की जाएगी। इस परियोजना की घोषणा अनूपमा परमेश्वरन के जन्मदिन के अवसर पर की गई, जिससे यह पल और भी विशेष बन गया। निमार्ताओं ने अभिनेत्री को शुभकामनाएँ देते हुए एक भावनात्मक और सशक्त सिनेमाई यात्रा की झलक भी पेश की।

इस सहयोग पर अपनी बात रखते हुए निमार्ता प्रेरणा अरोड़ा ने कहा,इस फिल्म में अनूपमा परमेश्वरन के साथ काम करना मेरे लिए बेहद खास है। उनमें सहज आत्मविश्वास, भावनात्मक सच्चाई और पात्रों को गहराई से समझने की दुर्लभ क्षमता है, जो विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों से सीधे जुड़ती है। अलग-अलग भाषाओं में दर्शकों के साथ उनका स्वाभाविक जुड़ाव मैंने हमेशा सराहा है। यह परियोजना उनके अभिनय की ताकत को नए स्तर पर प्रस्तुत करने का एक आदर्श मंच है। उन्हें इस फिल्म का नेतृत्व करते हुए देखकर मैं सचमुच उत्साहित हूँ और इस रचनात्मक यात्रा की शुरूआत का बेसब्री से इंतजार कर रही हूँ।

एस के जी एंटरटेनमेंट ने हाल ही में जटाधारा रिलीज की है, जिससे उसके विविध और मजबूत प्रोडक्शन स्लेट को और मजबूती मिली है। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित निमार्ता प्रेरणा अरोड़ा इससे पहले रुस्तम, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, पैड मैन और परी जैसी चर्चित फिल्मों का निर्माण कर चुकी हैं और निरंतर कंटेंट-प्रधान तथा दर्शक-केंद्रित सिनेमा का समर्थन करती रही हैं।

अनूपमा परमेश्वरन आज दक्षिण भारतीय सिनेमा की सबसे पसंदीदा और मांग में रहने वाली अभिनेत्रियों में शामिल हैं। प्रेमम, कार्तिकेय 2, डीजे टिल्लू और राक्षसुडु जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को व्यापक सराहना मिली है। वे तेलुगु, तमिल और मलयालम सिनेमा में लगातार दर्शकों का दिल जीतती आ रही हैं और पैन-इंडियन पहचान बनाए हुए हैं।

# हैंडबैग का इस तरह से रखें ध्यान,लंबे समय तक रहेंगे सही

हैंडबैग न केवल हमारे सामान को समेटने का काम करता है, बल्कि हमारे लुक को भी पूरा करता है। हालांकि, अक्सर हम इसे इस्तेमाल करने के बाद यूं ही कहीं रख देते हैं और इसका सही तरीके से ख्याल नहीं रखते। इससे इसकी चमक और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान उपाय बताते हैं, जिनकी मदद से आप अपने हैंडबैग को लंबे समय तक सही रख



सकते हैं।

**हैंडबैग को साफ रखें**

हैंडबैग को साफ रखना बहुत जरूरी है। अगर आपके हैंडबैग पर कोई दाग या गंदगी लग गई है तो उसे तुरंत साफ करें। इसके लिए आप हल्के साबुन और पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। ध्यान रखें कि ज्यादा पानी न डालें क्योंकि इससे बैग का आकार बिगड़ सकता है। अगर आपका हैंडबैग चमड़े का है तो उसे साफ करने के लिए खास चमड़े का सफाई करने वाला पदार्थ इस्तेमाल करें।

**सही तरीके से रखें**

हैंडबैग को सही तरीके से रखना भी जरूरी है। अगर आप अपने हैंडबैग को लंबे समय तक सही रखना चाहते हैं तो उसे सही जगह पर रखें। इसे किसी ठंडी और सूखी जगह पर रखें ताकि नमी और धूल से बचा जा सके। अगर आपके पास हैंडबैग के लिए खास डिब्बा हो तो उसमें रखें। इससे आपके बैग की चमक और गुणवत्ता बनी रहेगी और ये लंबे समय तक सही रहेगा।

**भारी सामान न रखें**

हैंडबैग में भारी सामान रखने से इसका आकार बिगड़ सकता है और यह जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए हमेशा अपने हैंडबैग में हल्का और जरूरी सामान ही रखें। भारी किताबें या लैपटॉप जैसे भारी सामान को अलग बैग में रखें ताकि आपके हैंडबैग का आकार बना रहे और यह लंबे समय तक सही रहे। इससे आपके बैग की चमक और गुणवत्ता बनी रहेगी और यह लंबे समय तक सही रहेगा।

**धूप से बचाएं**

धूप में लंबे समय तक रखने से आपके हैंडबैग की चमक फीकी पड़ सकती है इसलिए इसे धूप से बचाकर रखें। जब भी आपका बैग न पहनने वाला हो तो उसे किसी बंद दराज या डिब्बे में रखें ताकि धूल-मिट्टी और धूप से बचा रहे। अगर आप अपने बैग को लंबे समय तक सही रखना चाहते हैं तो उसे सही जगह पर रखें और समय-समय पर साफ करते रहें। इससे आपके बैग की चमक और गुणवत्ता बनी रहेगी।

**नियमित रूप से जांचें**

अपने बैग की नियमित रूप से जांच करना जरूरी है ताकि किसी भी तरह की समस्या समय रहते हल हो सके। समय-समय पर बैग की सिलाई, हैंडल और जिपर्स आदि की जांच करते रहें ताकि कोई टूट-फूट न हो।

अगर कहीं सिलाई ढीली हो रही हो तो उसे तुरंत ठीक कर लें। इसके अलावा बैग को समय-समय पर साफ करते रहें ताकि उसकी चमक और गुणवत्ता बनी रहे।

# सहजन के फूलों से भी बनाए जा सकते हैं कई लजीज पकवान,जानिए 5 आसान रेसिपी

सहजन का इस्तेमाल खान-पान में खास तौर से किया जाता है। हालांकि, इसके फूलों को जल्दी उपयोग नहीं किया जाता। ये फूल न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। सहजन के फूलों में कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं। आइए आज हम आपको सहजन के फूलों से बनने वाले कुछ खास व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप अपने घर पर आसानी से बना सकते हैं।

**सहजन के फूलों की टिक्की**

सहजन के फूलों की टिक्की एक बेहतरीन नाश्ता है, जिसे आप शाम की चाय के साथ परोस सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले उबले हुए आलू को मैश करें। इसके बाद उसमें बारीक कटे हुए सहजन के फूल, अदरक-लहसुन का पेस्ट, हरी मिर्च और मसाले मिलाएं। अब इस मिश्रण से छोटी-छोटी टिक्कियां बनाकर तवे पर सेंकें या तेल में तलें। ये टिक्कियां कुरकुरी और स्वादिष्ट होती हैं, जो हर किसी को पसंद आती हैं।

**सहजन के फूलों की सब्जी**

सहजन के फूलों की सब्जी एक अनोखा व्यंजन है, जिसे आप किसी भी खास मौके पर बना सकते हैं।

इसके लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर और मसालों का तड़का लगाएं। इसके बाद इसमें बारीक कटे हुए सहजन के फूल डालें और उन्हें पकने दें। इस सब्जी को धीमी आंच पर पकाएं, ताकि सभी मसाले अच्छे से मिल जाएं। इसे रोटी या चावल के साथ खाया जा सकता है। आप इसमें सहजन के पौधे के अन्य हिस्से भी डाल सकते हैं।



**सहजन के फूलों की चटनी**

अगर आप अपने खाने में कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो सहजन के फूलों की चटनी जरूर बनाएं। इसके लिए सबसे पहले सूखे नारियल को भून लें। इसके बाद उसमें बारीक कटे हुए सहजन के फूल, हरी मिर्च, लहसुन, अदरक और नमक मिलाकर पीस लें। इस चटनी को दाल-रोटी या पराठे के साथ खाया जा सकता है। यह चटनी आपके खाने का स्वाद बढ़ा देगी और उसके पोषण मूल्य को भी बढ़ा देगी।

**सहजन के फूलों की खीर**

खीर तो आपने कई तरह की खाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी सहजन के फूलों की खीर चखकर देखी है? अगर नहीं तो इसे एक बार जरूर बनाएं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले दूध उबालें, फिर उसमें बारीक कटे हुए सहजन के फूल डालें और पकने दें। अब इसमें चीनी डालकर अच्छी तरह मिलाएं और गाढ़ा होने तक पकाएं। इस खीर को ठंडा करके परोसें और ऊपर से मेवे डालना न भूलें।

**सहजन के फूलों का रायता**

रायता खाने के साथ एक अच्छा संगत होता है। सहजन के फूलों का रायता बनाने के लिए दही को फेंट लें। इसके बाद उसमें बारीक कटे हुए सहजन के फूल, भूना हुआ जीरा पाउडर, नमक और थोड़ा-सा काला नमक मिलाएं। इस रायते को ठंडा करके अपने खाने के साथ परोसें। यह रायता आपके खाने को और भी खास बना देगा और पेट को भी फायदा पहुंचाएगा। आप इसमें अन्य सब्जियां भी डाल सकते हैं।

# बोर्ड परीक्षा में किसी भी तरह की परेशानी पर टोल फ्री नंबर बनेगा सहारा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए बोर्ड प्रशासन ने टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। परीक्षा के दौरान यदि किसी परीक्षार्थी को केंद्र, प्रश्नपत्र वितरण, बैठने की व्यवस्था, अनुचित साधनों, अव्यवस्था या किसी अन्य प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वह सीधे हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकता है।

यूपी बोर्ड की ओर से जारी टोल फ्री नंबर 18001805312 और 18001805310 पर परीक्षार्थी परीक्षा अवधि के दौरान संपर्क कर सकते हैं। बोर्ड प्रशासन का कहना है कि हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि परीक्षार्थियों को अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े।

**यूपी बोर्ड ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए जारी की हेल्पलाइन, शिकायतों का होगा त्वरित निस्तारण**

बोर्ड अधिकारियों के अनुसार परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, लापरवाही या अनुचित गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और उड़नदस्तों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों और सचल दस्तों के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है।

हेल्पलाइन के माध्यम से परीक्षार्थी प्रश्नपत्र समय पर न मिलने, केंद्र पर अव्यवस्था, अनुचित साधनों से संबंधित शिकायत, केंद्र बदलने की समस्या या अन्य किसी भी तकनीकी अथवा प्रशासनिक दिक्कत की जानकारी सीधे बोर्ड तक पहुंचा सकते हैं। बोर्ड का दावा है कि शिकायत मिलने के तुरंत बाद संबंधित केंद्र व्यवस्थापक या जिला स्तरीय अधिकारियों से संपर्क कर समाधान कराया जाएगा।

बोर्ड प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षा की पवित्रता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो दोषियों के खिलाफ सख्त विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**नियमों के पालन और समय से केंद्र पहुंचने की अपील**

जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें और प्रवेश पत्र व वैध पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं। बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अधिकृत सूचना के लिए केवल बोर्ड और जिला प्रशासन के माध्यमों पर ही भरोसा करें। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जागेश शर्मा एडवोकेट का निधन, एडवोकेट के निधन पर सैकड़ों लोगों ने किया शोक व्यक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर के मोहल्ला चौक .गली निवासी जागेश शर्मा एडवोकेट का निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज नोएडा के अस्पताल में चल रहा था। जहां उन्होंने सोमवार सुबह 2:00 बजे अंतिम सांस ली।

उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । उनके अंतिम दर्शनों के लिए उनके आवास पर लोगों की भीड़ लग गई ।।उधर सोमवार को ही गमगीन माहौल में शिकारपुर के ही श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया । उनके पार्थिव शरीर को पुत्र सचिन शर्मा एडवोकेट ने मुखाग्नि दी ।

# बोलेरो व टेंपो की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल, हादसे के बाद बोलेरो चालक गाड़ी छोड़कर हुआ फरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** मेरठ बदायूं हाईवे स्थित क्षेत्र के साईं मन्दिर के पास बोलेरो और टेंपो की आमने सामने हुई भिड़ंत में टेंपो सवार एक की मौत हो गई। जबकि तीन गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बोलेरो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। टेम्पो सवारियों से भरकर बुलन्दशहर से शिकारपुर आ रहा था । जैसै टेंपो साई मंदिर के पास पहुंचा । डिबाई कि तरफ से आ रही बोलेरो ने टेंपो में टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौत तीन गम्भीर रूप से घायलों को शिकारपुर सरकारी अस्पताल से इलाज दे कर बुलन्दशहर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया। टेंपो में सवार होकर बुलन्दशहर से शिकारपुर आ रहे थे बुलन्दशहर से भगतसिंह यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तेवतिया, ने देखा



कि साईं मन्दिर के पास बुलोरो और टेंपो कि टक्कर हो गई है उन्होंने तुरन्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्दगीराम, को सूचना दी ।तत्काल प्रभाव से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्दगीराम, घटनास्थल पर पहुंचें ।

# 1 शातिर शराब तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 52 पेटी(2496 पव्वे) अवैध अंग्रेजी शराब (कीमत करीब डेढ लाख रुपये) 01 कैन्टर बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बीबी नगर (वसीम खॉन)।** थाना पुलिस चैकिंग के दौरान 1 शातिर शराब तस्कर खैरपुर नहर पुलिया के पास से 1 कैन्टर में लदी 52 पेटी(2496 पव्वे) अवैध अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्री दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 23 फरवरी को अंग्रेजी शराब व कैंटर के साथ किया गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम जयसिंह पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम पुरखास थाना गुन्नौर जनपद सोनीपत हरियाणा बताया अभियुक्त के पास से बरामद किया गया सामान 52 पेटी अवैध(2496 पव्वे) अंग्रेजी शराब (पंजाब मार्का) (Blue Stroke Exquisite Whisky) 01 कैन्टर नं0- ल्फ69ए-1625 गिरफ्तार अभियुक्त जयसिंह का आपराधिक इतिहास मुअसं- 386/23 धारा 3/25/28 आयुध अधि0 व 60 आबकारी अधि0 व 307 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बागपत मुअसं- 40/26 धारा 345(3), 318(4) बीएनएस व 60/63/72 आबकारी अधिनियम थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बीबीनगर पर मुअसं- 40/26 धारा 345(3), 318(4) बीएनएस व 60/63/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।

# आप सरकार मार्च में पेश करेगी लोक-हितैषी बजट : मुख्यमंत्री मान

**अहमदाबाद/चंडीगढ़** । पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने घोषणा की कि पंजाब सरकार मार्च में अपना पांचवां लोक-हितैषी बजट पेश करेगी, जो पहले की तरह समाज के हर वर्ग की भलाई पर केंद्रित होगा। पत्रकारों से बातचीत में भगवंत सिंह मान ने कहा कि सरकार ने लगातार लोक-हितैषी और नागरिक-केंद्रित फैसले लिए हैं, जिन्होंने राज्य की दिशा बदल दी है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब सरकार मार्च महीने में अपना पांचवां बजट पेश करेगी और हम सभी की भलाई के उद्देश्य से लोक-हितैषी बजट पेश करने की अपनी परंपरा को जारी रखेंगे। हमारा एकमात्र उद्देश्य आम आदमी की भलाई सुनिश्चित करना है और हम इसे हासिल करने के लिए कठोर प्रयास कर रहे हैं। आने वाला बजट फिर से पंजाब के लोगों को बहुत अधिक लाभ प्रदान करेगा। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि लगातार कई सालों से भाजपा के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट दिशाहीन और समाज के अमीर वर्गों की ओर झुकाव वाला रहा है। उन्होंने कहा, गुजरात में



जहां वास्तव में कोई विपक्षी दल नहीं है, आम आदमी की तकलीफें बढ़ी हैं और लोग दुख झेल रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा वहां दोस्ताना मैच खेल रहे हैं और आम आदमी की आवाज को दबा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने टिप्पणी की कि जब प्रधानमंत्री देश को विश्व गुरु बनाने की बात करते हैं तो उनके गृह राज्य के लोग मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, लोकतंत्र में विपक्षी दल की आवाज दबाने के लिए केंद्र सरकार ने डिजिटल जनता का संकल्प पेश किया है, जहां वोट डेटा शरारत से बनाया जाता है और हर राज्य में चुनाव जीतने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आज गुजरात के लोग 'आप को अपना मुक्तिदाता देख रहे हैं। 'आप के रूप में हर गुजराती परिवार की आंखों में उम्मीद है।

राज्यों के वित्तीय अधिकारों का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि केंद्र ने ग्रामीण विकास फंड में पंजाब के जायज हिस्से को अलोकतांत्रिक तरीके से रोका है, यही कुछ गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ हो रहा है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में सरकार लोगों की, लोगों के लिए और लोगों द्वारा होती है लेकिन आज विपक्षी दल की आवाज दबाने का रुझान बन गया है।

# एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा पुलिस-फोर्स के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में सघन चैकिंग व पैदल मार्च किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार आगामी त्यौहारो पर जनपद मे शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी सदर दिनेश चन्द व क्षेत्राधिकारी नगर प्रखर पाण्डेय द्वारा पुलिस फोर्स के साथ आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत भीड़भाड वाले स्थान पर सघन चैकिंग व पैदल मार्च किया गया तथा आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें।



# धूमधाम से मनाया गया साई धाम का एकादश वार्षिकोत्सव, साईं पालकी यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** सोमवार को मेरठ बदायूं स्टेट हाईवे स्थित श्री साईनाथ अशोक ट्रस्ट शिकारपुर व. साईं भक्त शिकारपुर के तत्वाधान में श्री साईं धाम का एकादश वां वार्षिकोत्सव

**हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण**

बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। साईं पालकी यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन गायन व सुंदर झांकियों का आयोजन किया गया। इस दौरान साईं बाबा की गूंज के साथ समूचा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया ।मंदिर परिसर का समूचा माहौल भक्तिमय हो गया । श्री साईं धाम मंदिर में सभी श्रद्धालुओं के गले में साईं राम का पट्टा डाला हुआ था। सोमवार को मेरठ बदायूं हाईवे स्थित श्री साईं धाम का एकादश वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को साईं बाबा का मंगल स्नान प्रातः 8:00 बजे हुआ। साई पालकी 11 परिक्रमा साईं धाम प्रांगण में ही संपन्न हुई। जिसमें नगर व. क्षेत्र के सभी धर्मों के सैकड़ों महिला पुरुषों ने भाग लिया। ।इस दौरान श्री साईं धाम परिसर के बाहर विशाल भंडारा हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा धार्मिक भजनों व सुंदर झांकियों का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मनमोहन गर्ग उद्योगपति अहमदाबाद,व श्री साईनाथ अशोक ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्यों सुनील जैन संदीप जैन संजय जैन संदीप बंसल, नमन जैन, विकास गर्ग सचिन गर्ग एवं साईं भक्त शिकारपुर आदि मौजूद रहे।



# 17 सभासदों ने नपा लिपिक को दो ज्ञापन सौपे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर** । सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में अधिशासी अधिकारी की अनुपस्थिति में 2 ज्ञापन लिपिक कासिम को दिए। जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष में हुए कार्यों का ब्यौरा और आगामी 26 फरवरी तारीख को होने वाली बोर्ड मीटिंग से पहले किस मद में पैसा आएगा और कहा खर्च होगा उसका ब्यौरा के लिए ज्ञापन 17 सभासदों के हस्ताक्षर युक्त दिया।



# रघुवर दयाल प्रभु दयाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय आयोजित "कला कुंज 2026" वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** रघुवर दयाल प्रभु दयाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय जहांगीराबाद में आयोजित "कला कुंज 2026" वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया , जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अनूपशहर संजय शर्मा,विशिष्ट अतिथि जहांगीराबाद नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णपाल लोधी,भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिलाअध्यक्ष श्रीमती शशि शर्मा, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा महामंत्री कल्पना वर्मा, प्रबंधक गिरीश गर्ग,निदेशक शरद अग्रवाल, संयोजक कुलदीप गर्ग, संतोष गर्ग, प्रदीप गर्ग, हर्ष अग्रवाल, रोरा की प्राचार्या डॉ संतोष बंसल, कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शीनू चौधरी, ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने मनमोहन परिस्थितियों के माध्यम से अतिथियों का मनमोह लिया। कहीं उन्होंने नौ देवियों के रूप को धारण किया तो कहीं बाल रूप श्री कृष्ण की लीलाएं भी दिखाई, कहीं सावित्री बाई फुले के जीवन को दशार्या तो कहीं शिव शंकर के डमरू से संपूर्ण वातावरण को गुंजायमान किया। कहीं मां सरस्वती के आशीर्वाद को आत्मसात किया तो कहीं ब्रज की होली के दर्शन कराए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ महाविद्यालय के स्वर्ण पदक विजेताओं पारुल शर्मा ,काजल रानी, सुंबुल खान, संजना वर्मा, छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, वही कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त , परी शर्मा,विमल इंदु, मनीष, आकाश, संध्या राघव आदि को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र से आए सभासद कैलाश सैनी, अजय कौशिक, अश्विनीगौड़ ,नीरज पाठक ,सूर्य प्रकाश बंसल ,आलोक गोयल, दीपक गुप्ता, हिमांशु वार्ष्णेय, गुरमीत सिंह, अमरीश वर्मा, प्रदीप गोयल, अशोक शर्मा, हरीश प्रकाश शर्मा ,अमित पहलवान ,शिवांगी शर्मा, आरटीपीटी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, सुंदर सिंह तोमर, इंटर कालेज प्रधानाचार्य विनय गिरी आदि गण मान्य जन भी उपस्थित रहे और सभी ने विद्यार्थियों की अत्यंत प्रशंसा भी की। मुख्य अतिथि अनूपशहर विधायक संजय शमार्जी ने संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की गतिविधियां क्षेत्र में सभी को प्रभावित कर रही है क्योंकि यहां के विद्यार्थी चाहे वे सांस्कृतिक गतिविधियां हो या अकादमिक गतिविधियों सभी में अपना विशेष स्थान रखते हैं और आगे भी इसी प्रकार अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते रहेंगे ऐसी मेरी कामना है।




वशिष्ट अतिथि शशि शर्मा, कृष्णपाल लोधी तथा कल्पना वर्मा ने भी महाविद्यालय की छात्रों को भरपूर आशीर्वाद दिया।अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शीनू चौधरी ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद स्थापित करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति महाविद्यालय के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करती है जिससे कि वह आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रभावित होते हैं।

# मां सरस्वती की मूर्ति व कु0 नेहा चौधरी की प्रतिमा का अनावरण विधायक अनिल शर्मा ने किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** कु. नेहा चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जगदीशपुर, औरंगाबाद, (रानीवाला चौराहा)में माँ सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व कु. नेहा की प्रतिमा का अनावरण विधायक अनिल शर्मा ने फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिकारपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक व पूर्व राज्यमंत्री अनिल शर्मा और विशिष्ट अथिति रविंद्र राजौरा (जिला सलाहकार, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, भारत सरकार ), मुख्य वक्ता शैलेन्द्र तोमर (वरिष्ठ भाजपा नेता ),रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सतेंद्र सिंह, अध्यक्ष ठाकुर रघुराज सिंह, संरक्षक डॉ. घूरे सिंह, प्रधानाचार्य अजय शर्मा, निदेशक तेजवीर शर्मा,व समस्त विद्यालय परिवार और समस्त क्षेत्र उपस्थित रहा। मंच संचालन चौधरी पुष्पेंद्र सिंह व विवेक भारद्वाज ने कुशलता पूर्वक किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने बताया की आज से हर वर्ष इसी दिन को विद्यालय का वार्षिक उत्सव के रूप मे मनाया जायेगा।



**बैठक** संगठन की सक्रियता एवं मजबूती हेतु सुशील कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बुलंदशहर के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों को जिला मंत्री बाबू सिंह लोहिया ने दिए निर्देश

# टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाह्न पर ब्लॉक इकाई लखावटी की समीक्षा बैठक आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर** । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बुलंदशहर, ब्लॉक इकाई लखावटी की कार्यसमिति और संघर्ष समिति की समीक्षा बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद (1-8) में की गई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बुलन्दशहर के जिला मंत्री श्री बाबू सिंह जी ने बैठक में ब्लॉक कार्यसमिति और संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्व से अवगत कराते हुए सोशल मीडिया पर उनकी सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में ब्लॉक का सदस्यता रजिस्टर और कार्यवाही रजि़स्टर का अवलोकन भी किया गया। विशेष रूप से सभी शिक्षकों को 22/2/2026 को एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर हैशटैग अभियान में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने के लिए सभी का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। और उपस्थित सभी पदाधिकरियों से आह्वान किया कि 23 फरवरी से 25 फरवरी तक समस्त शिक्षक हाथ में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर टेट की अनिवार्यता का विरोध प्रदर्शित करेंगे। साथ ही 26 फरवरी को 1:00 बजे से 4 बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय जनपद बुलंदशहर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित कर ज्ञापन जिलाधिकारी के द्वारा प्रधानमंत्री भारत सरकार को प्रेषित करेंगे। जिसमें सभी साथी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और अंतिम चरण में मार्च के तृतीय सप्ताह में दिल्ली रामलीला मैदान में एक महा रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी साथी सभी चरणों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। जिला प्रचार मंत्री विनी कुमार जी ने कहा कि सभी साथियों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षक हित में संकल्पित है। ब्लॉक मंत्री मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी शिक्षकों को एकजुट होकर संघ के साथ रहना है।श्री दिनेश चंद्र शर्मा जी संघर्ष समिति अध्यक्ष द्वारा सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि ब्लॉक लखावटी प्रांतीय एवं जिला कार्यसमिति से प्राप्त निर्देशो का शत-प्रतिशत पालन किया जाएगा। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता श्री जितेंद्र सिंह जी, द्वारा की गई। बैठक का संचालन श्री कपिल देव द्वारा किया गया।




# नगर में स्वच्छता के लिए जागरुक किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** नगर में वार्ड नंबर 17 मोहल्ला पाठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागृत किया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मणि जी सैनी और सफाई निरीक्षक निरंतर लोगों को इसके लिए जागरुक कर रहे हैं ।अगर आप अपने आसपास सफाई रखेंगे तो बीमारी कम फलेगी और नगर और आपका वार्ड भी सुंदर दिखेगा। नगर पालिका कर्मी आसिया खान और नजमा खान ने वार्ड के लोगों को दो डस्टबिन एक गीला कूड़ा और एक सूखा कूड़ा रखने के लिए समझाया । इस अवसर पर अनिल बंसल प्रवीण भारद्वाज अंकुर गोयल नकुल गोयल शिवकुमार आदि मैं अपना सहयोग दिया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267